चालीस साल बाद

यशवन्तसिंह नाहर

देवनागर प्रकाशन, चौडा रास्ता, जयपुर

प्रकाशक :
देवनागर प्रकाशन
चौड़ा रास्ता,
जयपुर

प्रथम संस्करण :
1986

मूल्य 40/

मुद्रक
एलोरा प्रिन्टस,
जयपुर-302003

I बी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

स्व० पिताजी श्री मोतीलालजी नाहर

को सम्पर्ण

जो पक पकज की तरह रहे ।

—यशवन्तसिंह

इन्द्र सिंह विधान सभा के चुनाव मे जीत गया वह लोकतांत्रिक मोर्चा का उम्मीदवार था चुनाव सभा तिलक चौक म हुई विजय के उपलक्ष मे जुलूस निकला और वह सभा मे बदल गया इन्द्र सिंह के पुत्र महेन्द्र सिंह सज्जन प्रसाद, मोहन लाल ने विजय की खुशी जाहिर की–इन्द्र सिंह की जीत को अभूतपूर्व बताई। सारारा क्षेत्र स अब तक जितने चुनाव हुए उसमे इन्द्र सिंह को सबसे अधिक मत मिले थे और अब तक के चुनाव नतीजो से यह स्पष्ट था कि लोकतांत्रिक मोर्चा–बहुमत मे आ गया और अब भी 50 स्थानो के नतीजे निकलना बाकी है।

महेन्द्र सिंह ने कहा–बन्धुओ ! आपका प्रतिनिधि बडा योग्य, ईमानदार और जनता के हितों का रक्षक है मैं विश्वास करता हू कि आपको मन्त्री मण्डल मे उच्च स्थान प्राप्त होगा और यह हमारे क्षेत्र का गौरव होगा, सम्मान होगा, जय बोलो–लोकतांत्रिक मोर्चे की जय।

और श्रोतागण ने दोहराया–लोमो की जय, लोमो लोकतांत्रिक मोर्चे का प्यारा नाम है।

मेघ मण्डित आकाश के नीचे मौसम सुहावना था आनन्द की लहरिया चल रही थी, खेतों में हरियाली लहरा रही थी।

महेन्द्र सिंह न हाथ हिलाकर सब का अभिवादन किया और मुस्कराते हुए कहा—बन्धुओं अब मैं आपके नेता प्रिय नेता और जनजन के हित चिन्तक श्री इन्द्र सिंह जी से निवेदन करूगा कि वे आपको दो शब्द कह।

इन्द्र सिंह उठा, और हाथ जोड कर गले मे पडी मालाओ को उतारा और बोला––आपका प्यार और सम्मान पाकर मै आज अत्यन्त गर्व अनुभव कर रहा हू। विधान सभा क्षेत्र के 3/4 मतदाताओ न मुझ जसे नाचीज पर विश्वास व्यक्त किया है और एक चौथाई मे बाकी 20 उम्मीदवार है म प्रसन्न हू लेकिन आपने जो प्यार दिया, जो विश्वास

व्यक्त किया उसे मैं निभा सकूं और जन कल्याण मे अपना सब कुछ समर्पण कर सकूं। मुझे अपनी जिम्मेदारियों का ज्ञान है। अपने प्रदेश की 65 प्रतिशत जनता गरीबी की रेखा से नीचे जीवन जी रही है और मेरे अपने क्षेत्र मे वह सख्या 75 प्रतिशत तक बढ गई है मेरी यह जीत उन गरीब लोगो की जीत है वे मुझ से आशा लगाये बैठे हैं कि मैं उनका हित कर सकूं। भूखे को अन्न नंगे को कपडा और सडक पर जीने वाले को मकान दे सकूं। मैं स्वीकार करता हू कि अब तक जिस दल का राज्य था उसने योजनाओं के द्वारा गरीबी उन्मूलन का महत्वपूर्ण कार्य किया। अनेको कानून ऐसे बनाये जिनसे उनका भला हो लेकिन ज्यो-ज्यो दवा की मर्ज बढता गया, निरक्षरो की सख्या कम नही हुई गरीब गरीब तर होते गए।

और इन्द्र सिंह गरजा, यह सब उन धोखे-बाज नेताओ के भ्रष्टाचार के कारण हुआ जिन्होंने राजकीय सहायता आप तक नहीं पहुंचा कर स्वयं हडप गए, इस चुनाव के पूर्व पाच आम चुनाव हो चुके और पाच बार जो आपका प्रतिनिधि चुन आया वह 5 वर्ष मे अमीर हो गया पक्का आलीशान मकान और आधुनिक सब सुविधाएं, खेत कुएं, कारखानो के वे स्वामी हैं और अगर मैं यह कहू कि वे सब भ्रष्टाचार से करोडपति बने हैं तो मैं कोई ज्यादती नही कर रहा हू—बन्धुओं मैं आज हृदय से विचलित हू। आपके प्यार के झरोखे में खडा होकर आपका सम्मान पाया है और आपने मुझे जिताया इस जिम्मेदारी को मैं नही भूल सकता।

आज मैं आपके सामने कुछ घोषणायें करूंगा और आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आप आगामी पाच वर्ष मे मुझे मार्ग दर्शन दें, आपकी राय से यदि मैं इन घोषणाओ के अनुरूप काम नही कर सकूं तो मैं आपके सामने स्वयं पद त्याग कर लौट आवूंगा। यह जीत गरीबो की, निःसहायता की जीत है उनकी आहो का करिश्मा है। उन्होंने मुझ में विश्वास व्यक्त किया है कि मैं उनके जीवन मे सुधार लाऊं इसलिए मुझे इस जीत ने यह अहसास कराया है कि यह जीत कांटो का ताज

अरमान के बला मग 1984
पता मो 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

मेरे सिर पर रखा गया है और जब तक मैं अपनी घोषणायें पूरी नही कर द तब तक ये काटे मुझे अपनी घोषणाओं की चुभन के द्वारा याद दिलाते रहेंगे

मैं अब उन घोषणाओं का विवरण दू उससे पूर्व एक बार और आपसे कहूगा कि मैं अगर आपके दुख दर्द नही मिटा सका तो मैं स्वयं अस्तीफा देकर आपके बीच मे आ बैठ गा।

तालियो की गड़गड़ाहट से वायु मण्डल गूज उठा। महेन्द्र सिंह उठ खड़ा हुआ, प्यारे दोस्तो—अब आप हमारे नेता की घोषणा सुन लीजिए—और इन पाच वर्षों मे जहा भी हमारा प्रतिनिधि दिशा भ्रम करदे टाग खींच कर नीचे उतार दें—

(1) सार्वजनिक जीवन मे व्याप्त भ्रष्टाचार की समाप्ति के प्रयास।

(2) मैं ऐसा कोई काम नही करूगा जिसमे भ्रष्टाचार की बू आए।

(3) पाच वर्षों मे हर गाव मे 50 कुटुम्बों को गरीबी के स्तर से ऊपर उठाना, उनको छत, कपड़ा रोटी की स्थायी व्यवस्था करना।

(4) हर गाव मे पीने के पानी की सुविधा और सिंचाई के साधन जुटाना व यथा सम्भव सड़कों का निर्माण।

(5) मेरे क्षेत्र मे निरक्षरता का उन्मूलन 50 प्रतिशत, अब तक के आकड़ो के अनुसार यह 30 फीसदी है।

(6) और बन्धुओ मैं आज अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा सरपंच महोदय को दे रहा हू, पाच वर्ष मे अगर यह सम्पदा बढ़े तो आप मुझ से छीन लें।

(7) सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ करना।

(8) स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना—सरकारी दवाखाना आयुर्वेद और होमियोपैथी के केन्द्रों की स्थापना करना।

(9) सामाजिक कुरीतियो का उन्मूलन—जो हमारी आर्थिक स्थिति मे घुन लगा रही है।

(10) ऐसे समाज का निर्माण करना जहा ऊ च-नीच का भेद न हो।

बन्धुओ ये मात्र घोषणा नही रहेगी मैं इनके अनुकूल काय करने का भरसक प्रयास करूगा। आप मेरा माग दशन करें और मुझे शक्ति दें कि मैं आपकी सेवा म अपने प्राण तक न्योछावर कर सकू ।

इन्द्र सिंह के हाथ जुड गए, उसकी आखो मे आसू उमड आए, ये आसू हष के, अतिरिक्त वे आसू थे।

श्रोताओ मे अनको की आखें गीली हो गई, ज्यों ही इन्द्र सिंह न भाषण समाप्त किया तालियो की गडगडाहट से आकाश गू ज उठा, लोगो की जय, हमारे नता इन्द्र सिंह की जय।

लोग उठकर अपने अपने घर जा रहे थे, बैठक के कोने पर बैठा रघु चमार उठ नही पाया, रोशन लाल उसके पास मे निकला, भाई मीटिंग खत्म हो गई सब घर जाओ रात के 11 बज रहे हैं। मीटिंग की बिजली गुल हो गयी थी दूर पर खम्भे पर एक बल्ब जल रहा था और अन्धेरे मे जुगनु चमक रहे थे।

रघु चौंका, मुह उचा किया, कौन पण्डित साहब, बोले तो खूब लेकिन बस दूसरे ही दिन भूल जाते हैं कि उन्होंने कोई वादा किया था हा पण्डित साहब ठाकुर साहब की जायदाद का ब्यौरा तो आपने देखा है न, इन दस बातो मे एक बात भी पूरी पटक दी तो और वह ठडी सास लेकर लकडी के बूते पर उठा जय रामजी पण्डित साहब, हजारो वष बीत गए भगवान राम कृष्ण आए और चले गए गरीब गरीब रहा देखें ठाकुर साहब क्या करते हैं। पण्डित रोशन लाल हसा-करना धरना क्या ? आज उफान चढा है कल वह बैठ जायगा, और परसो वह कही नही रहगा, प्याला लुढक पडेगा और वह खाली हो जाएगा उफान किस म आए रघु काका। बस तुम याद करना हम तो मसान के मेहमान हैं लेकिन मेरे पोते की नौकरी लगवा देना 10 वी पास की 5 वष स बेकार बैठा है सब अपने अपने भाग रघु

निराशा स बोल रहा था। इ द्रसिंह घर पहुचा, उसने कपड़े बन्ले, श्रीमती मालती देवी को कहा कि वह भोजन नही करेगा दूध पीकर सोयेगा- गुलाल से सारा शरीर रग गया है—गम पानी मिल जाए तो नहा लू ।

मालती देवी ने दोनो हाथो से साडी का पल्ला पकडकर अपने पति के चरणो मे नमस्कार किया हुजूर, दर्वाजे हाथी हिनहिनाए गे जागीर गयी, कमेटी आई हुजूर आज का दिन भूखे सोने का नही है, कांसा तैयार है बस धनिश्वरी अभी 2 सोयी है वह आनन्द से फूले नही समा रही थी। इ द्रसिंह न विषय के उल्लास मे पत्नि को बाहुपाश म बाध लिया जसे यह उनकी सुहागरात हो।

गरम पानी आ गया स्नान घर मे रखकर नौकर चला गया इ द्रसिंह नहाया, और इस बीच मालती देवी ने बाजोट पर कांसा परोसा, और दाल के हलवे का कुवा इन्द्रसिंह के मुंह में दिया।

इन्द्रसिंह न भी वापिस रानी जी को कुआ दिया।

मालती देवी कह रही थी दाता, राजमाता फरमा रही थी कि बड़े हुजूर के समय जब जग जीत कर पधारना हुआ तो सारा गाव उमड पड़ा था और आज भी सब लोग दाता की खुशी म खुशी मना रह थे, रामू ढोली तो दोह देता हुआ अभी अभी गया है बैठक मे गया सुबह आयेगा उसकी घर वाली का, मगलिक गाने के लिए छोड गया है।

इन्द्रसिंह न म लती के प्रसन्न मुख म झांका वहा आनन्द का साम्राज्य था, उतना ही विराट जितना उनके मन मे था

दूसरे दिन राजधानी स तार आया कि वह शीघ्र पहुंच चूंकि लोगो का स्पष्ट बहुमत था इसलिए म त्रीमण्डल के निर्माण करने क लिए तार आया था, तार में प्रान्तीय मोर्चे क सचिव न लिखा था।

म त्रीमण्डल का निर्माण शीघ्र आए, और गाव मे चर्चा फल गई कि श्री इ द्रसिंह भी मन्त्रीमण्डल म लिया जा रहा है।

तार मिलते ही इन्द्रसिंह ने राजधानी जान की तैयारी करली, और राजमाता के पास गया, चरणो मे सिर देकर प्रणाम किया मातेश्वरी, यह आपका आशीर्वाद था जिसन मुझे जिताया राजमाता

ने दोनों हाथों मे इन्द्रसिंह के चहरे को लेकर उसमे देखा राजमाता की आखें छलक आई ।

केरा पीढियां बीत गई तब यह जागीर मुडकटी म मिली थी-बस इस घराने ने कभी जनता को नही सताया गया न कभी भ्रष्टाचार ही पनपने दिया बडे हुजुर न तो भ्रहलान करा दिया था कि कोई किसी राजकमचारी को अपना काम कराने क लिए पसा न द बस हमारे बाप दादो की लाज रह और हम उन लोगो का काम कर सकें जिन्होंने आप को वोट दिया अपनी सेवा निष्काम हो यही मैं चाहती हू।

इन्द्रसिंह गद्‌गद हो गया उसने विनम्र स्वर म कहा आज वडे हुजुर होते ! जागीर चली गयी लकिन जनता न वापिस राज थमा दिया। मुझे याद है वडे हुजुर किसी का मन नही दुखात थ रघु चमार भीमा भील बखता बलाई और कितने हैं जिनम ठिकाने क रुपय बाकी हैं, उनको बिना लिए फारखती लिखनी । रामराज्य कही था तो यहा था खैर अब जागीर गयी जागीर क हुर गए म आपकी आज्ञा पालन करता रहूगा उसम कभी कोई कमी नही आन दूगा । मैने कल ही जनता को बता दिया अब आशीर्वाद दीजिए कि मैं जनहित म अपने आपको लगा सकू ।

माता का आशीर्वाद लेकर वह अपनी पत्नि के पास गया बस बुलावा आ गया है शायद मन्त्रीपद भी मिले हमारे मोर्चे का स्पष्ट बहुमत हो गया है मैं जल्दी सूचना दूगा ।

इतने मे उनका छोटा भाई भानुसिंह आया-दाता नीचे सैंकडा लोग आ गए हैं वे इन्तजार कर रहे हैं, पहले उनमे मिल लीजिए प्रारम्भ म ही आप मिलने म देरी करें तो लोगो की धारणाए अच्छी नही रहेंगी और भीमपुरा के ठाकुरसाहब बीजापुर क आवन महाराज भी पधारे हैं मैं इनको दीवान खास म ठहरा आया हू, आप झरोखे नही नीचे पधारें मैं मेहमान खाने म जाता हू और इन्द्रसिंह सीढिया उतर कर नीचे चला गया । गांव के महाजन ब्राह्मण राजपूत दरोगा भाट चमार सब जाति के लोग प्रतीक्षा म खडे थ रामू नाई ने मोहरा बोला

प्रस्थान (क । मयह 1984)
ना मी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

भ्रौर कहा हुजूर करोड दीवानी राज करे राजा राज करेगा, जनता का बनकर हुजूर सब लिहाज से योग्य हैं।

सब लोग इक्टठे हो खडे हो गय।

महेन्द्र सिह न कहा—हमारा प्रतिनिध मन्त्री बनकर लौटेगा, सबन घोष किया लोमो की जय हो हमारे नेता अमर हो।

इन्द्र सिंह ने हाथ जोड कर कहा—आपके प्यार ने मुझे जिताया आपका प्यार ही मुझे आगे बढायेगा लकिन मेरे लिए सबसे बडा काम होगा मर क्षेत्र मे व्याप्त गरीबी निरक्षरता रोग व्याधि मुझे बल दीजिए कि म आपका चुना हुआ प्रतिनिधि हू तो मैं उस गरीबी का शिकार हू जो यहा है। मैं उन सब रोगो से स्वय बीमार हू जहा मेरी ही काया बीमार है, म इन सब व्याधियो से ग्रस्त हू जिनमे हमारे मतदाता सलग्न हैं, मुझे मन्त्री पद मिले न मिले यह गौण है बस मैं नि स्वाथ भाव से अपने मतदाता की सेवा कर सकू, यही मेरी कामना है।

रघु चमार लकडी के सहारे खडा था उसन लकडी हाथ मे रखे ही कहा—हुजूर मेरा लडका दसवी कर चुका है हुजूर की कृपा होगी तो—

इन्द्र सिंह—रघु भाई तुम्हारे लडके की नौकरी लगाना मेरा काम है और भगवान स प्रार्थना करता हू कि तुम्हारा लडका ही नही कोई पढा लिखा लडका बेकार न रहे यह मेरा प्रयास रहेगा, म कितनी सेवा कर सकता हू यह आपके आशीर्वाद पर निभर करता है, क्योकि जीता मैं नही आप जीते हैं, कल कोई पद मिला तो वह पद आपका होगा और मै तो भगवान राम की पादुकाओ को सिंहासन पर रख कर भरत की तरह रहना चाहता हू ये पादुकायें मेरे मतदाता की होगी मतदाता की बात मानकर चलना मेरा काम है सावजनिक काम को लेकर मैं आपकी सेवा म उपस्थित रहूगा।

पण्डित रोशन लाल न कहा—हुजूर हमारे पहले नुमाइन्दे है जिन्होन त्याग और निराभिमान की बात कही है राजधानी से मन्त्री परिषद् म लेने के लिए आपके पास तार आया है।

इन्द्र सिंह ने सहज बनते हुए कहा--नहीं यह सच नही है हमारे मोर्चे के सचिव ने तार भेजा है कि म जाऊ और मन्त्री परिषद् बनाने मे उचित सलाह दू मेरा मन्त्री बनना न बनना गौण है पण्डित साहब यह क्या कम है कि मैं इतने अधिक मतो से विजयी हुआ हू।

सेठ हरिराम का लडका मदन लाल आगे आया, लीजिए माला पहनिये, आज से ही आप हमारे मन्त्री हो गए।

उपस्थित जनता न जय जय कार के नारे लगाए।

इन्द्र सिंह वापस सीढियां चढ कर दीवान खास मे आए जहा आयस जो एव ठाकुर साहब उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे।

ठाकुर साहब ने आगे बढकर इन्द्र सिंह को गल लगाया, आयस जी खडे हो गए--जिनको इन्द्र सिंह ने दोनो हाथ जोड कर प्रणाम किया--आयस जी से आशीर्वाद मागा गया, और आयस जी न अपने गुरू को प्रणाम कर कहा--मोतियो क आखे चढे यही मेरा शुभ काम नाथ है प्रभु आपको इज्जत दे आयस जी ने विदा ली।

बीजेपुर के ठाकुर न मुस्करा कर कहा-- -

आप मुख्य मन्त्री बनकर लौटें ताकत हाथ मे है क्षत्र की सेवा मन्त्री बनकर कर सकते है मात्र विधायक रहकर नहीं।

आप चाहें तो मैं भी चमू मोर्चे के विधायकों स मेरा अच्छा परिचय है और अगर आप मुख्य मन्त्री नही बने तो जो भी मुख्य मन्त्री बनेगा हमारा व्यक्ति होगा।

इन्द्र सिंह ने हाथ जोड कर कहा--हुजूर पधारें।

और ठाकुर साहब बीजेपुर ने कहा--तो मैं चलता हू मैं सीधा राजधानी पहुच जाऊ गा।

इन्द्र सिंह ने ठाकुर साहब स क्षमा मागी कि उन्हे इन्तजार करना पडगा न केन्द्र के मन्त्रीगण स तो आपका परिचय है।

ठाकुर साहब ने कहा--है, खूब है बस आप पधारें मैं भी आता हू मन चाहा कर सकें ऐसी आशा है।

इन्द्र सिंह गद्गद था ठाकुर साहब नीचे गये इन्द्र सिंह भी

प्रस्थान (कविता ग्रह 1984)
बी 50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर--470003

उनके साथ साथ नीचे गया ठाकुर साहब बीजेपुर को कार मे बिठाकर वे लोटे एक बार मा के चरणों म फिर प्रणाम किया फिर रानी जी के पास गये और उनको बाहो मे भर कर उनके ललाट का चुम्मन लिया राणी जी ने उनके चरणो मे झुककर प्रणाम किया।

और वे रवाना हुए, जनता जुलूस मे बदल गयी, और गाव के किनारे तक उन्हे छोडने गए, गदगद इन्द्र सिंह जी के मन मे वह प्यार हिलोरे ले रहा था। मतदाता चाह रहा था कि उनका प्रतिनिधि मन्त्री बने और अपने क्षेत्र की अधिक से अधिक सेवा कर सके।

उमडे गाव को गाव के छोर से विदा दी, लगभग 2–3 हजार पुरुष और स्त्रिया थी स्त्रिया विदाई के गीत गा रही थी।

राम ढाली ने दोहा किया हमारे हुजूर राज के दीवान बनेंगे— और इन्द्र सिंह इतने बडे प्यार और सम्मान से सम्मोहित थे कि उनकी आखें उमड पडी थी।

बस वे कार म बैठ कर जा रहे थे उन्होने अपने पिता का राज्य देखा है, नरम मधुर और जब उनके पिता स्वय निर्णय करने बैठन उस वक्त गाव क 5 व्यक्तियो को बुलाकर उनकी राय मांगते और उस राय के अनुसार अपना निर्णय देत।

उनके ठिकाने मे अकाल का काम चला जिसे वे स्वय देखभाल करते थे अनाज का सही वितरण कराया अपने ठिकाने म स्कूल खोले और अस्पताल की स्थापना की।

इन्द्र सिंह जी कार मे बठे थे उनके विचार चल रह थे क्या वे पूरे निस्वार्थ से जनता की सेवा मे नही लग सकते, क्या अपने बाप के बडप्पन को नहीं निभा सकत ठाकुर साहब बीजपुर उनको म त्री बनाने म मदद देंगे, तब ठाकुर साहब की उचित अनुचित बातें भी मानना पडेगा—भूमि सुधार का काम पूरा करना है, क्या ठाकुर साहब जैसे अनेक जागीरदारों के हित म वे गरीबों को भूल जायेंगे ? ठाकुर साहब बीजेपुर का ठीकाना सदव डाकुओं का सरक्षण रहा है, यही नही इस पीढी के कई लोग स्वय डाकू रहे हैं आजादी के बाद वे सदैव सत्ताधारी

पार्टी के मनमाने काम कराते रहे है और यही नही स्वय काम कराने की एवज मे रिश्वत खाते रहे हैं, उन्होने गलती की कि उसे राजधानी बुलाया।

लेकिन-- क्या भावुकता मे ही उन्होंने 10 सूत्र रख थे क्या वे उनका अनुपालन नही कर सकेंगे क्या वे मात्र घोषणाएँ रह जायेंगी क्या भ्रष्टाचार म स्वय लिप्त नही हो जायेंगे ?

वे मुस्कराए---त्यागी साधुओ की कमी नही ढोगी राजनेताओ का बाजार गरम है। कल सोमपुर के ठाकुर आए थ, उन्होने एक ही बात कही--बस अपना घर खाली मत रखना, 5 वर्ष बाद चुनाव आते हैं चुनाव लडने के लिए पसे चाहिए अमीर उद्योग चलायेगा---मुनाफा कमायेगा उसमे से वह देता है तो क्या पाप है। आप राजनीति म घुस पड तो कार्यकर्ताओ का पेट भरना होगा।

और इन्द्र सिंह उस वक्त भी चौंका था और अभी भी चौंक पडा जसे नींद से उचट गया हो सीधा बैठा ड्राइवर से कहा---जरा तेज चलाओ सन्ध्या होने से पूर्व हम पहुंच जायें।

ड्राइवर न गदन हिलाई, और चाल तेज कर दी।

हवा के झोंको से इन्द्र सिंह के बाल लहरा रहे थे, कभी पीछे कभी आगे पडते। आस पास के खेतो म फसल खडी थी, पीले श्वेत और श्वेत फूल खिल रहे थ। गाडी गाव क बीच से गुजर रही थी। कई निम्न वर्ग व्यक्ति उठ खडे हुय और झुक कर इन्द्र सिंह को प्रणाम किया--- उनके शरीर पर अगरखी फट रही थी धोती घुटनो तक बांध रखी थी और पीछे उसका टाढा हो गया था।

इन्द्र सिंह ने कहा---ठहरो।

वह रुक गया---आस पास के लोग उमड आए और गाडी से दूर खडे हो गये।

इन्द्र सिंह गाडी से नीचे उतरा, 50 घरो का गाव---सब कच्चे कवेलू छाये घर बस एकाध के पौर थी और पक्के रहने के मकान थे बनाया सब एक घर की बस्ती थी।

प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
1 सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर---470003

ओर स्वागतकर्ता मन्त्री न गत 5 वर्षों म इन्द्र सिंह को खूब सहायता दी थी, उसक भूमि सीमा के मुकद्दमा को निपटाया था तथा उनके कहने से 4–5 व्यक्तियो को नौकरिया दिलाई थी।

इन्द्र सिंह को इस वक्त मुख्य मन्त्री के यहा जाना अच्छा नहीं लगा लोकतान्त्रिक मोर्चे के लोग यहा कहीं दिखाई नहीं दि। क्या पहले ही कदम म उनके पैर लडखडाऐंगे।

उसन हाथ जोडे लेकिन मन्त्री महेश्वर प्रसाद न कहा–य आपके मोर्चे का विधायक है आपको मुख्य मन्त्री जी से मिलाने में अब तक आपका ही इन्तजार कर रहा था।

मन न होते हुए भी वह मन्त्री महोदय के साथ मुख्य मन्त्री निवास पर गया जहा मुख्य मन्त्री महोदय मोर्चे में खडे प्रतीक्षा कर रहे थे, उन्होंने एक के बाद एक को गल लगाया और फिर बैठक में ले गये– भोजन तयार है बात करेंगे।

इन्द्र सिंह ने कहा–हा थोडा पानी मुह पर लगा दू और उन सबने मुह धोया फिर भोजन कक्ष म पहुचे 10 बज रहे थे।

इन्द्र सिंह के मुख्य बगने म और बकाया पाच की स्वागत कक्ष म ही ठहरने की व्यवस्था थी।

भोजन कर मुख्य मन्त्री इन्द्र सिंह जी को अपने निजी कक्ष म ले गये।

आपको दलगत सख्या का पता होगा। इन्द्र सिंह न कहा—हा हमारे मोर्चे के 128 हैं और आपक 100, बकाया निदलीय एव अन्य दल के हैं।

मुख्य मन्त्री हसा–उसकी हसी मे एक आकर्षण था परन्तु यह सख्या तो बदल गइ आपके दल के 100 रह गये 28 व्यक्ति मेरे दल मे आ गये और उसम से 20 व्यक्तियों न आज घोषणा करदी बकाया 27 व्यक्तिया न भी जनतान्त्रिक दल की घोषणा करदी कि उनका समथन मुझे मिलेगा और वे ज द के सदस्य माने जाए, मैंने तय किया कि आप उप मुख्य मन्त्री बनेंगे और जो विषय आप लेना चाह वे सब आप ल सकेंगे।

प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
१ मी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

इन्द्र सिंह के गले म अवरोध लगा उसकी जबान रुक गई, वह जैसे शून्य मे झूल रहा है किसी अदृश्य रस्सी को दोनों हाथो से पकड कर लटक रहा है, सारा व्योम श्याम हो गया है, एक भी नक्षत्र नजर नही आ रहा है, नीचे सूनी उजडी बस्ती नजर आ रही है जहा एक भी मानव या पशु नही दिखाई दे रह हैं।

मुख्य मन्त्री कहे जा रहे थे, भाई साहब, मैंने चुनाव म ही तय कर लिया था कि आप हमारे दल म शरीक हो जायेंगे, मुझे विश्वास था कि हमारा दल बहुमत म आयगा, नही आया लेकिन हमारा 5 वष का शासन जनता को मन्त्रमुग्ध कर गया कि लोक कल्याणकारी काय में हमारा दल पीछे नही रहेगा।

इन्द्र सिंह भकड गया हो, बस एक ही शब्द बोल पाया, मैं अपने मोर्चे के लोगो से मिल लू।

मुख्य मन्त्री बोला—कल नए नेता का चुनाव होगा अभी विधान सभा सचिवालय और राज्यपाल महोदय को हमारे बहुमत का पत्र भेजा जायेगा।

इन्द्र सिंह के जसे होश खो गय, मैं बाद म आजाऊ तो।

मुख्य मन्त्री ने कहा—नही, आप पर तो मेरा अधिकार है बताइये चुनाव मे चयन हुआ तब भी मैंने आपको अपने दल का उम्मीदवार बनाना चाहा था और घोषणा भी करदी लेकिन आपने ही लोमो की सन्स्यता स्वीकार की है। कल नेता म चुना जाऊगा। इस वक्त आप सहित हमारे दल की सख्या 155 है। आपके मोर्चे के अधिकाश सदस्य हमारे साथ हैं। ठाकुर साहब बार बार अवसर नही आते यो आप घर के सम्पन्न हैं, लेकिन चुनाव म जो खर्चा हुआ वह क्या 5 वष की वेतन से भुगतान हो सकता है आपके मोर्चे न मुझे नही मालूम क्या दिया।

इन्द्र सिंह ने कहा—चुनाव बडा खर्चीला हो गया। सही यह है कि गरीब चुनाव नही लड सकते। मुझे मोर्चे से भी कुछ नही मिला कौन देता यहो नही मेरे अतिरिक्त एक विधायक का व्यय भी मैंने किया है।

वही तो मै कह रहा हू—जनता के कल्याण क लिए चुनाव लडे

ग्रौर गाठ का गोपा च न लगाय, यह कम होगा, मुझे मालूम है ग्रापके यहा धन की कमी नही है लेकिन लुटाने के लिए तो नही है म समझता हू ग्रापका एक लाख स कम व्यय नही हुग्रा होगा।

इन्द्र सिंह हसा–सर 1 लाख से क्या होता है यह तो हमारे ठिकाने का प्रताप है कि लोगो ने बहुत बडा बहुमत दिया कुल पडे मतो मे 77 प्रतिशत मुझे मिले हैं।

वह तो मैं जानता हू–बिना पसा खच किए एक पग भी नहीं धर सकते कायकर्ता को पसे चाहियें, साधारण मतदाता भी ग्रब लोभी होता जा रहा है मुझे पूरे 2 लाख रुपये खच हुए है।

इन्द्र सिंह–हा ग्राप सही फरमा रहे हैं मेरे मुकाबले ज दल का उम्मीदवार लडा बुरी तरह हारा उसके भी एक लाख से ग्रधिक खच हो गया।

मुख्य म त्री ने मुस्करा कर कहा–तो ग्रापके तो 2 लाख से कम खर्चा नहीं हो सकता–देखिये ठाकुर साहब ये बडे बडे सेठ ब्लक कर रहे हैं जिसे लाख कानून पास करो ग्राप उसके पलाव को रोक नही सकते, शायद यह ऐसी बीमारी राष्ट्र को लगी कि जो बइलाज है तब हम सब ने मान लिया कि इस काले धन को चुनाव मे खच कर ग्रच्छी शासन व्यवस्था लाई जाए राज नेता भले ही चिल्लाए लेकिन काले धन से ग्राप गरीब की हानि नहीं करते उसका गला नही काटते, उसकी रोटी नही छीनते। ग्रमीर 1 करोड का काला धन इकटठा करता है उसमे मे 10 लाख देता है हम राजनेता को ग्रौर ठाकुर साहब मने ग्रब तक चुनाव के ग्रतिरिक्त इस रकम का कही उपयोग नही किया घर म कह रखा है कि इस पसे से ग्रन्न का एक दाना भी नही मगवायें ग्रन्यथा शरीर म फफोले उठेंगे ग्रौर चुनाव के लिए तो पैसा चाहिय वह कसे ग्राए–

इन्द्र सिंह के पास इस तक को काटने का कोई ग्रस्त्र नहीं था वह मौन मौन खडा सुन रहा था।

तो फिर सुबह बात करेंगे ग्राप भी पोढिय म तो गत एक माह से नहीं सो पाया हू ग्राज पहली रात है जब सो सकू गा।

ग्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
1 सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

साहब न तो आपके भविष्य की बागडोर मुझे सौंपी थी, सच म अपने मोर्चे से आपको कभी नहीं छोडता, लेकिन जो हो गया सो हो गया और सच बात यह है कि दोनो राजनैतिक दलों की विचारधारा मार्ग निर्देश और ध्येय मे क्या अन्तर है ? हमें जनहित म लगना है, लोगों की समस्या हल करना है हर गाव म सिंचाई-सडक पहुंचाना है और ग्राम जन की आर्थिक उन्नति करना है ये रुपए अन्दर रखिए आखिर आपके ऊपर मेरा भी कोई उत्तरदायित्व है ।

इन्द्र सिंह-आपके थूके को चाटने का साहस मुझ म नहीं है राजमाता ने भी यही कहा था कि मैं पहले सीधा आपके दर्शन करू बस मेरी ही झिझक थी सयोग ही ऐसा मिला कि हमारे दल का कोई व्यक्ति नहीं मिला अब म आपके साथ हू ।

मानव कुमार-तो विश्वास कीजिये मैं कभी आपका अहित नहीं करूंगा । सत्ता की राजनीति म सत्ता है उसको वरण करना पहला काम है, और आप जसे निष्ठावान सम्पन्न व्यक्ति के लिये अधिक सेवा के अवसर हैं कोई भूखा नगा होता तो सेवा करने म भी वह यही करता कि पहले अपना पेट भरता-दलबदल के लिये कोई नियम नहीं है न कोई कानून, लोकसभा या अन्य कोई राज्य इस पर कानून नहीं बना सके । जम्मू कश्मीर राज्य ने अलबत्ता कानून बनाया है लेकिन मैं सोचता हू वहां की स्थितियों से वह सत्तादल के लिये हितकारी है । लेकिन कभी कानून को चुनौती दी गई तो वह अवध हो जायेगा, सच ठाकुर साहब क्या ऐसा प्रतिबन्ध लगाकर आपकी आजादी पर अतिक्रमण नहीं है । सदन म बठे हो आपका दल एक कानून बनाता है, आप उसे आवश्यक नहीं मानते, यही क्यों आप यह मानते हैं कि यह कानून सावजनिक हित पर कुठाराघात होगा लेकिन आपको विधान सभा म बठकर अपने दल के साथ मन के विरुद्ध मतदान करना पडेगा क्या आपके लिए कह देना बुरा है ? लेकिन पालन करने का प्रश्न आयगा तब दुरूह होगा । तो मैं चलू मैंने राज्यपाल को सदेश भेज दिया है कि मेरे पास 147 सदस्य है स्पष्ट बहुमत-मैं आज्ञा से मिल लू ।

मानव कुमार चले गए, इन्द्रसिंह अपने कक्ष म अकेले रह गये इस सूनी

प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
ना मो 50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

घोषणा, तिलक चौक के वातावरण म की गई प्रतिना-क्या म एक ही भटके मे उलट गया हू ? लेकिन दस सूत्री कायक्रम म तो एसा कोइ नही है जो दल बदल के कारण अनुपालन न हो सके, और ग्राम जनता स इस सब का क्या लेना देना व मुझे जानती हैं और जब म उनके विकास कार्यों म योग दूगा, सारे क्षेत्र का विकसित करन म अपना योगदान करूगा तो फिर क्या रह जायेगा यही सयोग ही तो है जो होना होता है वह होना है, और इस मे कोई अनुचित नही है इन्द्रसिंह हसा और चाय पीकर टटटी चला गया ।

जनतान्त्रिक दल क मानवकुमार को विधायको की परेड म बहुमत होन से म त्री मण्डल निर्माण करने क लिये राज्यपाल न बुला लिया, मतदाता क मत का मूल्य निवाचित प्रतिनिधियो ने बदल दिया ।

मानवकुमार क बगले क बाहर लोको दल के पक्षपाती लोगा न नारे लगाये पत्थर फेंके, गालियां दी, पुलिस ने लाठी चलाई, भगदड मची कुछ गिरे पडे कुछ के चोट आई ।

अखबारो म मानवकुमार की तस्वीरें छपी दोना तरफ स एक ओर मानवकुमार की योग्यता के गीत गाए गये, दूसरी तरफ उस पर दल बदलुओ को प्रोत्साहन देने के आक्षेप लादे गय-मतदाता हमना हुआ देखता रहा-

और म त्री मण्डल का निर्माण हुआ । मानव कुमार मुख्य म त्री और इन्द्र सिंह उप मुख्य मन्त्री बने इस तरह अन्य निदलीय एव दलो क प्रतिनिधियो को मिलाकर फिलहाल 10 सदस्यीय म त्री मण्डल बना ।

इन्द्र सिंह ने लौट आकर अपने क्षेत्र का दौरा किया, कुछ काय कर्ताओ ने उसका साथ दिया कुछ ने उसके विरोध म सभा की और इन्द्र सिंह को बिका हुआ बताया गया ।

इन्द्र सिंह के सम्मान मे नागरिक अभिनन्दन किया गया-इन्द्र सिंह ने कहा बन्धुओ मैने आप स 10 प्रतिनाए की हैं मैं सोचता हू उनकी पूर्ति क लिये जनतान्त्रिक दल का साथ लेना पडा ताकि म अपने क्षेत्र का विकास कर सकू, मेरा अपना कोई स्वाथ नही था ।

श्रोताओं में एक आदमी उठा—और मुख्य मन्त्री जी ने आप को 20 लाख रुपये दिये और आपको खरीदा गया।

इस पर महेन्द्रसिंह उठा उसके हाथ परों में तनाव था, जबान में लोफी—ठाकुर 20 लाख में अपनी इमानियत बेच दी मतदाताओं को धोखा दिया, तुम चोर लफंगे हो जब स्वयम ही बिक गए तो 10 सूत्री कार्यक्रम को क्या आगे बढाओगे इन्द्र सिंह मुर्दाबाद, लोकतांत्रिक मोर्चा जिन्दाबाद ज दल मुर्दाबाद। तुम चोर हो गुण्डे हो बदमाश हो, तुम्हारा कोई भरोसा नहीं करेगा एक दिन जनता के कठघरे में तुम्हें खड़ा किया जाएगा जहाँ तुम्हारा कोई बचाने वाला नहीं होगा।

इतने में पुलिस आई और महेन्द्र सिंह के दोनों कन्धे पकड़ कर उसे बाहर ले जाने लगे, श्रोताओं में क्रोध उमड़ पड़ा व चिल्लाने लगे चोरी और सीना जोरी ऐसे कितनों को गिरफ्तार करते हैं, यह मंत्री बनकर क्या भला करेगा जो रुपयों में बिक सकता है, उसको क्या कहा जाए?

लोगों में भगदड़ मच गई वे पत्थर धूल फेंकने लगे पुलिस लाठी चलाने लगा आखिर सब तितर बितर हो गए इन्द्र सिंह पुलिस की सुरक्षा में अपनी मोटर में बिठाया गया और वह सीधा गाव छोड चला गया।

रघु चमार ने रोशन लाल को पूछा क्या हुआ, कल हम सबने अपना वोट देकर इनको जिताया था और अब हम उसको मारना चाहते हैं वे कुछ कहने के लिए पाये थे कहन तो देते। रोशन लाल पण्डित ने जनेऊ खींच कर कहा रघु!

तुम्हारे ठाकुर ने अपने आपको 20 लाख में बेच दिया तुमने मत दिया और वह तुम्हारे मत को भूलकर भाग गया, ऐसे आदमी का क्या किया जाय!

एक तरफ से ठाकुर खड़ा हुआ दूसरी पार्टी की तरफ से मेवा राम हम सबने ठाकुर को वोट दिया ठाकुर वोटों को पी गया, कुछ भी शेष नहीं रहा और दूसरी पार्टी में जा मिला, उसकी कीमत के 20 लाख रु दिए।

अहसास (कविता संग्रह 1984)
मी.50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

रघु चमार हँसा बहुत जोरो से हँसा क्या कहते हैं पण्डित साहब 20 लाख रुपये ! ऐसा गधा कौन है जो इनको 20 लाख मे खरीदे न खाने के काम का न पीने के काम का अरे ठाकुर साहब गन्ह होते तो 200) रु घोड़े होते तो 2000) रु, हाथी होते तो अजी अभी इस महगाई म कौन खरीदता और खिलाता क्या ? रघु ने दोनों हाथ जोड़े पण्डित साहब 2000) रु मुझे भी दिला दो मैंने अपनी जात के पूर के पूरे वोट इनको दिल ए हैं लेकिन अगर बिका तो यह काम अच्छा नही किया।

रघु, जमाना बदल गया है, जितना बड़ा होगा आदमी उतना ही अधिक चोर डाकू होगा आज राजा हो या सेठ अधिकारी हो या नेता सब अपना ईमान बेच चुके हैं, वे कोरे हो गए, अच्छा हुवा हमारे ठाकुर को बोलने नही दिया। अगर पुलिस का पहरा नही होता तो ठाकुर गोकन के देह पहुँच गया होता।

रघु–लेकिन इसको इतने म खरीदा किसने और उनके पास इतने रुपये कहा से आए ? पण्डित रोशनलाल हँसा- अरे रघु हमने तो 2 हजार रुपये नही देखे हमारे बड़े मन्त्री जी ने और सेठो से रुपया लिया और इन मेम्बरो को खरीदने मे खर्च किया ताकि वे मुख्य म त्री बने रहे और रिश्वत खाते रहे घर भरते रह और जब म त्री नही रहे तो करोडा रुपये के काले धन पर साँप बनकर बठे रहे।

सोहनगढ़ से मेरा ममेरा भाई रामू चमार भी खड़ा हुआ है उसको भी मिले होगे। पण्डित रोशनलाल उसकी औकात के अनुसार जरूर मिले होंगे लाख दो लाख मे तो कोई कसर नही समझो, वह किस पार्टी का था ?

यह तो नहीं मालूम है लेकिन ठाकुर साहब और रामू एक ही पार्टी के थ।

रोशन लाल न तानी चोटी तो पाँचो घी मे समझे नही नहीं तो 2 लाख से नीचे तो क्या गया होगा ! यह ठाठ देखो ठाकुर साहब मन्त्री भी बन गए और 20 लाख भी हड़प गए जो जितना बड़ा उतना

ही ज्यादा कीमती होगा। अभी देखना 5 वर्ष बाद ठाकुर साहब, करोड पति और फिर चुनाव की तयारिया यही तो सच्चाई है। वह जोर से हसा और रघ को कहा हम बन गए सभा मे सुनने आए और मार खा लौटे। महन्द्र सिंह जी ठाकुर की वहा पिटाई हुई कि अभी कई दिन तक खाट मे पडा रहेगा और जेल की मार खाएगा, वह आया मैने कहा कि ठाकुर म त्री जी का साथ दो, चोर हैं वे, तुम उस चोरी का हिस्सा बनाओ डाके डाले तो धन मिले उसम अपना भागीदारी कायम करलो लेकिन ठाकुर है कि जिद पर अडा रहा, नही माना सो नही माना।

रघु ने पण्डित जी की तरफ देखा और पण्डित जी आप !

म न राई म न दबाई मे म क्या बुराई मोल लू और क्यो म त्री का कोप भाजन बनू मैं तो आज दूर खडा मजे देखता रहा, मुझे क्या लेना देना नौतन नौ दिन का सब भूल जाए गे और ठाकुरा के पायो पर पर्दा पड जाएगा तब कोई परमिट लू गा रघु और लाखो कमाऊ गा नही तो ये स्साले चोर सरकारी कमचारी इनसे पैसे लेऊ गा और तबादिले कराऊ गा।

खुद खाते हैं और नताओ और कायकर्ताओ को खिलाते हैं बस अच्छा धधा है रघु देख रघु तू भी मेरे साथ आ जा, सरकारी विभाग से लाखो करोडो रुपय मिलते हैं स्साले गरीबी दूर करने चले।

रघु बता तेरी जात के कितन आदमी पैसे वाले हुए हैं क्या एक भी आदमी ? फिर भी म त्री मण्डल योजना बना रहा है रघु तुम गरीबा के लिए या इन नेताओ का पेट भरन क लिए तू ता जोरावर सिंह को जानता है क्या खूब सेवा सहकारी समिति बनाई खुद सचिव बन गया, रुपय पूरे अढाई लाख उठाए, और फर्जी अगूठा की निसानियो की और सब रुपया खा गया। एक भी जरूरत मन्द को पता नही मिला और सर कारी मशीन इतनी घटिया कि वह चलती ही नही।

रघु अर हमारे चमारो की सेवा सहकारी और चम उद्योग सह कारी समिति बनी, इसी में 4 लाख रुपए आया, खा गया और अपने औरो के नाम पर उन रुपयो से व्यापार कर रहा है। क्या जो सरकार इन पर गबन का मुकद्दमा नहा चलाएगी ?

प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
ई क्वा.50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

बेवकूफ कहो या लोकतन्त्र हो या जनता मोर्चा हो दल सब के कार्यकर्ता है, उनकी रोटी की व्यवस्था करना है,पेट पालना है, बड़े नेता बड़ो से खाते हैं ये गरीबो का हिस्सा खाते है और सुना है सरकार उन सब को कर्ज से मुक्ति दे देगी और जेल नही भेजेंगे।

अरे जेल क्या भेजेंगे मनख मारे तब भी नही मनख का खून चूसे तब भी नही तू तो देवी सिंह को जानता है न ?

हां हुजूर जानता हूं उसी सहकारी समिति के 2500) रु मेरे खाते में निकाल रखे हैं मैने एक पैसा भी नही देखा।

पण्डित साहब डर लगता है राज के बड़े हाथ वसूली करने आते हैं तो घर का एक एक कण बिखेर देते है मेरी बहू की गले की हंसली निकालने लगे नहीं निकली तो हथौड़ा दे मारा वह उसके गले पर पड़ा और वही ढेर हो गई पण्डित साहब न रुपए लिये न कभी दस्तखत किए ये जम के दूत गरीबो का भला करते है या सत्यानाश।

पण्डित साहब हँसे–अरे रघु तू मेरे साथ लगजा खूब मौज मारेंगे, गरीबा की गरीबी कौन बन्द कर पाए हैं ? दुनिया में एक भी उदाहरण नहीं मिलेगा बल्कि वे गरीबी से छूट गए जो गरीबी को चूसते है पहले ठाकुर और बनिया चूसता था अब ये नेता चूसते हैं। मैं अपने घर की नयी मालिक से पूछ लूं।

क्या नयी शादी करली ?

एक बार हो गया पण्डित साहब, हम नातायत ठहरे, औरतों को खरीदें तो मिलती हैं अब तो ठाकुर राजा, नेता सब ही खरीदे जाते हैं पण्डित साहब मेरे घरवाली बड़ी चतुर है धर्मात्मा है।

सच्च बात यह है कि कभी कन्जरो की तो कभी बलाइयों की, कभी बागरिया की तो कभी सांसावेलिया की कभी चमारो की सहकारी समितिया बनाए गे उनके नाम पर पैसा आएगा हम देवी सिंह नही बनेंग आधा दंगे पूरे की रसीद लेंगे खुले बाजार में ऊपर से 2 गवाही अलग–अरे पुलिस हाकिम क्या मुकदमा चलाए गे ये दुनिया मक्कारो

की दुनिया है हम मक्कारी नही कर रह हैं। बस चोरी स डकैती स, और तस्करी मे पैसा इकठ्ठा होता। है क्या सच्ची कमाई कर कोई लखपती बना है ? पण्डित जी गम्भीर हुए और बोलते गए, पूछने रघु। अपनी नयी घरवाली से लेकिन जोरू का गुलाम मत हो जाना वह इन बातो मे क्या समझता है ? देख रघु ! सेठ कल्याण मल मोहन राम को तू जानता है जो दप हुए लोटा डोर लेकर कलकत्ता गया आज वह करोड पति है कम ? न व्यापार न उ धा बस दलाली करता है परमिट लाइसेंस की और अधिकारियो को ओग न दता है। उसमे खा जाता है बस जितने का परमिट उस पर 50 प्रतिशत उसका खरा–औरत क 100 रु तो 20 वह रख लेगा, रोज की आय पूरी होने पर राह चलत व्यक्तियो के साथ घूमता फिरता है उनके काम मन्त्रियो स करवाता है उसकी फीस एव खर्चा अलग। म त्री बडो से लते हैं और छोट स छोटा कायकर्ता छोटे से लता है कोई बाकी नही बचा है मन्त्रिया के ग्लान बढ रह हैं और भ्रष्टाचार इतना अधिक व्यापक हो गया है कि जसे वह तो कानूनी फीस है कोई लत दत हिचकता नही।

रघु लेकिन पण्डित साहब मै यह सब कसे कर पाऊगा, मेरी जाल मे कौन चिडिया फसगी ?

अर शुरू कर सहकारी समितिया बनान स–बस लोगो क काय पर अगठ लगवाल फिर जब बक रुपये दे तो अपना पूरा कमिशन अर सब हो ऋण क रुपए खा जाए तो इस राज म कोइ पूछन वाला न हो है, योग्य विधायक म त्री से मुह लगाई होनी चाहिए वह सब म बना दगा।

जमा म पता हुवम बस पण्डित साहब मैं गरीब ठहरा, बड चार नहीं फसत छोट फसने हैं लेकिन आप तो मेरे साथ हैं वह हसन लगा और पाव लागणा कर अपने घर की तरफ गया।

अपने ही गाव म दलबन्दुपन पर धिक्कार खाकर जब इ द्र सिह राजधानी लौटा तो उसने मुख्य म त्री को सारे काण्ड स परिचय कराया और बाद म आकर पुलिस भाई जी पी को बुलाया। मह द्र सिंह–

करवान (कविता संग्रह 1984)
बी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

मोहन सिंह, ताराच * सुन्शन देव जो लोकतान्त्रिक मोर्चे के कार्यकर्ता थे और तहसील के प्रमुख मोर्चा अधिकारी थे, को गिरफ्तार कर मुक़दमा चलाने को कहा।

आई जी पी सुन्शन सिंह ने कहा सर अच्छा हो इस घटना को लेकर मुकदमा न चले अन्यथा वार पर प्रतिकार और फिर प्रत्युत्तर चलता ही रहेगा जिसका कही अन्त नही होगा। मेरे पास थाने से प्रतिवेदन आया है उससे तो किसी तरह का मुकदमा नही बनता फिर भी आदेश होगा तो अवश्य मुकदमा चल सकेगा। इन्द्र सिंह क्रोध मे था उसने मुख्य मन्त्री से कहा इतना बडा अपमान अपने ही साथियो के हाथो मैं बरदास्त नही कर सकता, यदि मुकदमा नही चला तो मुझे अस्तीफा देना पडेगा यदि मैं राज्य मे नही होता तो सर, वही एक दो को निपट लेता फिर चाहे मुझे जेल जाना पडता आई जी पी साहब थानेदार, मोहन सिंह जी का भानजा है महेन्द्र सिंह और मोहन सिंह ही तो प्रमुख थे जिन्होंने विरोध किया मैं सारे गाव को घसीटना नही चाहता। ये प्रमुख व्यक्ति यदि सबक सीख गए तो सब शान्त हो जाएगे और गाव का भला तो इन्द्र सिंह कर रहा था दल विशेष से उसका क्या सम्बन्ध था।

और मुख्य मन्त्री ने आई जी पी को कहा आप एक बार गिरफ्तार करवा दें इन लोगो को फिर हम बीच बचाव करें तो उनको हमारे दल मे शामिल कर लेंगे। भारत मे राजनीति अभी घुटने चल रही है यह दल बदलुपन से क्या अन्तर आता है ? नीतियो और सिद्धान्तो म कोई अन्तर नही है। दोनों दल गरीब की अवस्था सुधारने की बात करते हैं दोनो मानते है कि योजना बद्ध 10 वर्ष म गरीबी का उन्मूलन करना है म लोकतान्त्रिक मोर्चे मे रहना या जनतान्त्रिक दल मे रहू, क्या फर्क पडता है।

आई जी पी ने कहा मैं अब आना चाहू अभी वायरलेस करता हू और आज ही इन सबको गिरफ्तार करवाता हू आप के पी ए के पास सबके नाम हैं—आपके इसे साथियो के नाम भी जिनका मेडिकल

करवाता है जिनके चोटे आई हैं। इंद्र सिंह ने पी ए को आवाज दी
तुम सारी घटना और उन कार्यकर्ताओं के नाम आई जी पी साहब को
बता दो और रघु चमार रोशनलाल राधेश्याम, जिनके चोट पहुंची
है उनके नाम भी लिखवा दो अच्छा आई जी पी सा० व आप पधारें
आर देख लें।

आई जो पी न दोनों को सेल्यूट दी और वहां से चले गए।
आइ जी पी के जाने के बाद मानव कुमार ने इंद्र सिंह को कहा अच्छा
हो हम कार्यवाही नहीं कर क्योंकि ये ही लोग पत्रकारों की शरण में
जा ग और ये पत्रकार तोड मरोड कर तथ्यों को पेश करेंगे ये हमी
तल श म ह कि राज्य पर किस तरह हावी हुआ जाए, लेकिन मैंने कुछ
पत्रकारों को अपना बना लिया है।

म अभी प्रेस का फ्रेंस बुलाता हूं आप यहीं ठहरें, आप पूरा
ब्यौरा जिससे कत्ल करने का प्रयास सिद्ध हो बता सकेंगे न।

आप अभी बुला रहे है जी देर करने से हम पिछड जाएंगे।
अभी एक घंटे बाद यहां ही बुला रहा हूं तब तक राज्य के एडवोकेट
से पूरा सलाह करल इन लोगों ने पत्थर तो फेंके ही, कुछ पत्थर आप
तक पहुंचे हैं कुछ आपके साथियों के लगे हैं बस हमें पूरी तैयारी के साथ
आगे बढ़ना है म त्री महोदय आपके गुस्से को मैं समझता हूं लेकिन पद
पर रहकर हम सयम से काम लेना चाहिए, कुत्ते भौंकते हैं भौंकते रहें,
हम क्यों ध्यान दें हमारे कमरों की खिडकियों को बंद कर देंगे हम
तक आवाज नहीं पहुंच पायेगी।

इस वक्त रात्रि के 8 बज हैं फरवरी का महिना और ठंड है
बाहर काफी ठंडी हो रही है।

मन्त्र म त्री न घण्टी बजाई, और सचिव को बुलाया क्या अभी
प्रेस कान्फ्रेंस हो सकती ?

सचिव न गदन झुका कर कहा सर एक घंटे में सब पत्रकारों
को अलग अलग गाड़िया भेजकर बुला लेता हूं सर, डिनर रखना है या।
मुख्य म त्री न इन्द्र सिंह की तरफ देखा और फिर कहा– हां, 50

हा तो हाथ मुंह धो लीजिए भोजन तयार है तब तक पत्रकार बंधु आने हैं उनको मैं निपटा लूंगा, आई जी पी का पी ए भी आ रहा है।

दोनों भोजन कक्ष मे पहुंचे भोजन करते हुए श्रीमती मानव कुमार भी बातचीत मे शरीक हो गयी उसने सहानुभूति जताते हुए कहा ठाकुर साहब विरोधियो के तोडफोड के अलावा और क्या काम हैं ? आप दूर रहिये, साहब आपके साथ हैं और आपने किया क्या ?

ठाकुर इन्द्र सिंह भोजन कर रहा था जोर की वर्षात् प्रारम्भ हो गयी थी बिजलिया आकाश म समा नही रही थी कि पूर्व मे एसी कडक हुई जैसे पास मे बिजली गिरी हो मोर बोलना शुरू कर चुके थ इन्द्र सिंह ने आखे बन्द करली।

मानव कुमार न कहा—क्यो आप डर गए कुछ भी तो नही हुआ वर्षात् के साथ एसी गडगडाहट और कडक तो होनी ही है।

भोजन कर इन्द्र सिंह हाथ धोने वास बेसिन पर नही गया बाथरूम मे गया मुंह धोया नाक साफ किया पशाब किया, टावल से मुंह पोछा—फिर स्वय मुस्करा गया क्या उसका दल बदल सही है उसके साथियो ने ही उसके साथ बगावत की तो वह कहा—लेकिन उनका क्या बिगडा मैं उन सब को नए दल मे शरीक कर लेता तब नए दल के कार्यकर्ता जो पराजित उम्मीदवार के साथ थे वे या तो उसका साथ छोडकर मेरे नये दल मे शरीक हो जाते मामा सदैव के लिए मेरे क्षेत्र से समाप्त हो जाता, दूसरा कोई व्यक्ति मुकाबले के लिए खडा नही हो सकता था। कार्यकर्ताओ का गुस्सा तो ठीक था, उनको उस गेट लगाना चाहिए पुलिस की कार्यवाही करा कर उसने अच्छा नही किया। दल बदलने पर अपने कार्यकर्ताओ को राजधानी मे बुला लेता उनको सम्मान देता और वस्तु स्थिति से परिचित कराकर फिर सिद्धात एव नीतियो पर बात करता फिर बाद मे मुंह देखा खैर अब तो मुख्य मन्त्री जी के हाथ मे सब कुछ है। महेन्द्र सिंह उनका मोसी आया भाई है, दूसरे भी नजदीकी रिश्तेदार हैं उनका गुस्सा या वह हाथ जोड लेता

और जनता का रौब उमडा था तो वह हाथ जोड़कर खड़ा हो जाता, पता व० भी कर सकता था कि जिस गांव मे जन्मा, पला और बड़ा हुआ आज मन्त्री बना वह उन्हीं लोगो के आशीर्वाद से—मैं समझता हूं मैं शान्त और समझ से काम लेता तो फिर कौन शक्ति थी जो उस पर आंख उठा पाती जिनके हाथ उठ न नीचे हो जाते, जिसके तेवर चढ़ वह नीचे झुक जाते राजनीति में झगड़ा बढ़ा कर आप कुछ नहीं कर सकते आपको जो गाली दे उस आदमी को स्नेहपाश मे बांध लो आपको जो मारने दौड़े उसके सामने विरोध मत कीजिए, झुक जाइए कब तक वह आपको मारता रहेगा उसके हाथ रुक जावेंगे।

वह स्वयं अनुभव करेगा कि वह फिर गलती कर रहा है तब मेरी बात न मानने में क्या कमी रह जाती थी लोगो में यह धारणा तो बनी है कि मुझे जनतान्त्रिक दल और मुख्य मन्त्री ने खरीद लिया 20 लाख मैंने 20 लाख तो नहीं लिए यह झूठी अफवाह किसने उड़ाई आखिर बस 2 लाख रुपया तो लिए हैं और मैंने अपने साथियो का साथ छोड़ा।

स्वर दबा जायेगा पत्रकारों की कान्फ्रेंस में मुझे शालीनता और स्नेह मे पेश आना चाहिए—मुख्य मन्त्री जी से बात कर लेना चाहिए।

वह बाथरूम से बाहर आया तब तक उसके मन का वजन बहुत हल्का हो गया था।

मुख्य मन्त्री जी राज्यपाल से बात कर रहे थे, टेलीफोन पर। जब फारिग हुए तो ठाकुर इन्द्र सिंह ने कहा—पत्रकारो के बीच मुझे कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

मैंने तय कर लिया है आप उस पत्रकार सम्मेलन में नहीं आयेंगे, मैं निपट लूंगा। ठाकुर इन्द्र सिंह ने कहा—मैं समझता हूं कि हम नरमी का रुख अख्तियार करना चाहिए।

मुख्य मंत्री हंसा—लोकतन्त्र के शासन में लड़ाई से लाभ नहीं होता आप देखेंगे कि मैं सीमातीत नरम हो गया हूं नरम नहीं होगा

प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
60 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

तो 20 व्यक्तियों को जिसमें से आप भी एक हैं मैं भला अपने साथ कैसे ले सकता था गत वर्ष आपने अपने भाषणों और लेखों से मुझ पर जो आक्रमण किया उसका बदला मैंने क्या दिया आपको ? भूमि सीमा अधिनियम के अधीन जो रियायतें दी वे मेरे दल के साथ अन्याय था, मुझे विपक्षियों का हित चिन्तक बताया गया है, खैर छोडिए आप अपने शयन कक्ष मे जाइए, आराम कीजिए, सब काम मुझ पर छोड़ दीजिए, आप रहेंगे तो आप शायद क्रोध में आ जाएं। मैं कभी भी क्रोध में नहीं आता, लोग गाली निकाले उनकी जबान खराब मेरा क्या बुरा करेंगे ठाकुर साहब मेरी पार्टी वाले तो विश्वास करते ही हैं विरोधी भी विश्वास करते हैं।

ठाकुर साहब इन्द्र सिंह जी मुस्करा रहे थे तब आपके व्यवहार और मेरे व्यवहार में कोई अन्तर नहीं है बल्कि आप मुझ से ज्यादा आगे हैं आप में स्निग्ध मुस्कान है, आप में मृदुलता है तो दुश्मन को भी दोस्त बना देते है धर्म के अधिष्ठाताओं ने जो व्यवहार कर उदाहरण प्रस्तुत किये उनमें सबसे आगे आपका नाम रहेगा। लोग तो कहने लगे कि आप राजनेता क्यों हुए आपको तो धर्मगुरू होना चाहिए, खैर छोडिए मैं अपने शयन कक्ष में जा रहा हूं, शुभ रात्रि, सर।

मुख्य मन्त्री ने उनकी पीठ गुदगुदायी।

गांव के प्रमुख लो मो कार्यकर्ता उसी रात गिरफ्तार किए गए और दूसरे दिन छोड दिए गए जब छोडे गए तो यह कहा गया कि मन्त्री महोदय के आदेश से छोड़े जा रहे हैं, पुलिस ने ही व्यक्तिगत मुचलके लेकर रिहा कर दिए।

कार्यकर्ताओं में विद्रोह था और जब छोड़े गए तो उनका विद्रोह कम पड गया था। रोशन लाल महेन्द्र सिंह से मिला और कहा कि महेन्द्र सिंह को इस विद्रोह मे नहीं कूदना चाहिए।

महेन्द्र सिंह ने कहा—सार्वजनिक जीवन मे व्यक्तिगत आचार नहीं चलते, इन्द्र सिंह जी ने गलती तो की—अच्छा होता व मीटिंग में आए उससे पूर्व हमसे बुलाकर बात कर लेते तो कार्यकर्ता कभी विमुख नहीं होते।

रोशन लाल–तो परसो ही हम चल देते है म अभी फोन कर देता हू ।

जरूर ।

अनुसूचित जाति एव जन जाति के किसी प्रतिनिधि को और अल्प सख्यको म से रघु चमार जेता भील और मुहम्मद खा पठान य तीनो भी नरम विचार वाले हैं उनसे मने बात करली है । क्या पहले यहा सब का एक साथ बिठाकर बात करना जरूरी है ?

नही ऐसी कोई बात नही है । सच यह है कि सत्तापरस्त राजनीति लाभ की राजनीति है सबको अपना अपना लाभ देखना पडता है । अरे जो हमारी पार्टी के 20 सदस्य 25 लाख मतदाताओ के प्रतिनिधि ही लोगो छोडकर चल गए तो साधारण मतदाता को क्या अन्तर पडता है ? सच यह है कि इस वर्ष के अन्त तक सारे राज्य मे लोकतान्त्रिक मोर्चे के विधायको की सख्या कितनी घट जाएगी कौन कह सकता है । कल अगर सारा जनतान्त्रिक मोर्चा ही लोकतान्त्रिक मोर्चे में मिल जाये या लोकतान्त्रिक मोर्चा ही जनदल म समा जाए तो क्या दलबदल कहलाएगा ? राजनीति की भाषा म उसे मजर कहेंगे अर्थात् एक दल का दूसरे दल म समापन । यों हमारे मन्त्री महोदय कच्ची कौडियो के खिलाडी नही हैं । मुख्य मन्त्री के बाद दूसरा स्थान लिया है, उनकी योग्यता और क्षमता के आधार पर आश्चय नही वे जल्दी ही मुख्य मन्त्री बन जाए तो हमारा क्षेत्र लाभान्वित नही होगा ? भाई, हमने तो पूरी तरह विचार कर लिया है हमारा हित इसी म है कि हम हमारे नेता का साथ दें ।

महेन्द्र सिंह एक बात समझ मे नही आती उन्होने हमारी गिरफ्तारी की कार्यवाही क्यो की ?

रोशन लाल ने ताली पीटकर कहा–और क्या यह समझ मे आया कि गिरफ्तारी के बाद हो बिना जमानत छोडभी दिए गय, मुकदमे भी उठ गये अजी सत्ता अपने खेल खेलती है । मेरी धारणा है कि इन्द्र सिंह जी अपने गाव वालो को ही जेल मे ठूस कर फिर सत्ता म रह कसे सकेंगे ?

यह तय हुआ कि 20 व्यक्तियों का एक मंडल राजधानी जाएगे और शुभस्य शीघ्रम को मानकर परसों ही पहुँचने का निर्णय लिया गया और टेलीफोन से सारी बातों का अधिकार रोशन लाल और रामधन सेठ को दिया गया। रोशन लाल ने उस समय जाकर टेलीफोन अत्यावश्यक दर्ज करा कर सबको सूचना करादी।

लोकतांत्रिक मोर्चे के अतिरिक्त जनतांत्रिक दल के कुछ आवश्यक सदस्यों से भी बात करली गई मंत्री महोदय ने उन लोगों से भी सम्पर्क कर लिया था ताकि दोनों दल के एक जुट होने में बाधा उपस्थित न हो।

जब मंत्री महोदय के फोन से सूचना आयी तो मंत्री महोदय बड़ी प्रसन्न मुद्रा में रोशन लाल का अभिवादन कर रहे थे सेठ रामधन का भी धन्यवाद किया कि विलीनीकरण की क्रिया में उनका भी हाथ है।

रामधन ने कहा हुजूर मैं तो पहले से यही मानकर चलता हूँ कि हमारा प्रतिनिधि मुख्य मंत्री बने और क्षेत्र का विकास करे, आप जैसे योग्य, सक्षम, और अनुभवी लोगों से मार्ग दर्शन पाकर हम कृतार्थ होंगे हां हुजूर मन यह निर्णय कर लिया कि हुजूर की कृपा रही तो कपड़े की एक मील अपने गांव में खोलूं।

इन्द्र सिंह ने कहा मेरा पूरा योग रहेगा। मुख्य मंत्री महोदय बुला रहे हैं नहीं वे ही मेरे यहां आ रहे हैं, परसों बात करेंगे। स्टेशन पर आपको गाड़ी मिल जाएगी मेरे बंगले पर ही ठहरने की व्यवस्था की है धन्यवाद।

रामधन-हलो हलो करता ही रह गया, टेलीफोन बन्द हो गया था। सेठ ने टेलीफोन रख दिया फिर रोशन लाल से बोला हमारे मंत्री उद्योग मन्त्री हैं और साथ ही उप मुख्य मन्त्री भी हैं। कपड़ा मील चला तो गांव का ही हित है। एक उद्योग लग जाएगा तो गरीबों को रोजगार मिलेगा हां यह सब तो मन्त्री महोदय की पूरी दृष्टि रही तो होगा अन्यथा नहीं। सीमेन्ट लौह मशीनें आदि तो उनकी ही कृपा से

लब्ध हो सकेगी, पण्डित जी आपको मालुम है अद्ध सरकारी साझीदारी मे ज्यादा रुपए सरकार के और प्रबन्धक के आधा से भी कम और मशीन खरीद से लगाकर सारा काम वह प्रबन्धक ही करता है। क्या कहना पाचो उगलिया घी मे हैं। प्रबन्धक को एक पैसा भी लगाने की जरूरत नही यही क्यो, मशीनो मे कमीशन म ही वह लाखो खा जाता है, फिर उस पर उसके चालू व्यय किसी राज रईस से कम नही, बस पण्डित जी आप तो यह जोर लगाना– गाव का भला और उद्योग चल निकलेगा।

८। एक बात और कल ही गाव के बेरोजगार पढे लिखों की सूची तयार करलें ताकि म त्री महोदय का गाव मे सम्मान बढे। रोजगार मोहिया करना सबसे बडा काम है। अरे पुराने जमाने म तो देवता करते है अब म त्री हा पण्डित जी आप –

मै तो ज्योतिषी वध हू, आयुर्वेद रसायन शाला खोलने की सोच रहा हू परसो मन्त्री महोदय को कहा तो बडे प्रसन्न हुए सोना शक्कर सब कन्ट्रोल रेट से मिलेगा पूजी के लिए म त्री महोदय ने कहा कि म किसी तरह की चिन्ता नही करू कई योजनाए हैं उनसे हम लाभ उठा सकते हैं यही क्यो कृषि उत्पादन को बढावा देने के लिए अनेको योजनाए अनेको रियायतो के साथ है बस लाभ लेने वाला चाहिए। हमारे म त्री बडे समझदार हैं। मै समझता हू शायद 5 वष म 2 4 छोटे मोटे उद्योग, कृषि उत्पादन मे अनेक सहुलियत और रियायतें दूध व्यवसाय भी सरकार ने हाथ मे ले लिया है। लाखो का नुक्सान उठाकर सरकार किसानो से दूध खरीद रही है गरीबी दूर करने के लिए अनेक योजनाए चल रही हैं। हम मन्त्री महोदय को क्षमा कर कितना लाभ अर्जित कर सकते है, यह सब अपन ऊपर निभर है, हा भाई तीन दिन की रहन की योजना बना लेना, हमारे लिए म त्री महोदय न दशनीय स्थान देखने कई उद्योग और योजनाओ को देखने का कायक्रम बना लिया है। अजी यह तो आनन्द की यात्रा है। मानलो कि हम सबने एक दूसरे के मतभेद भुला दिए हैं यह तो आनन्द प्रमोद की यात्रा भर है। हा, हम गाव

गाव के सकडो श्रादमियों को रोजगार, बस मुझे क्या ? मैं भी एक नौकर ही तो–

रोशनलाल–तो बहुत देर हो गयी, परसो सुबह की गाडी से चलना है।

सारे गाव मे सन्नाटा छा रहा है इमलों के पेड पर उल्लू बोल रह हैं–कभी भी गाव मे कोई रोशनी नजर नहीं आती एक दिया भी नही टिमटिमा रहा है।

तीनो तीन अलग अलग दिशाओ मे रवाना हुए–प्रसन्न मुद्रा मे जैसे उन्होने सब कुछ पा लिया है।

दिन को 3–50 पर ट्रेन राजधानी पहुची, स्वय मिनिस्टर स्टेशन पर उपस्थित थ, अतिथियो के लिए 5 कारें आयी थी, इनके अलावा 5 कारें मेजमानो के लिए, मन्त्री महोदय ने सब से हाथ मिलाया रघु चमार और भील को जब पास खीचना चाहा तो वे मन्त्री महोदय के हाथो से नीचे सरक आए, स्लीप ऑफ हो गये। वेटिंग रूम मे उन सब को चाय बिस्कुट दिए गए और पूरा काफला मन्त्री जी के बगले की ओर चल चला।

रघु चमार और भील ने सबसे पहले राजधानी को आज देखा, बडी-बडी इमारतें सडक और आस पास हजारो व्यक्तियों का रेलपल, जैसे किसी को फुरसत नहीं है सब चले जा रहे है। अनजाने स्थान की तरफ से मानव–मदिनी उमड रही थी, गाडियो, रिक्शो और आटो रिक्शाओ का काफला दोनो तरफ आ जा रहा था।

सेठ रामधन ने मन्त्री महोदय के पी ए को पूछा–भाई ठहरने की व्यवस्था।

पी ए ने कहा–ऐसी व्यवस्था जो पहले कही आपने नहीं देखी होगी–सेठ मोहन लाल महेशचन्द्र को आप जानते हैं नाम तो सुना ही होगा, यहा उनके दस कारखाने हैं जिनमे एक सौ करोड से अधिक पूजी लगी है, सेठ साहब उसकी राज की मानिन्दी 2 लाख सफेद और

की तरफ देखा—वह शरमा गया, लेकिन सब प्रसन्न थे म त्री महोदय सब काम छोड कर महमानदारी मे लगे थ।

इतने मे ही भोजन परोस दिया गया। रघु चमार, जेता भील और मुहम्मद खा टेबिल के एक सिरे पर वठ गये।

25 थालिया लगी थी दस दस सागो से भरी कटोरिया, दस तरह की मिठाइया तस्तरियो मे सजाई हुई थी और इसी तरह के नमकीन थे, ठडा पानी स्टील के कलसो मे भरा था, तीन चार बेयरे नपकीन कन्धे पर डाले खडे थे, महमान सारी सामग्री को देखकर आश्चय प्रकट करने वाले थे लेकिन शब्दो के चयन के अभाव म वे भाव-विभोर हो रहे थे।

स्वयम म त्री महोदय बेयरो के हाथ से सामग्री लेकर परोसकारी कर रहे थे।

म त्री महोदय ने कहा—बस आप भोजन समाप्त करलें मुख्य मन्त्री महोदय पधार रहे हैं हमारे क्षेत्र की योजना बनाई है सब को कुछ न कुछ मोहिया किया जाएगा।

मुख्य म त्री का नाम सुनकर रोशन लाल ने कहा—हमारे भाग हुजूर को जानते हैं और मेरी ज्योतिष तो कहती है।

मन्त्री ने अपने मुह आगे हाथ रखकर चुप रहने का इशारा किया।

भोजन के उपरा त सब को सुग धी पान पेश किए गये—फिर एक वडे हाल म ले जाया गया जिसमे कीमती झाड फानूस लगे हुए है। लगभग न्सो व्यक्तियो के लिए बठने की गु जाइश है। हाल स्वेत सगमरमर का बना है—कुसिया के गद्दे वेस कीमती चमडे के हैं जिस पर रोशन लाल ने हाथ गडाया तो हाथ गडता ही चला गया—कितना मोटा कुर्सी का गद्दा है कही चुभन नही एसा लगता है जैसे आप मुलायम गद्दो पर बठे हैं—मन्त्री महोदय ने कहा—मुख्य मन्त्री वस एक घ टे मे आ रहे है उनकी तीव्र इच्छा है कि सारे प्रान्त के साथ हमारा गाव भी उन्नत बने उद्याग पनपे, खेती का उत्पादन बढे, स्कूल कालेज खुले, मैं सोचता हू

सडक एव सिचाई की व्यवस्था तो अपने आप निहित है–फिर पी ए स योजना मागी–हमने योजना तयार की है उसे 5 वष क्यो हम तो इसी माह स काम शुरू करना चाहते हैं। हमार पू जी पति बाहर से नही आएगे हमारा साथी कारखाना खालेंगे रसायन शाला, बागबानी जो भी करना चाहें और चम उद्योग–दुग्ध उद्योग सब ही तो शुरू किए जा सकत हैं बस आप हम यह तय करें कि कौन उद्योग कौन करगा।

रोशन लाल ने कहा–सेठ रामधन तो सूती धागा मिल लगाएगे मै औषध शाला खोलू गा ज्योतिष हमार पक्ष म है गाव की तरक्की के साथ हमार मन्त्री महोदय के नक्षत्र भी बडे तेज है।

मन्त्री महादय न कहा–हमारे गाँव म लकडी चिरायी का उद्योग–चूने का पत्थर भी बहुतायत म है सीमेन्ट उद्योग या मर्वोदयी भट्टा चालू किया जा सकता है। म चाहता हू कि हमारा गाव 5 वष म हमारे राज्य मे गाँवों म अग्रगी हो जाय—

महेन्द्र सिह हाथ जोड कर उठ खडा हुआ–मन्त्री महादय ने उठकर उनको गले लगा लिया–महेन्द्र सिंह की आखें गीली हो गयी, *म त्री महोदय ने कहा अब बीता उसे भुला दीजिए, अब तक राज्य के विकास क काय म हमे एक जुट हो जाना चाहिए।*

रोशन लाल गम्भीर हुआ हुजूर सारे गाव की यही भावना है उस रोज जो कुछ हुआ अच्छा नही था।

सेठ रामधन–बीती ताहि बिसाइए आगे की सुधि ले ही। मेरे दादा जी कहा करते थे कि किसी बात की गाठ बाधकर मत रखो बस कोई बुरा हुआ तो उस भुला दीजिए कोई कडवी घूट मुह म आई हो तो थूक दीजिए। और थूक से भी कडवाहट कम न हो तो मुह धो लीजिए बडा से बडा जहर या कडवाहट भी मर जायगी।

मन्त्री महादय–बस अब उस याद मत कीजिए। मैने आप सब को अभी लिए तो सुनाया था कि हम बैठकर अपने क्षेत्र के विकास का किस तरह गति मिले पाच वर्षीय याजनाए बनती हैं और पाच वष बाद आप देखो कि उनका आधा भी लाभ गरीब जनता को नहीं मिला

हमारा उद्देश्य यह है कि धनवान फले फूले तो गरीब भी कही बैठकर सुख की सास ले सके, उस पर अत्याचार हो रहा है उससे उसका मुक्ति दिलाए, ऊच नीच भगवान ने नही बनायी हमारी बनायी हुई है, उस बनावट को हम तोड देना है, तितर बितर करना है और गाव मे ऐसी हश बध जाए कि सारा गाव तरक्की कर रहा है डोम आगे बढें रेगर तरक्की करें, मुहम्मद साहब अपना हुनर चलाए कौन रोडा अटकता है बस याद रखिए कि आपको आगे बढ़ना है किसी को पीछे ढकेलना नही है। हमारी कोशिश यह होना चाहिए कि भूरा रेगर चमडा न चीरे, सरकार व्यवस्था कर लेगी सहकारी समिति के द्वारा चमडा चिराई, रगाई और आगे के उद्योग पनपें–भगी मला क्यो उठाए हम राज्य की ओर से अनुदान लेकर नयी किस्म की टट्टिया बना दें भगियो के लिए रोजगार के नए रास्ते खोल दें लेकिन बन्धुओ आप जानते हैं शताब्दियो मे जो चला आ रहा है उसे समाप्त करने म समय लगेगा, धैय और सब के सहयोग की जरूरत है। मै आपसे कहू मै महलो मे पला हू, झोपडी की पीडा को क्या जानू ? उसका सामजिक आर्थिक और राज नतिक क्या स्वरूप बने वह सब हमारे पुरान परिधानो को फेंककर नए आयाम मे समझना होगा तब ही हम आगे बढ सकेंगे।

हा आप अपने 2 उद्योग का नाम मेरे पी ए को लिखा दें, आप 3-4 दिन यहा रहेंगे, यहा के दशनीय स्थल देख लें और 15 दिन के अदर 2 हमारे व्यवसाय उद्योग या विकास काय को प्रारम्भ कर दें और छ माह मे हम उसे चालू कर दें, देखिए मुख्य म त्री जी पधार रहे हैं —

इतन मे मुख्य मन्त्री जी आ गए। सब उठ खडे हुए। वे मन्त्री महोदय के पास की कुर्सी पर बैठ गए मखमली कुर्सी पीठ शरीर से ऊपर तक की।

सुनहरे हत्था वाली, रोशन लाल न उचक कर देखा–हा पीठासीन शकराचार्यों की बठक मे ऐसी कुर्सियां देखी थी, या सेठ रामधन के सम्बधी सेठ करोडी मल के दुल्हे के लिए लाई गयी थी।

रघु चमार और जैना भील देखते ही रह गए–मुख्य मन्त्री जी ने कहा–भाइयो हमने तय किया है कि कोई गाव ऐसा न रहे जहां विकास की किरण नहीं पहुच पाए। आपके विधायक श्री मान इन्द्र सिंह जी की अपने क्षेत्र के विकास म बडी रुचि, है उनका गांव तरक्की करे इसके लिए म आज हा विकास कार्यों क लिए 2 लाख का अनुदान स्वीकृत करता हू– आप देखेगें आपका गाव उद्योग का केन्द्र बन रहा है आपका गाव कृषि उत्पादन म आगे है आपका गाव तहसील और जिले शीघ्र ही सड़क से जोड दिया जाएगा इसके लिए मैंने सावजनिक निर्माण विभाग को तुर त आदेश प्रसारित कर दिए हैं। आपका योग सरकार को अपेक्षित है आप किसी तरह की सहायता न करें तो कम से कम अच्छे काम का विरोध तो न करें।

हमने तय किया है कि सेठ रामधन को सूत के मिल का लाइसेंस मिल जाए और ऋण भी ताकि एक वष में मिल चालू हो सके, जमीन का आवटन मिल क लिए कर दिया है।

कागज का कारखाना भी लग सकता है हम शीघ्र ही किसी को कागज कारखाना लगाने का लाइसेंस दे देंगे गोरी बाध का सर्वेक्षण हो चुका है उससे 10 हजार एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकती है आपका गाव सब का सब लाभान्वित होगा–खादी ग्रामोद्योग आदि के छोटे 2 धंधे चालू करेंगे चमड़े की रंगाई क लिए भी सहकारी समिति का निर्माण किया जाएगा, आप अपने अपने धन्धे तय कर लें आपके मन्त्री गजम अच्छे म त्री हैं उनकी बराबरी राज्य म कोई कर पाए यह शक है गोया यह काम आपको करना है मन्त्री मण्डल बनने के बाद म त्री महोदय न आपके गांव के विकास क लिए अनेक सहायताएँ स्वीकार कराई है गाउँ आपकी पेश हो गाव फले फूले। आप बहुत भाग्यशाली हैं आपका प्रतिनिधित्व एसा व्यक्ति कर रहा है जिसका दिल दिमाग अहर्निश आपके कल्याण क कार्यों को विकसित करने म लगा है।

जब मुख्य म त्री चले गए तो म त्री महोदय न विकास योजनाओं की सूची सामने रखी।

जन जीवन का जादू (कविता संग्रह 1981)
अरमान (कविता संग्रह 1984)
श्री ५० बौ...नगर सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

महेन्द्र सिंह ने कृषि उत्पादन का कार्य हाथ में लेने का तय किया, रामधन सूती मील, और रामधन ने कहा–कि उसके सम्बन्धी बम्बई के बहुत बड़े व्यापारी हैं, वे सीमेन्ट का कारखाना खोलेंगे। चर्म उद्योग के लिए सहकारी समिति को रघु कुमार के जिम्मे किया गया, गोपाल लाल को आयुर्वेद रसायन शाला चालू करने के लिए हर प्रकार की सहायता देने का आश्वासन दिया गया। मुख्य मन्त्री जी ने सबसे हाथ मिलाया, और मुस्कराकर एक बार और दोनों हाथ जोड़े–प्रभु आपकी यात्रा को सफल करे, आप तरक्की करें। मन्त्री महोदय द्वार तक छोड़ने गए बाकी सब खड़े रहे–मन्त्री महोदय, लौटे, बस आगे फिर बात नहीं करेंगे कार्यवाही करेंगे–चाय आ रही है, पी लीजिए फिर आज तो आराम कीजिए, कल हमारे पर्यटन अधिकारी सब दर्शनीय स्थानों पर ले जाएंगे।

दो दिन 5 सितारा होटल में ठहरे अनेक दर्शनीय स्थान देख, उद्योगों को देखा, सेठ रामधन ने सूती मिल देखो तो बड़े गर्व से बोला एक वर्ष में हमारे गांव में भी इस जैसा एक मील होगा–मन्त्री महोदय की कृपा होगी तो इससे भी अच्छा।

तीन दिन बाहर बिताने के बाद चौथे दिन उद्योग मन्त्री के बंगले पर लौटे सब आवभगत से प्रसन्न थे, मन्त्री महोदय की असीम कृपा और सम्मान से अभीभूत थे। दुपहर का भोज मन्त्री एवं मुख्य मन्त्री ने गांव वालों के साथ लिया और दुपहर की गाड़ी से गांव के लिए रवाना हुए।

सब अपने आपको सुदामा कह रहे थे और मन्त्री महोदय को कृष्ण, उन लोगों ने वह सब पा लिया जो सुदामा नहीं पा सका तो सुदामा दयनीय था दीनहीन और कृष्ण समर्थ, सम्पन्न, और इसी दूरी पर कृष्ण ने सुदामा का सम्मान किया सुदामा का हीनभाव नहीं गया और कृष्ण का कृपाभाव नहीं गया लेकिन मन्त्री महोदय उच्चस्थ स्थान

पर बैठकर गांव वाला को हीन भाव से उठा पा रहे हैं वे समानता के सतह पर मिले, उसी स्थान पर वे विमोहित रहें—वे स्टेशन पर गाडी म बिठाने गए और अपने आतिथ्य सत्कार से इस सीमा तक दब गए कि उनक पास मन्त्री महोदय के गुणगान करन के अतिरिक्त कोई चारा नही रहा। उनके द्वंद भेद जसे पिघल गए और अब मन मे घुला रोष वाष्प बनकर उड गया।

मुहम्मद न गद्गद् होकर कहा—भाई इतने वर्षों से राज चला आ रहा है हमारे विधायक न सही महेशपुर के विधायक तो म त्री रह चुके हैं उन्होने कभी अपने कार्यकर्ताओ को चाय तक नही पिलाई हमारी महमानदारी तो राजा जसी महमानदारी थी क्या कहना। सेठ न कोई कसर नहीं रखी कहते हैं हमारे पीछे सेठ ने 1-25 लाख रुपए खच किए।

सोहन सिंह हँसा—क्या अहसान कर दिया उद्योग म त्री से 5 लाख का लाभ लेगा बनिया का सौदा पक्का होता है वह खच करना जानता है तो उस खच को वसूल करना भी जानता है।

सेठ की तरफ से सबको भेंटें दी गई, थी गाडी में आकर सबने भेंटें ली—कपडे के मिल की बनावट थी—2 बड़े शीट, किसी के कुर्ता और धोती का कपडा तो मुहम्मद के लिए पजामा और कुर्ते का कपडा भी था—सब बढ़िया।

रामधन ने कहा—300 300 की भेंट होगी अरे भेंट मे ही 6000) रु खच कर दिए। हमे मोर्चा या दल से क्या वास्ता, गाव का भला होना चाहिए विधायक को हमने चुना है विधायक किन कबडा म था ? हम क्या वास्ता अन्त बन्न बुरा होगा मेरा विचार है कि हमारे विधायक ने सही समय पर सही कदम उठाया।

रोशन लाल अरे इस एक महीने मे 20 और विधायकों ने दल बदल लिए हैं। अब जनतान्त्रिक दल की सख्या 170 पहुच गयी है और लोकतान्त्रिक मोर्चा जैसे कुछ ही समय का महमान रह गया है।

जल अजगर (कविता संग्रह 1981)
बारहमास (कविता संग्रह 1984)
५७ गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

महेन्द्र सिंह–मुझे तो विरोध इसलिए करना पड़ा कि गांव में आया उससे पूर्व वे हमसे सफाई कर लेते तो बताइए, मैं क्या विरोध मोल लेता।

अरे साहब हमारे यहां विपक्षी दल तो बन नहीं पाते, बिखराव होता जा रहा है और कुछ कठोर विशेष दल के सदस्य हैं वे भी क्या कर रहे हैं सिवाय गाला गलौज, मारपीट, सदन की गरिमा तो रही ही नहीं, एक दिन शायद गोली चल जाए, पुलिस पहुंच जाए, अच्छा है सब एक हो जाए तो फिर यह नौबत तो नहीं आएगी। रघु चमार एक तरफ बैठा वह जैसे सम्मान पाकर भूल ही गया था कि वह चमार है। उसने अत्यन्त स्नेह एवं सम्मान के स्वर में कहा–हुजूर तो भगवान इन्द्र के अवतार हैं आपको मालूम है हुजूर के पर दादा तो नए वर्ष के दिन गांव वालों को भोजन के लिए निमन्त्रण देते थे और खुद अपने हाथों से परोसकारी करते थे।

सेजेता भील–हां बड़े हुजूर भी बड़े थे, मेरी तो पीढ़ियां खप गयीं, उनका अन्न खाते खाते–उधार लिया, नहीं चुका सके तो बड़े हुजूर ने माफ कर दिया।

सोहन लाल–भाई हमने खाया पीया मौज की लेकिन यह सब कहां से आई–भ्रष्टाचारी सेठ ने खर्च किए। सेठ 10 लाख का नुकसान राज कौन करेगा।

सब गांव वाले सोहन लाल के तर्क से सहमत नहीं थे क्या सेठ ने सौदा कर लिया, क्या सेठ ने 10 लाख का नुकसान कर दिया–वह कमाता है और खर्च करता है, कोई धर्म के नाम पर करता है कोई राज के नाम पर, किसी को यह शौक होता है कि उसका बड़े से ताल्लुक रहे–इसीलिए खर्च करता है। सेठ भूरामल रामपत को आप जानते हैं, पंजाब में उसके चार मील हैं बम्बई में कई कल कारखाने हैं, उसने सारंग में 10 लाख की लागत का उपासरा बनाया है न उसमें मूर्ति न उसमें देवता। साधु साध्वी के ठहरने की व्यवस्था, क्यों किया? धर्मात्मा है और वह जानता है कि धर्म करने से धन घटता नहीं बढ़ता है, इसलिए आप इसे रिश्वत कैसे कहते हैं? यही क्यों गए मान एक

सेठ न अपनी बुनिया का विवाह कर दिया उसम एक लाख रुपए खच किए दहज दो लाख का दिया, बेचारे क बेटी नहीं थी, कुमारा घर नही रह इसलिए तो—और तुलसी की शादी तो जरूर होती है यह तो अपनी 2 रुचि है, मुमकिन है सठ का आगे कोई काम करना हो, और यह सब इसलिए किया कि आगे आदेश लेने म सरलता रह, ता भी क्या इसको रिश्वत कहना होगा ? आज कोई अच्छे काम के लिए खच करो उसस राज सरकार के अफसर प्रसन्न रहें तो आपको इसके लिए क्या मिला ?

मोहन लाल ने मच्छो पर ताव दकर कहा—अजी साहब कोई मेरे कहने से 5 पसे भी खच नहीं करता। सेठ ने हमारे लिए 1-25 लाख खच कर दिए क्यों ? हमारा उनसे क्या जान पहचान, सही यह है कि यह भ्रष्टाचार की शुरुआत है। कल सेठ ठुकरानी साहब के लिए बम्बई से जवर लायेगा, कीमती साडियों का स्टाक भी क्या वैसा लेगा ? अब अब तक क मुनाफ से ता नहीं—आयकर लाभ क लिए सब करते हैं, तब फिर करोडों के ढेरों मे करोडो का लाभ उठा लेते हैं। खर यह तो होती रहा है इसको रोकना सम्भव नहीं है, हर राज म होता आया है, अगर यह नहीं होता तो चुनाव नहीं लड जाते, एक एक विधान सभा के चुनाव म एक एक लाख रुपए खर्च होते हैं, वह रुपया कहा से आए। लोक सभा चुनाव म 5 स 7 लाख रुपए और आम दा चुनाव मे 10 लाख स एर पैसा भी कम खच नहीं होता। भाईयो हम गरीबों के लिए ता चुनाव नहीं है और यह ता साधारण बात हो गई है कि कई भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार नहीं रह वे सदाचार हो गए हैं लकिन सीधी अगुली घी नहीं निकलता—जहां अगुला बाकी की घी साफ निकल आएगा।

यह बोकापन क्या है ? भ्रष्टाचार नहीं है तो क्या ?

मुन्नम—जनाब आप ठीक कह रहे हैं लेकिन यदि यह सब नही करना हो तो मन्दिर म भभूती लगाकर बैठ जाइए फिर उपदेश दीजिए। सरकार का सीधा अपरोक्ष लाभ लेना भ्रष्टाचार है लेकिन इसका कोई मापदण्ड और प्रमाण नहीं है। उद्योग कोई निज म ही लगा

एगा, सेठ रामधन की बताइए कि वे राज से सब रियायतें ले लें लेकिन किसी को एक पसा भी न दें।

सेठ रामधन हसा—अरे आप व्यथ की बहस कर रहे है मुझ तो मन्त्री महोदय का आदेश है, मैं उनके रहते रिश्वत दूगा—सब रियायतें तो नियमा के साथ है।

द्वारका जो अब तक मौन था, सारी यात्रा मे एक शब्द भी नहीं बोला अब उसकी जबान तेज तर्राट हो रही है—भाई साहब नियमो का पालन हो जाए तो भ्रष्टाचार भले ही नहीं लकिन नियमो का लाभ लेने के लिए अधिकारियो, कमचारियो का हाथ गम करना पडता है। सारग म सेठ लक्ष्मीमल को आप जानते हैं वह बडा बहादुर है, वह घर बैठा सब काम करा लेता है। क्या किसी की उस पर महरबानी है उस घट्टरो, रेले और सीमट के परमिट मिलते हैं वह अधिकारी की जेब गरम कर आता है, फिर वही आता जाता नहीं न मन्त्री महोदय से मिलता है और न किसी विधायक को साथ रखता है। बधे बधाए रेट हैं, स ध्या को घर बैठे उसे सब मिल जाता है। लेकिन 10 पसे का मुनाफा कमाता है तो 5 पसा रिश्वत म देना होता है। भाई भ्रष्टाचार बहुत गहरा है सुना है परमो हमार ठेकेदार देवीसिंह न 2200) रुपये देकर खयामत के मामले मे बरीयत ली, अर याय भी बिकने लगा—अब कहीं कोइ रास्ता नहीं है हम दलदल मे फस गये हैं अब तो प्रभु ही बचाए—कोई बचा नहीं है। चपरासी से लेकर सबसे बडा अधिकारी मन्त्री, मुख्य मन्त्री—लोग कहत हैं कि शुक्ला साहब मुख्य मन्त्री पद स अलग हुए तो 15 करोड की सम्पत्ति छोड गये मुख्य मन्त्री बन तो 2 कोडी के नहीं थ, ईमानदारी का नाम लेना गुनाह हो गया—सुना है, हमारे म त्री महोदय ने दल बदल के 20 लाख रुपये हासिल किए हैं वे बीस लाख कहाँ से आ गये, सेठ साहूकारों से और व देते हैं, 5 तो 100 कमाने के लिए भाई साहब—जो न कहा जाए, वह थोडा—विधायक तबाल्लो मे खा रहे हैं कायकर्ता एजेण्ट का काम करते हैं वे भी कुछ हिस्सा रख लेत हैं लोकतन्त्र मे भ्रष्टाचार भी लोकतान्त्रिक हो गया है—

आप राज्य से रियायतें लो और खूब फलो फूलो। खुद भी रिश्वत दो और दूसरों से भी दिलाओ। अब तो महात्मा गांधी नहीं उनसे भी बड़ा महापुरुष आएगा तो रिश्वत खोरी खत्म होगी।

जंक्शन स्टेशन आया—यहां के तहसीलदार साहब आए और चाय नाश्ता की व्यवस्था की—2–3 मिठाई, नमकीन, चाय, फल, चाय पिलाई और बचाया नाश्ता पैकेटस म बन्द कर के दे दिया गया। तहसीलदार प्रसन्न था उसने कहा उद्योग मन्त्री की इत्तला आई है आपको किसी तरह का कष्ट तो नहीं हुआ हां आप भी मन्त्री महोदय को खबर दे दीजिये—बस म क्या लिखूंगा, हां मारग पर बस तैयार मिलेगी। आप शाम को ही घर पहुंच जायेंगे स्टेशन पर सब लोगों की निगाह इन विशेष अतिथियों पर और वे सब अनुभव कर रहे थे कि वे सब महा पुरुष हैं विशेष व्यक्तित्व वाले, जिनका सब सम्मान करते हैं।

आप मेरे सम्बन्ध म लिखना न भूलें—गाड़ी चलती, तहसीलदार मुस्कराकर हाथ जोड़े खड़ा था। जब गये तो द्वारका ने कहा—हम बुराई क्या करें बस मन्त्री महोदय का शब्द, और सब रास्ते साफ, तहसीलदार हमारी खातिरदारी करने आया अरे रोज तो इनकी अदालत म जानते हैं हाथ जोड़े खड़े रहते हैं, साला झांकता तक नहीं, साधारण रजिस्ट्री कराओ तो रिश्वत के 100) रुपये नहीं तो रजिस्ट्री नहीं। अहलकार अलग नामान्तरण म चार चार, 200) रुपये तो मामूली बात है। मेरे परमां नहीं गये सप्ताह म मारग गया था, पूरे टाइम बैठा रहा। तहसीलदार जब भी मुंह ऊंचा किया मैं हाथ जोड़ कर उठ खड़ा हुआ, लेकिन साला झांका तक नहीं। आज वह हमारी परवाह कर रहा है। जब 100) रुपये का नोट अहलकार को दिया तो अगला के टाइम के गरम होते होते हुक्म दिया—कोई काम नहीं था जमीन का सब का स्वीकृति से पांचों बटवारा।

अहमद—अरे साहब इनके नसरे किसी से कम नहीं है, मुझे याद नहीं आता कभी हथेली गरम किए बिना कोई काम नहीं किया।

महेन्द्र सिंह—मुझे मालूम है साला चार कहीं का महीने के

1 बी ५० मौलनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

10 हजार रुपये कमाता है, हा मै तो मन्त्री महोदय से शिकायत करने वाला था कि इसका मुह काला करो लेकिन याद ही नही रहा, मै लिखू गा, कल ही मन्त्री महोदय को—और इसका तबादला करवाऊंगा, नाश्ता कराकर वह साला हमसे शिफारिस कराना चाहता है—मै अपने बाप का नही, जो सस्पेण्ड नही कराऊ तो तबादला तो होगा ही ।

द्वारका—बताइये तहसीलदार अपनी वेतन से खर्च करेगा, कही न कही बडा हाथ मारा है। यह मात्र सौ रुपये का खर्चा था ही नही किया—कैसे हाथ जोडता था साला अदालत मे बैठता था तो गरूरी मे और यहा दीन दुखियों की तरह—चोर तो निकला होगा, सबने उसकी क्रूरता देखी है ।

गाव मे पहु च कर कार्यकर्ताओ ने इन्द्रसिह की प्रशसा के पुल बाध दिए—रामधन ने तो कहा कि बस एक वर्ष ठहर जाओ, सारा गाव स्वर्ग बन जायेगा, राजधानी की कपडा मिल देखकर वह सोचने लगा कि उसकी भी एक ऐसी मिल होगी जिसकी सालाना आमदनी 50 लाख से ऊपर होगी उसने जमीन देखली, पूरी 250 बीघा जमीन, सस्ती मिल जाएगी, आगे वही कीमत बन जाएगी, उसम फाटक कहा होगी जमादार कैसे खडा रहेगा, वह जब जाएगा तो जमादार उसे सेल्यूट कैसे मारेगा ?

रोशन लाल ने गाव की नई सेवा सहकारी समिति बनाना तय कर लिया, पहले वाली सोसायटी डिफाल्ट मे है उस पर हजारो रुपये बाकी हैं रोशन लाल और महेन्द्रसिह इस सोसायटी के क्रमश अध्यक्ष व मन्त्री हैं लगभग 20 लाख रुपये सदस्यो के नाम पर लाकर खुद ने फर्जी अगूठ की निशानी कर रुपये खा गये, रोशन लाल ने अपनी पत्नी धापू बाई के नाम से कारोबार प्रारम्भ कर दिया था, और महेन्द्रसिह ने अपनी मा दाखी बाई क नाम सारी जायदाद कर दी थी, क्यों इन लोगो से वसूली के मुकद्दम चलते रहे, अब इनकी तरफ से मोहनसिह ने मन्त्री महोदय को मुकद्दम उठाने का निवेदन किया था और सहकारी समिति ने मुकदमा उठाने का आदेश प्रचलित कर दिया और एक एक प्रतिलिपि महेन्द्रसिह और रोशनलाल को दे दी ।

महेन्द्रसिंह ने रोशनलाल को कहा—भाई, इससे ज्यादा मंत्री महोदय क्या करते, रुपये तो हमारे जिम्मे थे, उनको माफ कर दिया राज्य सरकार में क्या घाटा पड़ेगा ऐसे करोड़ों रुपये हर साल राईट आफ कर दिये जाते हैं।

यद्यपि इसमें पूर्व के सहकारी मन्त्री ने यह आदेश जारी कर दिया था कि इनके मुकदमों का छः माह में निपटारा कर दिया जाय ताकि अपराधी को नसीहत मिले, अगर ये अपराधी नहीं हो तो साफ सुथरा होकर सार्वजनिक जीवन को जी सकें लेकिन दो साल से यह आदेश भी पड़ा रह गया और अब उद्योग मन्त्री के आग्रह पर मुख्य मन्त्री ने आदेश प्रचलित कर दिया।

रोशनलाल ने आंखें बन्द कीं दोनों हाथ जोड़े और प्रभु से प्रार्थना की कि वही है जो हमारी गति विधियों को देखता है जिन गरीबों के नाम पर कर्ज लिए उनसे तो वसूल नहीं होगा रहा राज्य के खजाने का—वहां किसके कमी पड़ती है सब विभागों में लाखों के गबन हैं, अपने अपने मन्त्री आते हैं और वे मुकदमे उठा लेते हैं लेकिन हमारे मन्त्री बड़े साहसी हैं गत वर्ष भी हमारा ही राज्य था लेकिन मन्त्री महोदय ने उसका आदेश दे दिया।

महेन्द्रसिंह—बस अब सम्भल कर चलना चाहिए, रोशनलाल सम्भल कर चलने से क्या लाभ होगा, हम दो गबन करने में रह जाएंगे, सब जगह कुआ में भाग पड़ी है कहां तो आप पीने में गुरेज करेंगे। राज्य का पैसा किसका पैसा है, हम नहीं खाएंगे तो ये पूंजीपति बड़े ढंग से खा जाएंगे। एक पैसा न लगाए और करोड़ों की सम्पत्ति भोगें यह रामधन मशीन खरीदने में 10 लाख खा जाएगा—भवन निर्माण में 2 4 लाख का मुनाफा करेगा—फिर बंगला, कार मोटर, दैनिक भत्ता आदि तो अलग है यह सरकार इन सेठों को पैसे क्यों देती है, बड़े-बड़े अफसर बैठे हैं जो राज्य का काम चला रहे हैं क्या ये अफसर उद्योग धन्धे नहीं चला सकते—अरे सही स्थिति यह है कि ये सब उल भनें भी तो राज्य के बड़ अधिकारियों ने इन सेठों के लिए पैदा की हैं।

अब सुना है कि 51 प्रतिशत शेयर वाले सरकारी कारखाने भी बड़े सेठ हो चलाएंगे तुम्हें मालुम है सरकार को 50 करोड़ से 5 अरब रुपये हर साल नुकसान में दे रहे हैं—ये सेठ नहीं सरकारी अफसर खा रहे हैं और अपनी अयोग्यता की छाप लगा रहे हैं ताकि सब बड़े बड़े कारखाने सरकार इन सेठों को सौंपदे ताकि बड़े अधिकारी सेवा मुक्त होने के बाद बड़ी वेतन शृंखला पर इन ही कारखानों में नौकरी कर लें और तब ये अफसर ही मुनाफा कमाने लगेंगे।

महेन्द्रसिंह शान्ति से सुन रहा था उसने चौंक कर कहा—क्या हमारे मन्त्री इसको नहीं समझते ?

रोशनलाल—क्या नहीं समझते जरूर समझते हैं, लेकिन मन्त्री महोदय को जब धन चाहिए, तो कहां से आएगा ये सेठ ही तो देते हैं यह ऐसा गोल माल है कि आप एक बार इसमें उलझ जाओ तो निकल नहीं सकते।

महेन्द्रसिंह—बस हम भी इस तरह की योजना बनाएं कि जिससे लाखों पर हाथ साफ करें और कोई हमें न पकड़ सके सरकारी ठेके लीजिए और ऊंचे दामों पर और एक ही ठेका आपको लखपति बना देगा, तुम नहीं जानते सारंग का सेठ मुरलीधर पांच वर्ष पहले क्या था ? कच्चे मकान में रहता था, स्कूल में बच्चों को पढ़ाता था और केन्द्र के मन्त्री की कृपा हो गयी कि बस आज उसकी करोड़पतियों में गिनती है।

रामधन भी उधर हो आ गया—ऐसा क्या तरीका है मैं कल ही सारंग जा रहा हूं मेरा तो मुरलीधर सेठ सगा है लेकिन हम चूक कर अब वापिस सही रास्ते पर आ गए हैं, मुख्य मन्त्री एवं मन्त्री महोदय की छत्रछाया रही तो हम भी बड़े धन्ना सेठों की गिनती में आ जाएंगे।

महेन्द्रसिंह ने कहा—सेठ साहब हम मत भूलना—मैंने जो सोचा उससे तो मैं हजार पति भी नहीं हो सकता, खेती में क्या लाभ होगा ?

रोशनलाल—और मुझे भी मत भूलना, हम तीनों साथ ही रहेंगे।

सेठ रामधन—जरूर-जरूर।

रोशनलाल—झूठा ही खाना है तो फिर थोडा क्या, पट भर कर खाए।

हा रघु चमार के लिए चम उद्योग ही चालू करना चाहिए—रामधन अरे रघु चमार और जेता तो हमारे साथ हैं—चम उद्योग दो तरह क होते है एक ग्रामोद्योग म एक बडे उद्योग मे, हम बडे उद्योग स प्रारम्भ करेंगे, चमडा रगाई धुलाई— फिर चमडे के अच्छे से अच्छे सामान बनाना, तुम को नही मालुम यह सामान कई गुणा मुनाफे से बाहर देश म जाता है, बेचारा रघु चमार और जेता भोल भी तर जाए गे और हमारी तो पाचो अगुलिया घी म रहगी।

रोशनलाल—मन सोचा इनकी सहकारी समिति बनालू।

रघु का अध्यक्ष और जेता को म त्री और म भी डाइरेक्टर बन जाऊ लेकिन अब ऐसे छोटे धन्धे क्यो करें? सेठ साहब आप भी बढो और हम भी बढाओ। महेन्द्रसिह आप कल सारग जाकर सारी जानकारी ल लो फिर हम सारी तैयारी कर राजधानी चलें, ताकि जल्दी स जल्दी उद्योग चालू कर सकें। लेकिन म त्री महोदय ने कहा कि गाव म पढे लिख लोगो को रोजगार देने के लिए फहरिस्त भेज दू ताकि उनको नौकरी मिल जाए म यह फहरिस्त बना लू। रघु का लडका दसवी पास है उसको फिलहाल नौकरी पर लगा दू बाद म हमारे कारखान म लगा देंगे।

मोहनसिह आ गया। हा, सारग का सठ हरिकिशन आया है मुझे राजधानी ले जाने क लिए म त्री महोदय से काम है वह मै ही करा सकता हू।

क्या कह रहा है?

मोहनसिह माला 10 हजार से आग नही बढ रहा है और जो हुक्म होगा उसम उसको 25 लाख का फायदा होगा।

महेन्द्रसिह तुम मुझ मिला दो, एक लाख स नीचे सोदा मत करना, हम इसको चारो म बाट लेंग, अब हम सब एक हैं एक कमाएगा,

उसम दूसर का हिस्सा है हा तहसीलदार आया था, 2 हजार दे रहा है, उसके तबादले की बात न छेड़ें।

रोशनलाल–फिर उसको सबक कस मिलेगा–कि हम चाहे तो रखें, नही चाहे तो वह एक मिनट नही टिक सकता।

मोहनसिंह–अब कसम खाता है कि वह हमारे इशारे पर चलेगा कभी इधर उधर नही जाएगा और हर महीने हमे 500/ रु माहवार देगा।

साला कन्जूस है तुम्हे नही मालुम 10000/ रु महीना रिश्वत खाता है और फिर हमारा सरक्षण लेकर तो कितना खाएगा भगवान जाने, इसलिए उससे कहो कि कम स कम 2000/- र महीने तो दे भाई रात दिन काम आएगा राजधानी जाने का खर्चा कहा से लाए गे।

महेन्द्रसिह–थानेदार भी तो बहुत खा रहा है बस 2000/ रु माहवारी देता रहे नही तो सालो का पार काटो।

मोहनसिह–तहसीलदार तो यही आया हुआ है, म त्री महोदय ने उसको हमारा आतिथ्य करने के आदेश दिए उससे हमारा रुतबा बढ गया, 2000/ रु से नीचे नही लेना, आने वाला तहसीलदार इससे ज्यादा देगा और फिर इस बेईमान तहसीलदार को भी सबक मिलेगा, हमारी वाहवाही हो जाएगी कि हम भ्रष्टाचार को जड स समाप्त करने पर तुले हैं और तहसीलदार का इसी कारण तबादला कराया है इसलिए मैं सोचता हू म उसको कह दू कि न वे उससे रुपया लेंगे और न उसके भ्रष्टाचार को पनपने देंगे।

रोशनलाल–यह अच्छा है, कल अखबार म निकलवा देना चाहिए कि तहसीलदार हमे 2000/ रु दे रहा है, हम ऐसे भ्रष्ट तहसीलदार को नही रखेंगे।

मोहनसिह–सोच लो।

महेन्द्रसिह–हा अभी तो तहसीलदार हमारा दास हो जाएगा सेठ रामधन को अपने उद्योगो के लिए जमीन आबटन कराना होगा,

रा ख्याल है 2000/ रु म राजी हो जाए तो अभी किसी तरह का
उफान मत उठाओ कई मौके आएंगे और जो हम पर किसी तरह का
लाछन लगाएगा तो हम फौरन उसका तबादला करा देंगे, अरे तह
सीलदार की क्या हस्ती है अभी तो दो हजार रुपये की बात करलो,
आगे फिर देखा जाएगा, जब चाहेंगे तबादला हो जाएगा, मन्त्री जी को
बहुत की जरूरत है।

सब न कहा-ठीक है लेकिन अभी तो कई डाकू बठे हैं, हम उन
डाकुओं को सम्भाल लें तो लोग अपने आप आ जाएंगे, हा याद रखना
है कि महेन्द्रसिंह जी मोहनसिंह जी, रोशनलाल को ही इसम शरीक
रखा जाए सेठ साहब तो यों ही बहुत बडा हाथ मार रहे हैं पूरी 5
कराड की मशीन ले रहे हैं, रोशनलाल ने कहा-हम अधिक हल्ले मे नही
पडना है।

महेन्द्रसिंह न कहा-म थानेदार को बुलाकर कल बात कर लेता
हू यो मेरा रिश्तेदार है लेकिन 10000/ रु माहवार पर हाथ साफ
करता है, बाट बाट कर खाना चाहिए।

भाई 2000/ रु की इससे भी बात कर लू आगे फिर देखा
जाएगा यो थानेदार का व्यवहार अच्छा है सबको बराबर समझता है,
उसने अच्छा असूल बना रखा है सबकी बात मानता है और उनके
हुक्म की तामील करता है।

मोहनसिंह-और आवरसियर की रिश्वत को नही जानते साला,
सबसे ज्यादा डकारता है। 20000/ रु महीना।

रोशनलाल-अच्छा ?

मही तो-अरे 1/ रु का काम कराना हो तो 5/ रु खर्च करो
ताल म झूठ मोल मे बेईमानी, नाप तो मत पूछो कुल नाप तो 10
फुट दर्ज करता है सुना नही गुना है सडक निर्माण हुआ नही हुआ,
हिसाब उठाकर 1300000/ रु उठा लिए।

य माल तनख्वाह की क्या परवा करें महीने के 600/ रु
मही मिलती है सोचता हू 5000/ रु महीना बाध लेने चाहिए कौन

बात करेगा—रोशनलाल ने उग्र होकर कहा—मोहनसिंह में बात कर लूगा।

महेन्द्रसिंह—तुम नही जानते बडा जोरो का आदमी है, कई के छक्के छुडा चुका है।

मोहनसिंह—बुद्ध का ज्यादा हो तो।

रोशनलाल—देख लेना हम कौन सा घी तौल रहे हैं, हम लेते ही नहीं लेकिन गावाई काम के लिए रोज पातरे राजधानी जाना पडेगा, खर्चा तो लगेगा, गांठ का गोपी चन्दन कब तक लगाते रहगे।

सेठ रामधन—भाई जब तक मेरी मिल चालू नही होती तब तक—मै एसे खर्चे होगे तो कहा से करू गा, कल मन्त्री महोदय आए गे मुख्य मन्त्री भी आ सकते हैं, उनका स्वागत सत्कार करना हो तो बताओ भला कहां से होगा।

अरे सेठ तुम्हारे कौन सी कमी है और यो ऐसे काम के लिए जरूरत पडी तो खच होगा ही—हम पीछे रहगे क्या ? एक ही दावत मे 5000/ रु का खर्चा समझो, गरीब घर बक को सहायता देना होगा तो वहां स आएगा, बिना खर्चे के आप हिलडुल ही नही सकते इन अफसरो के नाक म नकेल डालना चाहिए, चोरी करते हैं तो भले काम मे खच भी करें रोशनलाल जोर से हंसा।

———

मारव ग्राम मे बहुत बडी डकैती हो गयी, सेठ मोहन च द के यहा बच्ची का विवाह था। सब महमान एकत्रित हुए, लगभग 100 महिलाए और 200 पुरुष बाहर से आये थे महिलाओ की ठहरने की व्यवस्था मोहन चन्द के घर पर ही रखी गयी, पुरुषो की ठहरने की व्यवस्था अलग अलग स्थानो पर की गयी। विवाह की पूर्व सध्या को बिन्दौरी लगभग 7 बजे निकली और गाव भर म घूम कर 10 बजे घर पहुची, इतने म चार जीपें गांव म आयीं और मोहन चन्द के मकान को घेर कर रिवालवर निकाल कर खड हो गये डाकू न चेतावनी दी—

समारोह जो कोई आगे बढ़ा और बकाया डाकू मोहन चन्द के मकान म दाखिल हुए सब मेहमानों का जेवर एकत्रित कर जीप म रख दिया, युवा महिलाओं क साथ बलात्कार किया। सारण म ही पुलिस थाना था लेकिन कोई नहीं आया सेठ ने रामू दरोगा को थाने म खबर देने के लिए भी भेजा था लेकिन पुलिस वाले पहुचे तब तक लूट कर डाकू भाग गये गाव क किसी आदमी ने साहस नहीं किया, कुल 8 डाकू थे, दो बन्दूक लेकर खड़े हो गये बकाया ने औरतो के जेवर उतार, लगभग एक हजार तोला सोना और 500 किलो चांदी लेकर चले गए, गाव म किसी को साहस नहीं हुआ कि उनको रोकता। लगभग 25 लाख की डकैती थी और राज्य म पहली इतनी बडी डकैती पडी थी उद्योग मन्त्री चन्द्र सिंह फौरन सारण पहुचे। अपने साथ आई जी एवं विशिष्ट पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे राज्य की ओर से 50 हजार का इनाम घोषित किया गया और राज्य क डकैती के विशिष्ट अधिकारियों को तफतीश सौंपी गयी लेकिन गाव मे ही सेठ के विरोधी लोग थे जिनको यह आनन्द आ रहा था कि मक्खीचूस की मक्खी चूसी आज जाहिर हो गयी लेकिन नुकसान का 90 प्रतिशत भाग सेठ के मेहमानों का था जो विवाह म आए थ। पुलिस म रामलाल दरोगा का बयान हुआ, उसमे जो भयावह चित्र प्रस्तुत किया वह इस प्रकार था—

6 डाकू मकान म घुसे दो आदमी रिवालवर निकालकर खड़े हो गए और 4 डाकुओं ने घर म घुस कर औरतो के जेवर उतरवाय उनकी पटियों की तलाशी ली और जो युवा थी उनके साथ बलात्कार किया— पुरुष बाहर खड़े रह और जब सब लूटकर ले गये तो पुरुष घर म घुस कुल 6 युवतियों के साथ बलात्कार हुआ लेकिन किसी भी युवती न बलात्कार की बात नहीं कही।

सारण क सेठ की पीढ़ियों से सेठ रामधन के साथ दुश्मनी चली आ रही थी और सेठ मोहन चन्द की शका यह थी कि सेठ रामधन ने ही यह डकैती करवाई है। पुलिस के पास काफी गुंजाइश थी इस बात

की कि सेठ रामधन चोरी के माल को खरीदता रहा है डाकुओं को सरक्षण भी देता रहा है।

इसलिए पुलिस अधीक्षक ने पहले रामधन को बुलाया, रात को *11 बजे एक जीप आई तो लोग चौंक गए लेकिन वह जीप आई जैसी* चली गयी किसी को मालूम भी नही हुआ। सुबह रामधन के घर पर हा हा कार मच गया कि रात को डाकू आए और रामधन को अपने साथ ले गये, गाव वाले इकटठे हुए। महेन्द्र सिंह मोहन सिंह, रोशन लाल रामदत्त, नन्दा रघु चमार भूरा भील और कई इकटठे हुए और *रोशन लाल ने म त्री महोदय को फोन किया कि रामधन को कोई रात* को उठा ले गया, वापिस अब तक नही आया—इस पर म त्री महोदय ने थानेदार को फोन किया तो पता लगा कि डकैती की पतेरसी म सेठ रामधन की पूछताछ चल रही है। इसी सिलसिले मे यह भी पता लगा कि सेठ रामधन चोरी का माल लेता रहा है। सुबह ही उनके द्वारा दिया हुआ सोने का जेवर–रेवत राम बजारा से बरामद हुआ है।

उद्योग म त्री ने किसी तरह की दखल देने की बात नही की, यदि रामधन से पता चल सके तो बहुत बडी बात होगी, यो इन्द्र सिंह को मालूम है कि सेठ रामधन चोरी का माल खरीदता रहता है।

सेठ रामधन के भाइ भतीजे, और मोहन सिंह इस पैरवी म लग गए कि रामधन को छुडा लाए मोहन सिंह न फोन किया तो इन्द्र सिंह ने कहा—इसमे अपने को दखल नही देना चाहिये, वरना राज्य की सबसे बडी डकैती का पता नही लग पाएगा।

मोहन सिंह पीछे हट गया लेकिन सेठ रामधन के भाई ने 25000) रुपय देकर रामधन को छुडा लिया। चोरी के माल खरीदने की बात समाप्त कर दी गयी और यह कहा गया कि वतमान डकैती के सम्बन्ध स उसका नाम लिया जा रहा है वह मात्र दुश्मनी के कारण है।

हेड का सटेबुल गाव-गाव बिखर गए और ऐसे किसी आदमी को नहीं छोडा जो चोरी का माल खरीदने क सम्बन्ध म पुलिस म पकिस है।

सौ डेढ सौ व्यक्तियों से लगभग 5 लाख रुपये ठग कर ग्राम की कार्यवाही खत्म कर दी कोई गाव ऐसा नहीं बचा जिसमे शंका भरे व्यक्तियों का गिरफ्तार नहीं किया गया—उनको गाव मे लाया गया और पहिचान कराई गयी महिलाओ ने अधिकाश को पहचाना लेकिन उनके द्वारा किसी चोरी की चीज की बरामदी नही हुई। किसी से एक हजार किसी से 2000) तो किसी से 5000) रु लेकर छोड दिए गए। विधान सभा म कई प्रश्न प्राय पुलिस निकम्मी है, वह रिश्वत खाकर मुकदमे को बिगाड रही है—4 जीपें थी, किसी का भी नम्बर नहीं बताया गया। 8 डाकुओ म एक भी पकडा नही गया—और 3-4 माह बाद मुकदमे की पतरमी को एक थानेदार की साधारण तफतीश की तरह दफ्तर विशेष कार्यवाही बन्द कर दी गई।

रामधन ने रोशन लाल महेन्द्र सिंह मोहन सिंह का कहा कि पुलिस ने उसके साथ मारपीट की और पूरे 25000) रु रिश्वत के लिए थानेदार से जहा हम मासिक देते वहा पहले ही बार म उसने हमें परेशान कर दिया आज मुझे किया कल तुम्हें करेगा, परसो और को करेगा—

महेन्द्र सिंह ने कहा—साले की नानी याद करा दू गा, उसके खून म से 25 हजार की जगह 50 हजार वसूल नही किए तो मेरे बाप का मूत नही हू। अभी तो हमारे मासिक चन्दे की बात भी नहीं की है इसके साथ ही इन 25000 को वापिस निकलवाने का काम भी हमारा है सेठ साहब आप तो मिल लगाने म लग जाइये हम हैं किस काम के ?

मोहन सिंह आज ही थानेदार आ रहे हैं मैं उस रावले म बुलाऊगा और पूछूगा कि हम सब मन्त्री महोदय के आदमी हैं, उसने सेठ पर वार कर किया-मान गया तो ठीक नहीं तो बन्द स ही लेन हाजिर आप इसलिए मेरे हुक्कट जब पीठ पर बन्द दीवान साहब का हाथ है तो डर किस बात का—और इन 25000) रु को तो निकाल सु मा हो उसका मासिक भी तय कर लेता हू सेठ साहब आप ता अपना

मिल चालू रखिए गाँव में एक कारखाना लग गया तो हमारा गाँव बड़े शहर को मनक पा लेगा, लेकिन मेरी म त्री महोत्य स बात हुई, उसमे उन्होंने बताया कि पुलिस के पास सबूत हैं कि सेठ चोरी का माल लेता देता है लेकिन एक डाका पड़ा, पुलिस न इस डकैती की बरामदगी म कई डाक वाले पूर 1000000) रु वसूल किये, समझो यह दूसरा डाका था, पचास हजार क इनाम की कौन परवाह करे–

रोशन लाल–अच्छा ? पुलिस अपना हाथ साफ करती है तो ऐसी कि कुछ मत कहिए। चारो ओर आदमियो स पूछताछ करती है उनको फमाने का डर बताती है और रिश्वत खाकर छोड़ देती है–अजी स्साले–ये पुलिस अफसर किसी की गल नही गलने देते, हमारे म त्री महोत्य ने फौरन एस पी से पूछताछ की कि सेठ रामधन जस प्रसिद्ध सेठ को क्यों गिरफ्तार किया, फौरन कह दिया हुजूर यह डाका ही उनकी प्रेरणा से पड़ा है, तलाश करते हैं, म त्री महोत्य क्या भला ऐसा नहीं कहत, मह द्र सिह जी इसका जवाब देंगे।

इतने म सामन से थानेदार रमझू खाँ गाँव में आता नजर आया और इनके पास आकर रुका–ये सब सेठ रामधन के मकान के बाहर चबूतरे पर बैठे थ।

महेन्द्र सिह उठा, थानेदार साहब चलिए रावल म चलें, यहाँ बाजार मे बठने से लाभ क्या ?

सेठ रामधन हाथ जोड़े खड़ा था, उसको जसकी नानी याद आ रही थी, उसक घुटनों, कुहनियो और ऊपर म जो मार पड़ी थी–थानेदार का डंडा देखकर ताजा हो गयी, थानेदार ने सेठ को कहा–बस मैं आता हू आप यहा बठिए लेकिन बाबू महेन्द्र सिह जी आप रावले चलिए मैं सठ साहब से दो टूक बात ही करलू ।

महेन्द्र सिह हँसा–दो टूक बात ही तो और तो कुछ नही–आपको मालूम है हम सब सत्ताधारी दल म शरीक हो गए हैं, अभी पूरे एक सप्ताह मन्त्री महोदय के मेहमान रहकर आए सारंग स्टशन पर तहसीलदार मिला था मैं सोचता हू अब सुधर गया है, हमारी वो खातिरदारी की कि कुछ कहते नही बनता।

लेकिन मुझे तलाशी तो लेना पड़ेगा, नही लूंगा तो उल्टा बदनाम हो जाऊंगा। और 25000) रु मेरी क्या औकात ये ठेठ ऊपर तक पहुंचते हैं।

सेठ पैर पकड़े गिड़गिड़ा रहा था–उसने अपनी पगड़ी उतारी और थानेदार के पैरो म रखदी।

थानेदार ने कहा–कागज तो भरने पड़ेंगे, चलो म तलाशी नही लूं मेरे पास सबूत है कि डकैती का माल आप यहां रखते हैं–एक बार हमने आपके जेवर ले लिया तो समझिए आप से तो गया हो, 10 वर्ष बाद भी आप नही ले सकेंगे।

सेठ रामधन ने थानेदार के पैरो में सिर टेक दिया थानेदार साहब मेरी इज्जत आपके हाथ मे है खरीद फरोक्त तो होती है, कौन जाने कौनसी वस्तु चोरी की होती है।

आप 10 हजार रुपए और ले आइए और म ऊपरी ऊपरी तलाशी ले लेता हूं तहखाने म माल रखा है उसकी तलाशी नही लूंगा। आप इसके बाद माल इधर उधर कर दीजिए सोना गला लीजिए हम आपकी इज्जत बिगाडने से क्या मिलता है, हमें मालूम है *आप डकैत तो हैं नही, डकैती का माल ही तो लेते हैं।*

सेठ उठा और अन्दर गया 10 हजार के नोट लाकर थानेदार को दिए–थानेदार ने 5 पचो को इकट्ठा किया, उसकी बैठक के नीचे तहखाना है उस पर दरी और गद्दी बिछी है।

पचनामा बना, कोई चीज बरामदगी नही हुई खाना पूर्ति की कार्यवाही हो गई और दस हजार रुपए देकर सेठ ने एक बहुत बड़ी डकैती के माल खरीदने से मुक्त दोषी पायी।

महेंद्रसिंह भी काफी इन्तजार के बाद वहा आ गया, तलाशी में वह भी शरीक हुआ, सेठ की वाह वाह हो गयी।

फिर थानेदार रावले मे गया वहा चाय, पानी और भोजन का प्रबन्ध था।

महेंद्रसिंह ने कहा–देखो थानेदार साहब, उद्योग म भी की

बुरी जगह नही आप नही कमाते होगे आप से पहले वाला 20000) रु मासिक कमाता था, मेरा मौसी आया भाई ही तो था और हम क्या या ही ले रहे हैं, समझिये सब ठीक होगा–कार्यवाही तो रात दिन चल सकती है झूठी सच्ची शिकायतें लगाना मामूली बात है आपकी तरफ से भी कोई बोलने वाला हो।

थानेदार–ठाकुर साहब मैंने आज तक कभी रिश्वत नही ली, अब आप चाहें तो 1000) रु महावार इकट्ठा करूगा।

नही थानेदार साहब इससे काम नही चलेगा राज आपके पास काम आता रहता है आप 2000) रु का प्रबन्ध कर दें हमारा काम भी चलता रहे और आपका भी महेन्द्रसिंह जोरों से हँसा।

थानेदार ने दोनो हाथ जोड दिये। मै जब बाहर जाता हू तो किसी के यहा पानी तक नही पीता, रिश्वत लेना तो दूर लेकिन फिर भी दीवान जी को कहकर आपकी आज्ञा का पालन करूगा, एक हजार भी मुझे मुश्किल मालूम पडता है दो हजार कैसे होगे।

महेन्द्रसिंह का क्रोध आ गया, तो आप जानें आपका काम जाने, बस मैं तो कह चुका–रमेश चन्द्र शर्मा मोहनपुरा का थानेदार है कल ही आया, सारंग आना चाहता है, और बडी खुशी से 2000) रु मासिक की व्यवस्था कर देगा–खुद भले ही कुछ ले–ऊपर उद्योग मन्त्री जी ही क्यो मुख्य मन्त्री जी की छाया भी सदैव बनी रहेगी–छोडिए आप जैसे ईमानदार थानेदार के लिए 2000) रु ही क्यो एक हजार भी मुश्किल है–चलिए भोजन कर लेते हैं, आपको देर हो रही है, और थानेदार साहब अपनी ईमानदारी की टांग मत मारिए, अभी भी फोन कर मैं एस पी साहब को बुलाकर आपकी जेब की तलाशी लिवा सकता हू, सेठ के तहखाने की तलाशी क्यों नहीं ली, जब कि आपको मालूम है कि आप तलाशी लेते तो 20 लाख का चोरी का माल बरामद होता, स्साला रामधन–हमारे साथ क्यों लगा है अपने पापो पर पर्दा डालने। आप उसके बाप निकले, पूरे 10 लिए हैं न ?

खर छोडिए आपकी ईमानदारी को मैं क्या चुनौती दू, और कसम खानी है कि आपसे जो रकम आएगी पहले सार्वजनिक खर्चे में लगाए गे, एक पैसा भी नहा खाए ग ।

थानेदार म पसीना आ गया ठाकुर साहब आप तो नाराज हो गए। हमने सेठ रामधन की तलाशी भी इसलिए नहा ली कि वह गोयाल साहब का आदमी है आपके साथ है तो फिर 2000) रु मासिक आपके पास पहुचते रहेंगे-

आपकी कृपा चाहिए-हा ठाकुर साहब मेरी प्रमोशन होने वाली है, मैरिट का प्रश्न है-आप जानते हैं जिस मन्त्री महोदय चाहें वह मैरिट वाला हो जाता है बस आप यह काम करा देंगे, बाल बच्चों का भला होगा और मैं जिन्दगी भर आपका अहसान नहीं भूलू गा ।

ठाकुर महेन्द्रसिंह ने थानेदार का हाथ पकडा आप देखेंगे हमे जो करना है वह हम करेंगे आप को जो करना है आप करेंगे-दोनों हाथ साथ धुलते हैं एक हाथ से ताली नहीं बजती ।

थानेदार-आप बजा फरमा रहे हैं, मेरी खिदमत करने का काम है, वह करता रहूगा-आप की नजर रही तो मैं डी एस पी बन जाऊ गा तब नीचे के थानेदार को वह कर आप जितनी जरूरत समझेंग करा दू गा ।

वह तो होगा ही । ठाकुर ने थानेदार का हाथ पकडा और उसको भोजनकक्ष म ले गया।

महेन्द्रसिंह सारण क्षेत्र का प्रतिनिधि ही नहीं बना वह राज्य भर के लोगो के व्यक्तिगत एव सामूहिक आरोपो को निपटाने का माध्यम बन गया इन्द्रसिंह उप मुख्य मन्त्री ही नहीं वे बडे शक्तिशाली मन्त्री थे और महेन्द्रसिंह के द्वारा अन्य क्षेत्र के लोग भी इन्द्रसिंह या मुख्य मन्त्री के पास पहुचने लगे ।

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

सारण का अब्दुल हुसन ईशाली चद्दर, सीमेन्ट और फौलाद के कोटे के लिए जब महेन्द्र सिंह क पास आए इसक पहले राज्य मे कवल दो व्यापारियो को कोटा दिया जाता रहा है उद्योग मन्त्री का निजी क्षेत्र होने से तीसरे व्यापारी अब्दुल हुसन ईशाली को कोटा दिलाना था–व्यापारी ने महेन्द्रसिंह को 20000) रु दिए–महेन्द्रसिंह न म त्री महोदय से आदेश प्राप्त कर लिया और राज्य भर के लिए निश्चित कोटे मे से तीसरा हिस्सा व्यापारी को दिया जाने लगा–यह आदेश महेन्द्रसिंह का मुख्य मन्त्री का नजदीकी व्यक्ति बना गया, फिर तो पुलिस, प्रशासनिक एव अन्य अधिकारियो के स्थानान्तरण का काय भी महेन्द्रसिंह को मिल गया–और वह इस महान काय के लिए राजधानी म एक विशाल मकान लेकर रहन लगा–आलीशान कोठी, कार नौकर सब व्यवस्था हो गयी ।

सेठ रामधन को सूती मिल चलाने का आदेश प्राप्त हो गया और उसके साथ ही–उसे राज्य के वित्त निगम से ऋण मिल गया–धरती पूजन के लिए मुख्य म त्री और उद्योग म त्री पधारे–जिन्होने घोषणा की कि हमारे दल के उद्देश्य के अनुसार राज्य के प्रत्येक गाव मे उद्योग ध धे चलें, लोगो को रोजगार मोहिया हो ।

सेठ रामधन ने हाथ जोडकर कहा कि उसने मिल की स्थापना भी कवल गाव में रोजगार देने के लिए की है ।

रघु चमार ने मन ही मन कहा–मेरा चम उद्योग कब चलेगा—उसने एक उसास भरी, वह सभा स्थल मे एक तरफ बैठा था, जेता भील और दूसरे आदिवासी एव जनजाति या अनुसूचित जाति के लोग भी एक तरफ बैठ बठ सुन रहे थे । उद्योग म त्री क भाषण के बाद मुख्य मन्त्री न कहा–भाईयो हमारा उद्देश्य उन गरीब तबके को ऊपर उठाना है जिसे आज दो टक भोजन नहीं मिलता—हम चाहते हैं कि गाव में एक भी आदमी निरक्षर नही रहे । कोई ऐसा न हो, जिसे रोजगार मोहिया न हो, आपके ही नही समस्त ग्रामो को सडक से जोड़ा जाएगा, बिजली लगाई जायेगी । आप बटन दबाकर खेत पर सो जाइए, नीन्द

उठे तो देखेंगे कि बिजली से सारे खेत की सिंचाई हो गई। यह दिन दूर
नहीं जब गांव में कोई कच्चा मकान नहीं रहेगा हमने योजना बनाई
है कि कोयले से नहीं वरन् चुम्बक क्षेत्र से जो पृथ्वी के चारों ओर
फैला पड़ा है, बिजली का उत्पादन करें। आप जानते हैं हमारा राज्य
प्रथम है जहां सूर्य की उष्णता से भोजन बन रहा है जगत कन्ना अ
होने वाले हैं हो हमारे इंजिनियरों ने ही अपनी वैज्ञानिक खोज से
आकाश में फैले बादलों को एकत्रित कर मनचाही बरसात कराने का
जिम्मा लिया है अब हम सोचते हैं हमारे राज्य में कभी अकाल नहीं
पड़ेगा। एक बात और बता देना चाहूंगा कि इस महान यज्ञ में मैं
आपकी सहायता चाहता हूं आपका योग चाहता हूं ताकि हम आगे
बढ़ सकें और विश्व के राज्यों में हम अग्रणी बन सकें।

ये काम तब सम्भव हो सकेगा जब भ्रष्टाचार समाप्त हो
काला धन गायब हो जाए। भ्रष्टाचार का उन्मूलन कर हम राष्ट्र को
शक्तिशाली बनाना चाहते हैं। जिस देश में भ्रष्टाचार है वह देश तरक्की
नहीं कर सकता है हमने तय किया है कि हम पक्षपात से दूर रहेंगे।
किसी भी व्यक्ति को हमारे पास पहुंच कर अपने अभियोग को रखना
चाहिए हम उसके अभियोग को सुनकर उसके कार्य की पूर्ति करेंगे।

गांव के प्रत्येक नागरिक के रहने का मकान, खेती के लिए जमीन
और सिंचाई के साधन होंगे। आप के पास उत्थान नाम की नदी पर
एक बांध बनाया जा रहा है हमने उसका सर्वेक्षण करा लिया है, 100
करोड़ की लागत का बांध। कोई खेत ऐसा नहीं रहेगा, जिसमें पानी
नहीं पहुंचे। खेती के कार्य को औद्योगिक कार्य समझा जाएगा, हमारे
देश में दूध की नदियां बहती थी, आप देखेंगे कि शीघ्र ही दूध की
नदियां बहने लगेंगी हम आज ही घोषणा करते हैं कि आपके गांव में
उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपये देते
हैं सेठ रामधन एक लाख रुपये लगायेंगे।

मैं भूला नहीं हूं अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए हमने
हितकारी योजनाएं बनायी हैं चर्म उद्योग की स्थापना आपके रघु भाई

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

ने आवेदन पत्र दिया है, मैं समझता हू आगामी महीने मे आपके उद्योग मन्त्री जी उसका शिलान्यास करेंगे।

लेकिन मैं आपस कहना चाहूगा कि विकास की दौड मे आपका भी बहुत बडा दायित्व है आप राज्य से काम कराने के लिए किसी को एक पैसा भी न दे।

कोई काम करन म देरी करे या रिश्वत मागे तो आप मुझे या उद्योग म त्री से शिकायत कर सकते हैं, गरीबी बहुत बुरी चीज है उसका उन्मूलन अकेला राज्य नही कर सकता, उसमे सब का योग चाहिए।

आपके यहा तो राज्य मे आदिम जाति एव जन जाति के लोगो की सख्या भी बहुत बडी है हमने उनके लिए भी बडी बडी योजनाए बनाई है जिससे उन सबको उनके अनुकूल व्यवसाय दे सकें।

हा जो श्रम करता है और कमाता है जो उत्पादन करता है उसे उसकी वस्तु के पूरे पैसे मिलने चाहिएँ। इसके लिए हम चाहते हैं कि सहकारी सस्थाओ को मजबूत किया जाए ताकि उनको आढत म उनको पूरी रकम मिल जाए। राज्य के सामने बडी बडी योजनाए है, उनको शीघ्र ही चालू किया जाएगा आपके उद्योग मन्त्री बडे योग्य व्यक्ति हैं अपने क्षेत्र को ही नही, सम्पूर्ण राज्य को उद्योगों से भर देना चाहते हैं।

इन्द्रसिंह न जिस व्यक्ति को विधान सभा चुनाव मे हराया था—आज मुख्य मन्त्री के पास डायस पर बैठा था।

मुख्य म त्री महोदय न कहा—आज मैं अपने साथी दौलतराम जी मरण को नही भूल सकता, यद्यपि य आपके क्षेत्र से हारे हैं लेकिन उनमे बहुत बडी लगन है और राज्य क विकास के लिए वे हमारे ही अग बन गए हैं। अब दोनो उम्मीदवार श्री इन्द्रसिंह जी और दौलतराम जी दोनो मिलकर कधे से कधा मिलाकर आपके क्षेत्र को आगे बढान म योगदान देंग वे अपन समस्त दल के साथियो क साथ एक हैं आपके क्षेत्र क विकास मे भागीदार हो रह हैं।

इन्द्रसिंह ने उठकर कहा—मैं माननीय दौलतराम जी से कहूंगा कि वे अपनी बात कहें वे मेरे निकट मित्र और साथी हैं, उनका योग पाकर मैं प्रसन्न हूं अब आपके यहां दो दल न होकर एक ही दल रहेगा ताकि विकास की गति तेज हो और आपका क्षेत्र राज्य में सबसे आगे हो।

दौलतराम उठे लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट में आवाजें दीं, दौलतराम जी जिन्दाबाद, भरत सिंह जिन्दाबाद के नारे लगाये।

मुझे आज प्रसन्नता है कि हमारे मुख्य मंत्री हमारे जनतांत्रिक दल के नेता हैं मेरे ही आग्रह पर हमारे प्रतिनिधि जनता के बीच दल में आए हैं मैं उनका स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हम भ्रष्टाचार को समाप्त करेंगे और देश के विकास में सम्मिलित होंगे।

हमें खुशी है कि अब जोकताजि नक मोर्चे के कोई कार्यकर्ता हमारे बीच में भेद नहीं है हम सब एक ही कुटुम्ब के सदस्य बन गए हैं, मैं चाहता हूं कि हमारे मंत्री के हर काम में मैं सामन्ता बढ़ और जनता की सेवा में अपना सर्वस्व होम कर सकूं। महेन्द्रसिंह जी ने धन्यवाद दिया, उसके बाद मिल की जमीन पर शामियाने में वृन्द भोजन की व्यवस्था थी जिसमें सारा गांव शरीक हुआ।

थानेदार सुप्रिन्टेन्डेन्ट पुलिस तहसीलदार आकर स्थिर मंच पर उपस्थित थे लेकिन वे किस से शिकायत करें कि राजनैतिक कार्यकर्ता उनसे चौथ वसूल कर रहे हैं। थानेदार ने तहसीलदार को कहा मैं कसम खाता हूं एक पैसा भी किसी से रिश्वत का नहीं लूंगा लेकिन ये भेड़िए हमें ईमानदार नहीं रहने देंगे।

तहसीलदार हंसा मुझे तो चेतावनी दे दी गई कि आप ना मानेंगे मैं तीस हजार रुपए नहीं दिए तो मेरा तबादला करा देंगे और ऐसी जगह फेंक देंगे, जहां मैं किसी की सेवा नहीं कर सकूं। आखिरकार उदास था—क्या करें ? नौकरी नहीं करें तो बच्चे भूखे मरें लेकिन इन भेड़ियों का पेट बड़ा हो गया है, मुझसे कहते हैं 5000/ रु महिना दूं नहीं तो तबादला करा देंगे

सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

यह डर, तलवार की तरह लटकता रहता है, एक क्षण भी हमे चैन से नहीं रहने देता, अरे साहब मुझे क्या मिलता है ? एक परत 2 बाकी तो सब ऊपर के खा जाते हैं ऊपर वाले से बड़े नेता खाते है यह पटवारी साहब खडे हैं इनके जिम्मे 500/- रु रखे हैं फिर मुख्य म न्त्री जी के भाषण का क्या होगा ? देश का विकास कसे होगा ?

पास मे एक पण्डित दीनदयाल खडा था उसने कहा—भ्रष्टाचार तो इन राजनेताओं से प्रारम्भ होता है आप नही जानते इन्द्रसिह जी को, उप मुख्य मन्त्री पद के साथ साथ 20 लाख रु दिए गए थे, य 20 लाख रुपये कहा से आए ?

तहसीलदार हमा—अरे छोटे को छोटा खाता है बडे का बडा खाता है मुख्य म त्री बने तो पूरे 10 करोड रुपये बटे हैं दल बदलू बनाये गये, भ्रष्टाचार तो वहा से प्रारम्भ होता है मुख्य मन्त्री जी ने 30–40 सेठो को पकड लिया उन्होने दल बदलुओ को पमा चटाया और अब राज्य से वे ही सेठ मनमानी रियायतें ले रहे हैं लेकिन मुख्य म त्री जी से कौन कहे कि उनके मुख्य म त्री बनने म जब 10 करोड का भ्रष्टाचार पनपा तो फिर हम छोटे मोटे भ्रष्टाचार को कौन रोक सकता है ।

थानदार को ताव आ गया म 2000) रुपय महीना वहा स दू तबादला करा दें लेने हाजिर कर दें—आज सेठ रामधन पूरे 50 हजार दावत मे खच कर रहा—10 हजार आदमियो का भोजन है, 100 आदमियो से ऊपर जीमाना अपराध है यह अपराध नहीं है, मैंने एस पी साहब से बात की है कि सेठ रामधन को इस अपराध म गिरफ्तार कर दू और इन पर मुकदमा चलाऊ । लेकिन एस पी साहब हम पडे—मुझे न्सवर बोले—तरा दिमाग फिर गया है, अर सेठ रामधन को पकडो तो मुख्य मन्त्री को भी पकडो । भोजन करने वाला, जीमने वाला दोनों अपराधी हैं बेवकूफी मत कर लना लेकिन अब क्या करू, मैन आज तक रिश्वत नही ली, अब लू और उनमें बाटू । पाप का भागी मैं और मौज करे महेन्द्रसिंह जी । तहसीलदार न चुटकी

सो सेठ रामधन कह रहा था कि तुमने रामधन से पूरे 40000/ रु लिए हैं।

थानेदार को क्रोध आ गया, स्साला झूठा है, हाँ कुछ रकम लेकर मैंने रियायत की है कि रहमान की तलाशी नहीं ली, लेकिन मेरे को सौगंध है कि रिश्वत के पैसों को अपने निए काम में नहीं लेता, यह पैसा कभी फलता नहीं है। पग पग फूटकर निकलता है, हड्डी तोड़ता है बच्चों के काम में ले तो बच्चे बिगड़ जाते हैं वे भी भ्रष्टाचारी हो जाते हैं। मैंने रुपया लिया और बड़े अफसरों को पहुँचा दिया उनको पेश नहीं करें तो शायद एक दिन भी नौकरी नहीं कर सकता, आप जानते हैं रहमान खाँ इतना ईमानदार था कि किसी के यहाँ भोजन नहीं करता था बड़े अफसरों की भी कभी पूर्ति नहीं करता था, कभी किसी थाने पर एक महीने से ज्यादा नहीं रहा दस हजारी उसकी नौकरी थी।

और अंत में क्या हुआ? आप शायद नहीं जानते, उसे नाकाबिल करार देकर हैड कांस्टबिल बना दिया गया और कुछ दिन बाद उसे पुलिस सेवा के लिए अयोग्य सिद्ध कर नौकरी से निकाल दिया। इस झूठे आरोप ने उसको आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया, वहाँ भी असफल रहा कुएँ में गिरा लेकिन निकाल लिया गया। तब विवश होकर उसने जबान खोली। भाई साहब वह हमारे माथे पर पुलिस के ललाट पर ऐसा काला धब्बा है कि कभी धुल नहीं सकता कभी साफ नहीं हो सकेगा।

महेन्द्रसिंह—इसलिए हमने भी यह सौगंध खाई है कि इस खोटे पैसे को अपने काम में नहीं लेंगे—जनता के काम में खर्च करेंगे आप रिश्वत खाएँ या न खाएँ अधिक अफसरों को खुश करने के लिए मासिक जकात देना पड़ता है वे उस पैसे से बंगले बनवाते हैं बीबियों के लिए जेवर, बच्चों को ऊँचे स्कूलों में शिक्षा दिलाते हैं और उनके लड़के फिर वैसे ही अफसर बनते हैं—जिन पर काला धब्बा कभी नहीं लगता वे कभी रिश्वत के दोषी करार नहीं दिये जा सकते—फिर भला हम क्यों

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

सोचें ? हम तो एक बात जानते हैं कि ऐसे पैसे को कभी अपने अग नही लगाए गे ।

थानेदार—आप बजा फरमा रहे हैं बस आपकी और मन्त्री जी की कृपा बनी रहे तो कोई बात मुश्किल नही होगी, हम पराए भले के लिए पसा लेते है हमका तो छुना भी दोष है ।

महेन्द्रसिंह हसा—वही तो मैं कह रहा हू, आप जानते हैं गाव के लोग रोज अभाव अभियोग लेकर आते हैं, अपना काम कराने के लिए बडी बडी रकम लाते हैं लेकिन हम उस पैसे को छूने तक नही उसकी छाया तक नहीं पडन देत परमो ही तो देवाराम आया था पूरे 5000) रुपये लेकर—उसको 50 बीघा जमीन एलोट करना था नहरी जमीन—अरे साहब आज 50 बीघा जमीन के दो लाख लगे हा यह सही है कि ऐसे काम कराकर हम लें तो भ्रष्टाचार—आप जिनसे लेते हैं वे सब साले मुल्जिम होत हैं, डाकू चोर-कातिल तब ही तो देते है—वह पैसा उनके घर मे रहेगा तो किस काम का रहेगा ?

थानेदार और महेन्द्र सिंह जी दोनो भोजन के लिए बैठे मोहन सिंह जी को भी बुला लिया—सामने कुर्सी पर मोहन सिंह जी बैठ गए थाली म 5 मिठाईया 5 सब्जी नमकीन परावठ थे, दोनो न तन मन से भोजन किया हाथ धोकर जब सिगरेट पीने बैठे तो मोहन सिंह ने कहा—थानेदार साहब आपका और हमारा चोली दामन का साथ है। नीचे दो किसान खडे हैं आपके यहा मुकदमा चल रहा है—डकती का, 4–5 और साथी हैं मैं तो सिर्फ दो की बात कर रहा हू, आप देखलें—जमानत पर तो छूट गए हैं, गवाहो को आप सम्भाल लें, बडे गरीब हैं मेरे मिलने वाले हैं ।

थानेदार—कौन सोमा और नाथ ।

महेन्द्रसिंह—जी आपने ठीक ही कहा ।

थानेदार के चेहरे पर क्रोध क भाव उमडे, फिर रुका और सहज होते हुए बोला—साहब इनके घर से तो 100 तोला सोन क जेवर बरामद हुए, जेवरा को मुस्तगीस ने पहचान लिया—आप पहल कहत ।

मह इसि—आप समझें ।

मोहन सिंह के तेवर बदले थानेदार साहब जिन्दगी में एक ही काम के लिए कहा—अजी साहब आपके हाथ में तो ताकत है वह राष्ट्रपति के पास नहीं है जबर जो थाने में होंगे ही, वहन में क्या दर लगती है।

पंचनामा बनाकर रख गये हैं, थानेदार ने स्पष्ट किया पंचनामा के गवाह नहीं बदले जा सकते और सनाख्ती को ठीक नहीं किया जा सकता।

थानेदार ने हाथ जोड़ दिए—साहब, जिन्दा मवेशी केस सिगू—यह तफ्तीश एस पी साहब की देखरेख में नहीं, पूरी की पूरी उन्हीं तरफ से हो रही है।

महेन्द्रसिंह—कौन एस पी।

थानेदार—धर्मेन्द्र जी।

मोहन सिंह—वाह ! आप जो कुछ कर सकें कर उनको भी निपट सकते हैं बताइए क्या लेंगे वे।

थानेदार ने डंडा अपनी बगल में लिया क्या दे देंगे साहब ?

मोहन सिंह—कम में काम हो सकता है ?

थानेदार साहब के सिर पर पसीना आया—मैं सोचता हूं, एस पी साहब 25 से नीचे नहीं मानेंगे और आप खुद कोशिश करें तो कम से भी राजी हो सकते हैं।

महेन्द्रसिंह—भाई यह तो हमारा ही काम समझो, 2 आपका और 10 साहब के लिए—दो भाई आपको दो। थानेदार—मैं कोशिश करूंगा मैं आपके इस काम में न लूंगा—12 तो यों हो जायेंगे। 3000) और बढ़ा दीजिए 15 में शायद एस पी साहब राजी हो जाएं।

मोहन सिंह ने नीचे से दोनों को पुकारा और 15 हजार के नोट थानेदार के हाथ में दिए, बस थानेदार साहब यह काम तो आप करदें, आपकी जो सेवा होगी हम करेंगे हां परसों होम मिनिस्टर साहब से

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

बात चल गयी थी, वे आपके काम से बडे खुश है—शायद आपको इन्सपेक्टर बना दें—बस यह तरक्की तो होना ही है। मन्त्री महोदय ने मेरे सामने सारे रेकार्ड मगाकर देख लिए थे।

थानेदार न हाथ मिलाया बस साहब आपकी नजर रहो तो उसने फिर मुडकर सलाम किया और चला गया।

मोहन सिंह—देखो भाई तुम्हारे सामने 15000) रु और मेरे पास से 10 हजार जो तुमने मुझे पहले दिए, दे दिए, एस पी साहब इससे कम मे राजी नही होंगे। थानेदार को तो तरक्की की बात कह कर बेवकूफ कर लिया अब 100 तोला सोना भी तुम्हारा रहा।

सोमा ने मोहन सिंह के दोनो पैर पकड लिए।

बस ! हुजूर की नजर चाहिये 100 तोला सोना हुजूर की भेंट—

मोहन सिंह—नही भाई मै नही रखता मेरे ऐसे माल रखने की कसम है, तुम जानते हो यह माल मुस्तगिस का है, मेरा भला क्या हक है और बिना हक के रख लिया तो फिर आप जानो—मैं तो यह जानता हू कि मेरी नस-नस मे से फटेंगे—सो लाख के फोडे—नही भाई म नही चाहता मेरा काम मैंने कर दिया हां 5000) रु थानेदार को शायद देना पडे वह इनाम रखना, या वह हमसे तुम्हारे काम के लिए लेने से इन्कार है।

सोमा— नाथू भाई बोला ऐसे दयावान कोई और है, हुजूर हम तो आपके चरणो के दास हैं।

तो तुम जा सकते हो एकाध दिन मे मिलते रहना सब ठीक हो जायेगा दोनो ने झुककर सलाम किया और चले गये।

राज्य मे सब जगह अकाल की विभिषिका कई गावो म पानी का अभाव था चारे का कही पता नही, एक रुपये का एक पूला मिल रहा था और गाव-गाव म मवेशी भूखे मर रहे थे, मध्यम श्रेणी के काश्तकार के पास 100-150 मवेशी थे केवल गोबर के लिए उनको रखा जाता था। सो गाय भसो म केवल 3-4 ही दुधारी थी जिनका प्रति दिन 1 किलो दूध होता था ऐसी अनार्थिक मवेशिया के रहते हुए—

किसान की आर्थिक हालत बहुत बिगड़ी हुई थी, ऐसी अवस्था में मवेशी के चारे की पूर्ती सम्भव नहीं थी, और मवेशी मरना प्रारम्भ हो गए थे।

सागर में भी बहुत बड़ा अकाल पड़ा था, ऐसा अकाल जो पहले देखने को नहीं मिला—रघु चमार ने महेन्द्र सिंह जी को आकर कहा था हुजूर ऐसा काल तो 56 में भी नहीं पड़ा, मात्र अनाज की कमी नहीं थी लेकिन गरीब गरबा चोंडिपाड़े में भूठे रोटी के टुकड़े और दाल के दाने को लुन्ते थे, आज उससे ज्यादा खराब हालत है आप मन्त्री महोदय को बुलाकर अनाज चारे के साथ रोजगार की भी व्यवस्था कर दें हमारे गांव के 100–150 लोग तो सेठ रामधन के मिल में मजदूरी करते हैं बाकी बेरोजगार लोगों को काम में लगाना है।

महेन्द्र सिंह—रघु मैं स्वयं सोच रहा था कि जल्दी ही यह व्यवस्था करा दूं लेकिन तुम जानते हो मेरे लाला जी बीमार हो गये वे ठीक हुए तो घर वाले कम कम कम आज ही फोन से बात करता हूं प्रधान साहब कल आये थे वे सड़क का काम चालू करना चाहते हैं, हमारे गांव को सागर से जोड़ना—पूरे 2 लाख की मजूरी ले रहे हैं, मार्ई हमारी सरकार किसी को भूख नहीं मरन देगी—हाँ, चारे का इन्तजाम मुश्किल है हिन्दुस्तान के बाहर से तो चारा मगवाया नहीं जाएगा लेकिन मेट मिस्त्री किसको बनाना है इनके नाम बताओ, ईमानदार सच्चे होने चाहिए।

रघु ने कहा —ठाकुर साहब एक तो मेरा बच्चा दसवीं पास बैठा है दो तीन और नाम ढूंढ लेंगे।

महेन्द्र सिंह—ठीक है काम तो शुरू करना है लेकिन पिछले अकालों का तजुर्बा बड़ा बुरा है मजदूर को नियमित मजदूरी से आधी भी नहीं मिलती, दिन भर का जो काम तय किया जाता है वह आज तक एक भी आदमी पूरा नहीं कर सकता इसलिए 1II–1I से अधिक पौना और आधी मजदूरी मिलती है। फिर प्रधान साहब भी तो कुछ लेंगे वो ही क्या भी यह ही भर्ती थोड़े ही करता, तहसीलदार बड़

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

ओडने वाला है हा तेरे लडके से बात कर लना कि तनख्वाह बँट तो वह प्रति मजदूरी महावारी 2) र स ज्यादा न ले।

रघु—अरे साहब, इन दो रुपयों से आदमी मरता नहीं है वह मरता है बडी लापकी से।

महेन्द्र सिंह—तुमने सुना है हमारे क्षेत्र के लिए कन्ट्रोल की 150 बोरिया आइ रजिस्टर भर लिए फर्जी निशानिया करा ली। ईं, और शक्कर प्रधान साहब के घर पहुँच गयी और वितरक खा गया। रातों रात गोदाम की दीवार टूट गयी और बोरिया चोरी होना बता दिया गया।

रघु—क्या पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की।

महेन्द्र सिंह—सब की मिली भगत है, सब खा रहे हैं, पुलिस में भी बोरियो में हिस्सा बँटा लिया। इतने म रोशन लाल आ गया। महेन्द्र सिंह ने कहा—भाई राजधानी चलना है, अकाल के काम खुलवाने हैं नहीं तो लोग भूखे मर जायेंगे, मवेशी के ता बेसकिया पडने लगी है।

हां ता यह बताओ मेट मिस्त्री किसको रखना है। मजदूरी भी ऐसे लागो को दिलाना है जो हमारे साथ हो। ऐस आदमी को पालना और जहर पालना बराबर है। सांप को दूध पिलाकर जहर उगलवाना मैं न ी चाहता, आप जानते हैं यह साला दुर्जन जाट मोहन पिनारा—और ऐसे ही अनेको लोग हैं जो हम बदनाम करते हैं, चोर और भ्रष्टाचारी कहते हैं। बताओ रघु हमने क्या किया, पच और सरपच और प्रधान कर रहे हैं और ये साले सरकारी अफसर तर खाते हैं हम क्या लेंगे छाछ, न हमे घर खाना है और न छाछ पीना है पर तु इनका ध्यान तो रखना पडेगा ही।

रोशन लाल, आज टेलीफोन करलें जब म त्री जी बुलाए हम चलने को तयार हैं रघु भाई।

तुम तो जानते हो, आन जाने राजधानी म रहने करने का कितना रुपया चाहिए हम तो कार्यकर्ता हैं बेचारा का काम नहीं करें को भूखे मरेंगे हम गांव वालों से मांगने जाए ?

रघुनन्दन-साहब, आप तो परोपकारी हैं और मन्त्र यह पण्डित साहब, आप जैसे उदार कार्यकर्ता न हों तो हमारी पार्टी डूब जाए।

जेता भी न भी आ गया, उसने दोनों को प्रणाम किया और हाथ जोड़ कर कहा-हुजूर कम से कम सरकारी नौकरी नगर मिलें से लगावाएं थी थी अब जल्दी काम चालू करना ता नहीं तो हम गरीब बाहर काम ढूंढने जाए लेकिन जाने का खर्चा कहां से लाएंगे वह भी सेठों से लेंगे।

रोशन लाल-भाई तुम्हारे गांव आदमी को तो सेठ रामधन के मिल में आज लगा देता हूं ताकि तुमको खाने पीने की तकलीफ न हो।

जेता हँसा-हुजूर मैं तो हुजूर के साथ हूं लेकिन औरों के घर हैं उनका क्या होगा सबकी एक ही हालत है किसी के पास था का नाज है तो किसी के पास कल का है।

महेन्द्र सिंह-नहीं हम किसी को भूखा से नहीं मरने देंगे बस हम एकाध दिन में काम चालू करा देंगे और हम बता देना चाहते हैं कि हमारा दल सबका भला चाहता है।

रोशन लाल-वही तो यही तो।

अकाल राहत कार्य प्रारम्भ हुए। मोहनपुरा में सड़क का काम शुरू हुआ और उसमें लगभग 200 श्रमिक लगाए गए सरपंच माधु राम ने भी मन्त्री महोदय के साथ पार्टी वालों की घर बार एक आदमी का चयन किया जाना था यह काम सरपंच के जिम्मे था जिसके पास श्रमिक हाजिरी पुस्तिका थी।

कई श्रमिक मिल में काम कर रहे थे इसलिए 100 आदमियों को ही राहत कार्य में प्रारम्भ में रखना तय हुआ, सरपंच ने प्रत्येक मजदूर से 5) रु भर्ती में तय किए और पहला वेतन पर यह रकम देना तय हुआ, मिस्त्री ने हाजरी भरने के एक पखवाड़े के 2) रु प्रति मजदूर तय किए सरपंच ने मजदूरों को कहा कि रात दिन अफसर मन्त्री आते हैं उनकी खातिरदारी करनी पड़ती है।

मजदूरों ने हाथ जोड़कर स्वीकार किया एवं पखवाड़े में प्रति मजदूर प्रतिदिन 4) रु आए 60) रु में से 5) रु सरपंच के लिए 2) रु मेट मिस्त्री के लिए तथा एक रुपया प्रति मजदूर मन्त्री महोदय के चाय पीने के काटे गए वह रकम भी सरपंच ने रखी दूसरे पखवाड़े में, 4)रु की जगह किसी के 3) किसी के 2) रु आए, उनमें से भी उसी तरह काटा गया।

सरपंच ने, 100 मजदूरों को काम देकर 125 की हाजरी भरी और 25 मजदूरों का वेतन तीन हिस्से में सरपंच और प्रधान के रहे और एक हिस्से में मिस्त्री के लिए।

10 मजदूर प्रधान साहब के सारंग गांव में खेत पर काम करने गए।

गांव के दूल्हे सिंह ने कलक्टर, तहसीलदार को शिकायत की कि गत 15 दिन से 10 मजदूर जिनका नामजद किया गया था प्रधान साहब के बंगले पर काम कर रहे हैं उनकी हाजरी काटी जाए कलक्टर ने कहा जांच हो जाएगी और वह दूसरे काम से दौरे पर चला गया।

जब वापिस लौटा तो पड़ोस के विधायक सुखदेव प्राय को लाया गया, जिसके क्षेत्र का हिस्सा भी पंचायत समिति में पड़ता था। सुखदेव अड़ पकड़ कर बैठ गया कलक्टर को विवश होकर उसके साथ जाना पड़ा नामजद 10 व्यक्ति काम पर मिल गये तहसीलदार को भेजा गया तो उसने तस्दीक दी कि इन दस आदमियों की हाजरी बेरू पंचायत के मस्टरोल में दर्ज है—कलक्टर ने आगे कार्यवाही नहीं की।

सुखदेव प्राय ने मुख्य मन्त्री को सूचना दी, प्रधानमन्त्री को लिखा और टेलीफोन पर अकाल मन्त्री को कहा कि, प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई तो वह अनशन कर देगा। कार्यवाही का आदेश दे दिया गया, लेकिन आगे कोई कार्यवाही नहीं हुई, श्रमिकों ने बताया, कि वे प्रधान के पास शिकायत करने आए थे, कि उनकी हाजरी दर्ज नहीं की जा रही चूंकि, प्रधान साहब घर पर नहीं थे, काम हाऊस पर वे वहां पर बैठ गए और ट्राली के साथ थोड़ा बहुत काम करने लगे, इतने

मैं सुखदेव जी आ गए हमने कभी भी प्रधान न यहां काम नहीं किया,
लेकिन मेट ने कहा कि, प्रधान साहब के कहने से हाजरी भरी जा रही
थी, उन्होंने कभी काम नहीं किया और आगे की कार्यवाही बन्द कर
दी गई। आय को चेतावनी दी कि वह आधारहीन कार्यवाही कर किसी
का अपमान न करे, अन्यथा पद से दुरुपयोग के साथ उनके विरुद्ध
मानहानी की कार्यवाही करना पड़ेगा।

प्रधान स्वयम् आर्य के पास गया और भाभी के लिए, एक
तोला सोना की अगूठी–एक कीमती साडी ब्लाऊज और मिठाई ले
गया आय बड़ा प्रसन्न हुआ और दोनों कुटुम्बों के बीच मधुर सम्बन्ध
स्थापित हो गए।

आर्य ने कहा–मैं शिकायत करने आया और आपने मुझे प्रगाढ़
प्रेम बंधन में बांध लिया।

प्रधान ने मुस्कराकर कहा–देखिए साहब मैंने कभी एक पैसे को
छुआ तक नहीं और न मजदूरों से अपने काम पर काम कराया आपने
अच्छा किया जो हमें चेतावनी दे दी यह तो भला हो श्रमिकों का, जो
छेन पर तो मिल गये, लेकिन सच्चाई को नहीं छोड़ा, मैं सदैव इस
प्रयास मे रहता हूँ कि श्रमिक को पूरा वेतन मिले और उनके काम से
जनता को अधिक से अधिक लाभ हो। कीड़े पड़ेंगे यदि हम इन हरकतों
का करने लगें, भगवान तो सबको देखता है, हम झूठ बोल जाए तो
क्या अन्तर आता है।

सुखदेव आय ने कहा–भाई माफ करना, मुझे पहले से मालुम
होता कि आप सिद्धांतों के पक्के हैं तो कभी भी मैं शिकायत करने
नहीं आता, आप मुझे माफ करें हमारे बीच ऐसे लोग बैठे हैं जो
आधारहीन शिकायतें करते हैं।

श्रीमति सुखदेव आय ने कहा, भाई साहब आप अब बाल बच्चों
सहित 2 दिन के लिए हमारे महमान रहेंगे–आपके और इनके राज
नीति का झगड़ा हो सकता है लेकिन हम तो बहनें बन जाएंगी–आप

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

झगड़ो लाठी नोप, तलवार चलाना हो चलाओ, बस हमारे सुहाग पर आंच नहीं आनी चाहिए।

श्रीमति सुखदेव आय निश्चिन्त हैं, उनकी आयु अभी 20 25 से ऊपर नहीं है। यों उनकी शादी हुए 5 वर्ष हो गए, वह सुन्दर, मधुर भाषी और व्यवहार कुशल नारी है।

उसने प्रधान साहब के लिए विशेष नाश्ता तयार किया, आलु छोले गुजरात के मस्पश ढोकले बनाए उनमें काजू दाख, चौराली डाली गयी तथा 5 7 तरह के पकवान बनाए। बाजार से तरह तरह की बगाली मिठाई आयी।

प्रधान पंचायत समिति सैलेन्द्र कुमार माथुर भी आकर्षक व्यक्तित्व वाला है, यों वह 35 पार कर चुका है, लेकिन उसकी आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं लगती वह दुबला पतला और मांसल शरीर वाला व्यक्ति है उसके व्यक्तित्व में आकर्षण है।

खाते खाते सैलेन्द्र कुमार बार-बार श्रीमती आय की तारीफ कर रहा था, उसकी तैयार की गयी सामग्री के लिए उसने कहा-भाभी, इतना स्वादिष्ट नाश्ता मैंने आज तक नहीं किया, एक तकलीफ दूंगा आप चाहें बच्चे की माँ को आपके पास भेज दूं और आप दस दिन मेरे यहां रह जाएँ और मेरी पत्नी को पाक शास्त्र की शिक्षा से और प्रयोग करा दें नहीं तो भाभी रोज रोज आपके स्वादिष्ट व्यंजन को खाने के लिए आना पड़ेगा।

सुखदेव आय घर आई साहब इस घर को आप अपना ही घर समझिए, आप जैसा चाहेंगे वैसा हो जायेगा, मेरी विधान सभा की समिति की बैठक परसों से चल रही है मैं तो एक सप्ताह चला जाऊंगा तब तक आप श्रीमती जी को अपनी महमान बना सकते हैं या आप मेरे घर को पवित्र कर सकते हैं, भाभी को जैसा अच्छा लगे।

श्रीमती आर्य को सम्बोधित कर कहा—लल्लु अब आप प्रधान साहब को अपना भाई समझो। आप चाहे आप इनके साथ जाए या इनको अपने यहां बुलालें। ललिता के मुख पर मुस्कराहट फैल रही थी प्रधान का आकर्षक व्यक्तित्व उसे अच्छा लग रहा था।

माथुर ने ध्यान से देखा सुखदेव और ललिता में आना जाती थी ललिता भीतर गयी और वापिस लौट कर आयी यह साड़ी आप भाभी को दे दें। आपने इतना किया है आपका बुरा हाल कर जाने दें।

माथुर ने साड़ी ललिता के हाथ में वापिस देकर उसके हाथ का स्पर्श कर लिया ललिता खिल उठी बचपन की छुआ नहीं गयी, आज पति के सामने ही उसने साड़ी वापिस माथुर को पकड़ा दी और दूसरी बार उसके हाथ ही नहीं उसकी कमर भी माथुर के हाथ से स्पर्श कर गयी।

माथुर ने माफी माग कर कहा-भाभी आप का जरूरी हो चलना जब आप अपने हाथ से साड़ी उन्हें पहना दें आप अब तक उनसे मिली भी नहीं मैं क्या कह कर आपकी भेंट उनको दूंगा, क्यों भाई साहब? यही ठीक रहेगा न हां कल तो मेरी समिति की बैठक है आप भी पधारें। परसों मुझे एक गांव में पहुंचना जाना है पहुंच दिन में आऊंगा तब आप जितना चाहें मेरी पत्नि को दीजिए और भाई साहब कल आप पधारें तो आपका भोजन मेरे यहां रहे। पत्नि से भी परिचय हो जाएगा और भाभी आप भी कल ही पधारना चाहें तो आप के साथ पधार जाएं ललिता-नहीं कल तो मेरा भाई आ रहा है मैं अब आप आयेंगे तब ही चलूंगी।

सुखदेव-हां ललिता जी अब आप इनके साथ किसी तरह का संकोच न करें राजनीति में हम लड़ लेंगे लेकिन घर में हमारा साथ कभी नहीं टूटेगा।

ललिता ने कहा-भाई साहब आप के पास तो गाड़ी है, आज हरियाली अमावस्या है चलिए अशोक वाटिका में घूम आएं लो आप भी कपड़े बदल लो हम तीनों चलें।

सुखदेव आर्य ने कहा-भाई साहब आपको देर हो रही है ललिता जी तुमने तो आज पहली बार माथुर साहब से परिचय किया और उन्हें ऐसा कष्ट देने लगी जैसे जन्म से तुम्हारा सम्बन्ध रहा हो, आप जाइए।

सी ५0, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

ललिता—आपने यह मेला पहले कभी देखा है ?

माथुर—नहीं तो।

ललिता ने अपने पति को कहा—देखिए आप जल्दी कपड़े बदल लीजिए एक घंटे में लौट आएंगे लेकिन आप तो ऐसे जिद्दी हैं कि मेले ठेले कभी देखते ही नहीं हैं। सुखदेव हंसा—मुझे मेले ठेले में आनन्द नहीं आता लेकिन मैं आपको क्यों मना करूं। लेकिन भाई साहब आपको देर न हो जाए। रहा मेरा प्रश्न मुझे मेरे मित्र के पिताजी के शोक कार्यक्रम में जाना है आज गरुड़ पुराण का अंतिम पाठ है, आप मुझे माफ करें और ललिता आप इनके साथ जाइए मैं ... बजे तक आऊंगा। हां भाई साहब आप को जल्दी न हो तो भोजन भी यहां ही करें माथुर इस व्यवहार माथुर पर और सुखदेव की निःसंकोचता पर मुग्ध था।

उसने कहा—भाभी, मैं आपका आग्रह कैसे टालूं ... या मुझे भी जाना है लेकिन बहाना बनाना पड़ेगा गाड़ी खराब हो गयी, आप थोड़ा जल्दी कर लें तो मैं मेले में भी हो आऊंगा और अपना अगला कार्यक्रम भी निपटा सकूंगा, चाहे आधे घण्टा लेट होना पड़े, या मुझे 8 बजे पहुंचना है अभी दो घण्टे हैं एक घण्टा मेले में रहकर आवें तो भी मैं जाऊंगा हां भाई साहब आपको आपत्ति न हो तो आप भी चलते।

सुखदेव ने क्षमा मांगी मरण मौत का प्रश्न है और वह भी मेरे निकटतम मित्र के यहां, तो मैं चलता हूं ललिता तुम मेले में हो आना और ऐसो इनको भोजन कराकर ही भेजना, खाली पेट नहीं जाना चाहिए।

ललिता आप ड्राइंग में बैठिए मैं साड़ी पहनकर आ ही रही हूं। सुखदेव चले गए। ललिता ने साड़ी बदली मुंह पर पाउडर लगाया, नया ब्लाउज पहना और मुस्कराती हुई बाहर आयी—चलिए भाई साहब मेले में घूम आते हैं शायद देर न हो। माथुर ने तीक्ष्ण दृष्टि से ललिता को देखा। उसके सौंदर्य से वह अभिभूत था मांसल शरीर, गौर वर्ण बड़ी बड़ी आंखें उभरे उरोज और कसा शरीर खुली बांहें, जैसे उसको निमन्त्रण दे रही थीं, आकर्षित कर रही थीं।

दोनों मुस्कराए और बाहर खड़ी जीप में आकर बैठ गये, आगे की सीट पर ड्राइवर के पास पहले माथुर और बीच वाली जगह पर ललिता।

गाड़ी रवाना हुई तो माथुर ने कहा—मैं आज में हृदय से यह चाहता था कि अब अपना बाकर अलग पकाना क्या लाभ है विरोधी पक्ष तो लड़खड़ा गया है, हमारी पार्टी में अभी 175 सदस्य पहुँच गये हैं, सत्ता में रह तो नाही लाभ—आप विरोध करते रहो कौन सुनता है?

ललिता कसमसायी उसने मुस्कराते हुए कहा—वे बड़े ज़िद्दी हैं, हाँ मेरी मान्यता है कि आप ही उन्हें ठीक कर सकते हैं, मैं तो रोज बहुत कहते थक गयी हूँ, इस बार तो हारा ठीक थी कि वे जीत गए, हमारे मंत्री महोदय उनके साथ थे, अच्छा होता वे गए तो इनको भी मान ले जाते।

माथुर ने कहा—देखो भाभी, अभी भी कोई देर नहीं हो गयी, मैं सोचता हूँ इनको अपने दल में शामिल कर लेंगे, अब रहा कोई पद—मैं समझता हूँ मन्त्री बनने में तो विलम्ब हो गया, और कुछ सोचा जा सकता है।

ललिता—खैर आप देखने मेरी मान्यता है कि आप इन्हें अपने साथ निभा सकते हैं। पहले आप उद्योग मन्त्री जी से बात कर लें खाली विरोध से क्या होगा? चिल्लाते रहो कौन सुनता है, जो काम करता है उसको पूजा जाता है। जो कोई काम नहीं करता है उसे कोई नहा पूछता।

माथुर—डाइवर तुम्हें मालूम है हम अमावस्या के मेले में जा रहे है भाभी बतान। हम सही मार्ग पर हैं या सारंग जा रहे हैं—

ललिता—बस आप दाहिने हाथ की तरफ मोड दें, सामने ही बहुत बड़ा फुलवारी है वहीं मेला लगता है।

और मेले में गाड़ी एक तरफ खड़ी करादी गई और वे दोनों उतर कर मेले मे चले गये—सामने डोलर चल रही थी माथुर ने कहा—डोलर मे घूमगे—

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

ललिता ह्मी—चलिए।

और वे दोनो एक ही पालकी म बैठ गए और सारी पालकिया भर गयी और डोलर चलने लगी।

माथुर का हाथ दोनो के बीच में था, उसन हाथ को बाहर निकाला और ललिता की जाघ पर रखा। ललिता काप गई, माथुर न हाथ ऊपर उठाया, डोलर घूम रही थी जोर स माथुर कसमसाया, ललिता के उभरत उरोज उसके हाथ से छू गये। ललिता ने माथुर को देखा और मुस्करा कर कहा - देखिए इतने जोर से डोलर घूम रही है कि मुझे चक्कर आ जाए आप थाम म सरक जाए।

और माथुर कसकर बैठ गया। ललिता ने अपना हाथ माथुर के पीठ की तरफ फैला दिया माथुर का हाथ उसकी जाघ को छू रहा था।

ललिता और पास सरक आयी और आंखें बन्द कर दी—माथुर ने कहा, डर लगता है ?

ललिता—काश! यह पालकी डोलर स अलग होकर जमीन पर फेंक दी जाए तो हम चूर चूर हो जायेंग।

यह सब निराधार है, पालकी नही निकलगी, तुम्हारा वहम है, माथुर मुलायम स्पश पाकर अभिभूत हो रहा था।

डोलर रुकी ललिता ने अपनी गदन माथुर के कन्धे पर झुका दी जसे उस चक्कर आ रहे हैं। उसने अपना दूसरा हाथ फैलाकर ललिता को थाम लिया—डरो मत कुछ नही होगा म जो हू।

और डोलर जब रुकी तो माथुर ने ललिता का हाथ पकड कर नीचे उतारा और पूछा, क्यो अब भी चक्कर आ रहे हैं ? कुछ देर कही ठहर जायें।

सामने जलपान की दुकान है वहा चाय पीलेंगे और ठहर भी जायेंगे।

ललिता ने कहा—ठीक, और अपना हाथ माथुर के हाथ म

दे दिया वे धीरे धीरे पास के जल पान गृह म पहुँचे और दो कुर्सियों पर बठ गये।

माथुर न चाय और मिठाई नमकीन का आदेश दिया।

पानी का गिलास आया, माथुर ने ललिता को पानी पिलाया और पूछा—अब बस हैं ?

हा कुछ ठीक है।

चाय नाश्ता पर कुछ देर बठे रहे, माथुर ने जोर देकर कहा ललिता जी बस अब आप सा०ब को हमारे दल म आ जाना चाहिये— दूर रह कर क्या करेंगे ? आप कोशिश करें मैं तो करूगा ही, यह योग मात्र है कि शुरू में ही हम लड़े भिड़े और एक हो गए, इसमे म मानता हू कि आपका योगदान रहा।

ललिता—प्रधान साहब म भी मात्र सयोग मानती हू, आप कौन म कौन—कभी सपने म भी नही मिले और आज ऐसा लगता है जसे हम ज म जन्मा तर से एक दूसरे को जानते हैं।

माथुर—बस सब प्रभु की कृपा है कब किससे मिलन हो जाय—यह सब प्रभु की देन है हम तो मात्र उसके हाथो कठपुतली भर हैं।

चाय पीकर बाहर आय माथुर न कहा—सामन नावल्टी की दुकान है आप क्या पसन्द करेंगी ?

ललिता—कुछ नही मेले म घूम लें फिर झील के किनारे बठ कर ठडी हवा लेंगे।

नही भाभी, ऐसा कसे होगा हम पहली दफा मेले मे आये हैं, आपको मेरी भेंट स्वीकार करना होगा आप पसन्द करें नही तो मेरी पसन्द चलेगी माथुर न ललिता का हाथ अपन हाथ मे लेकर कहा— चलो देख कोई चीज लेने जसी होगी भी।

और वे सामने दुकान म चले गये—महिलाओं के लिए दुकान थी।

माथुर ने कहा—भाभी ! मैं तो ऐसी ही साडी ले आया अब आप पसन्द करो म सोचता हू अच्छी साडिया हैं।

सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

ललिता सामने काउन्टर पर जाकर खडी हुई—उसने सामने लटकी साडी को निकालने के लिए कहा।

साडी देखी–ललिता को पसन्द ग्राई पास म माथुर खडा था–ग्रापने पस द करली तो ग्रब हमारी पस न्द बकार है, क्या कीमत है भाई ?

750) रुपय।

ललिता—750) रुपय बहुत ज्यादा है नही माथुर साहब यह नही लग।

माथुर—भाई इसको तो बाध दो ग्रौर एक साडी वह ग्रलमारी मे है उसे दिखाग्रो, माथुर प्रसन्न था, हा यह मेरी पसन्द है। देखो भाभी ग्रापको पसन्द ग्राती है।

ललिता झाकती रही—वस्तुत बडे सुन्दर बोडर की साडी थी, सामने दुकानदार की तरफ झाकी—

दुकानदार ने कहा—1200) रुपये, सिर्फ एक हजार दो सो।

प्रधान जी ने कहा– दोनों साडिया बाध दो।

बाहर ग्राकर ललिता ने कहा—भाई साहब इतना खच करने की क्या जरूरत है ? नही ग्राप लौटा दें।

माथुर—जी, एक बार लेने पर वापस नही लगा एक ग्रापकी पसन्द एक हमारी, ग्रौर देखिए हम तो सत्ता के साथ हैं धन की क्या कमी ? ग्राप निश्चिन्त रह।

ललिता ने घडी मे टाइम देखा– 7–30 हो रहे हैं, ग्राप साहब 9 बजे से पूर्व नही ग्रायेंगे, चलिए भोजन कर ग्राइये, नही तो वे मुझे बुरा भला कहेंगे।

बाहर ग्राकर दोनो जीप म बैठ गए, ललिता का हाथ माथुर के हाथ म था ग्रौर वे ठन्डी बहार मे मुग्ध घर पहुँचे—ड्राइवर को 5) रुपय दिए कि वह भोजन कर ग्राए ग्रौर दोनो ललिता के घर म गए।

कमरे म पहुँचे, माथुर ने ग्रातुर दृष्टि स ललिता की तरफ देखा—ललिता पास सरक ग्राई, ग्रौर उसका हाथ थाम लिया, जब पलग से उठे तो ललिता ने कहा—भोजन क्या कीजिएगा ?

नहीं उन्न जी अब भोजन करने की रुचि नहीं है, ड्राइवर आ जाए तो मैं चला परसों आवूंगा आपको मेरे घर चलना है।

भाभी नाराज तो नहीं होगी।

माथुर—क्यों होगा ? भला ! परसों हम इन बगल में रह लेंगे उनके यहां दूसरे दिन घर जायेंगे और फिर मैं वापिस आपको छोड़ने आऊंगा तो लाल साहब के डाक बंगले में ठहर लेंगे, सिंचाई विभाग का सर्वोत्तम डाक बंगला है माथुर ने चुस्की ली।

जसी आपकी मर्जी—ललिता ने मुस्कराकर उसका हाथ पकड़ कर कहा।

हां बहन जी—अब आपको भाय जी को हमारे साथ लगाना है मैं सोचता हूं वे आपकी बात कभी नहीं टालेंगे मैं भी कोशिश करूंगा कि कोई न कोई पद मिल जाए नहीं मिला तो क्या? सत्ता के साथ तो रहना होगा–सब सुविधायें उपलब्ध हैं मैं तो मात्र प्रधान हूं मिनिस्टर साहब की कृपा है मन चाहिये धन की कहीं कमी नहीं है।

ललिता—अजी साहब मैं आज ही उन्हें तैयार कर लूंगी हां य साहिया।

माथुर—अभी मत कराइये आप जानते हैं आदमी बड़ा शकालू होता है कहीं उल्टा असर न हो जाए।

ललिता – तो आप ने जाय फिर भेज दीजिए।

नहीं, आप रखिए ड्राइवर आ गया है, मैं चलूं, एक प्याला चाय दे दीजिए।

ललिता स्टोव पर चाय बना लायी माथुर ने चाय पी और हल्का सा चपत ललिता के गालों पर लगा कर वह मुस्कराता हुआ चला गया मैं परसों आवूंगा, आप साहब का काम मत भूलिए, नमस्ते।

— —

महेन्द्र राजधानी में गया, सारा क्षेत्र के अनेक काम हैं, बड़े अधिकारियों के तबादले कराना है कई की तरक्की की चर्चा करना

सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

है लेकिन सारग क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कई स्थाना के कायकर्त्ता महेन्द्र सिंह से मिलने आ रहे है।

चर्चा जोर स चल पडी है, महेन्द्र सिंह मुख्य मन्त्री एव उप मुख्य मन्त्री दोना का आदमी है।

महे द्र सिंह ने राजधानी मे एक विशाल मकान किराये पर ले रखा है जिसमे लगभग 15 आवास क कमरे हैं सारग नही अन्य स्थानो स भी महे द्र सिंह स मिलन लोग आत ह।

कल प्रभुदेव मह्न दस अध्यापिका के स्थानान्तरण को लेकर आया उसमे दो महिला शिक्षिकाए भी थी।

प्रभुदेव ने मह द्र सिंह से नया परिचय अपन विधायक क द्वारा लिया और वह सीधा महेन्द्र सिंह के पास आ पहुचा प्रभुदेव न कहा– ये सब गरीब अध्यापक हैं अधिकारी ने वर्षों स इनको एक ही जग डाल रखा है, जो अपने घर से दूर हैं। श्रीमती शारदा शर्मा का पति एक जगह है और इनको दूसरी जगह लगा रखा है जबकि जहां इनके पति हैं वहा स्थान रिक्त है और यह है सरला भागव, बडी भली अध्यापिका है। अपने काम से काम इनकी कक्षा का परिणाम इनकी शाला म ही नही क्षत्र भर म सर्वोत्कृष्ट है, बस साहब कोई जेक नहीं है मैं स्वय अध्यापक हू सुना है आप ऐसे आदमियो की मदद करते हैं इसलिए मैं हिम्मत कर आपके पास चला आया, य गरीब हैं।

महेन्द्र सिंह ने प्रभुदेव को पूछा—आप छुट्टी लेकर आये हैं? उनकी आवाज म तेजी थी।

प्रभुदेव – हुजूर! मैं अध्यापक सघ का अध्यक्ष हू, राज्य अध्यापक सघ का–कम गरीब बिना जेक के अध्यापको की जो भी सेवा बन मके करता हू।

महेन्द्र सिंह– आप विधायक स मिल ?

प्रभुदेव—नही सर, वे विपक्षी हैं उनकी बात कौन मानेगा और मै विपक्षी से कैसे बात कर सकता हू मैं तो आपके दल का समथक रहा हू, मरा सघ भी आपका दल मानता है।

महेन्द्र सिंह—अच्छा, आपकी सूची बना लीजिए, कहां से कहां
जाना चाहते हैं। बन में शिक्षा मन्त्री जी से मिल रहा हूं भगवान ने
चाहा तो हो ही जायेंगे।
सब अध्यापकों को बाहर बैठने के लिए कहा और प्रभुदेव को
पास मे बुलाकर कहा—आपने इनसे कोई रकम तो नहीं ली।
अध्यापक प्रभुदेव जोर से हंसा—हुजूर, मैं अध्यापक, भला
अध्यापक अध्यापक का गला काटे सरया का समर्थक बनने के लिए,
मैं साथ चला आया हूं बल्कि यात्रा व्यय भी गांठ से दे रहा हूं।
अच्छा भाई मैं भी यही चाहता हूं जो भी मदद कर सकें करना
चाहिए अब कौन किसको पूछता है महेन्द्रसिंह ने सहज शान्त हो कहा,
आप निश्चित होकर कह दीजिए कि जो शुद्ध (Genuine Case) हैं,
उनके स्थानान्तरण तो कल हो जायेंगे हां तो उन सब को बुला लें।
प्रभुदेव ने उनको अन्दर बुला लिया।
महेन्द्रसिंह ने सोफे पर झुककर कहा—देखिए कोशिश करूंगा,
परसों आप मिलिए मैंने सूची ले ली है कम से कम उन लोगों के
उचित केसेज तो हो ही जाएंगे जहां कठिनाई पड़ेगी उस बारे मे देख
लूंगा।
वे प्रसन्न वापिस चले गये। प्रभुदेव भी उनके साथ ही चला गया।
जाते वक्त हाथ जोड़ कर कह गया कहीं किसी को थोड़ा बहुत लेना
देना पड़े तो ये उसके लिए भी तैयार हैं।
महेन्द्रसिंह ने उस पर ध्यान नहीं दिया और न उत्तर ही दिया।
जाते हुए महिला अध्यापिकाएं एकान्त में कुछ बात करना चाहती थीं
लेकिन प्रभुदेव के कारण बात नहीं कर पायीं।
इस कारण महेन्द्रसिंह ने उनको जाते हुए कहा—आप जो भी
मुझ से अलग से मिलना चाहें मिल सकते हैं हां आप कहीं ठगाना मत।
मेरे तो ऐसा पैसा खाना और अपनी सन्तान का खून पीना है आप
निश्चित रहिए होने के काम करूंगा बिना लाग लगाव के, तो—आप
जाएं।

1984
सी ६० गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

एक विधेयक श्री रामसूर अपने साथियों के साथ आता हुआ नजर आया, महेन्द्रसिंह उठकर दरवाजे तक गया और उनको बैठक में बिठाया, खुशी खुशी उसने पूछा—कहां से पधार रहे हैं ?

श्री रामसूर—बस अपने गांव से ये सब मेरे साथी हैं बड़े भले सज्जन—सबने महेन्द्रसिंह से दोनों हाथ जोड़ कर नमस्ते किया।

तो अब बताइए चाय, काफी क्या—मैं तो अब आधा यहां ही रहता हूं बेचारा दुखी दर्दी आता है उसका काम करवा देता हूं।

श्री रामसूर—वह तो मालूम हो गया, बस जब से विधायक बना हूं तब से घर का सारा काम काज चौपट हो गया है कब किसका काम, कब किसका। महेन्द्रसिंह ने कहा—देखिए यहां भी तांता लगा रहता है, अभी दस अध्यापक आए थे, प्रमुदेव को तो आप जानते हैं शिक्षित संघ का अध्यक्ष बेचारों की उचित बात है, न करें तो कौन करेगा। मंत्री महोदय की कृपा है कि वे कुछ ध्यान देते हैं इसलिए यहां रह रहा हूं, नहीं तो भाई साहब न तो मैं विधायक न अन्य कोई पद ही मेरे पास है, आप जानते हैं डिप्टी चीफ मिनिस्टर मेरे मौसी आए भाई हैं उनका काम सरल करने के लिए ही मैं आया हूं पी ए बी ए क्या काम करेंगे। कोई पहुंच जाए तो डांट डपट—पर भाई साहब आप से मैं कहूं कि अब अपनी जिद् छोड़िए हमारे साथ आ जाएं आपके अनेक विकास कार्य तो होंगे ही, साथ ही किसी की सिफारिश करनी हो तो अधिकारी भी मानेंगे, देखिए अब आपके साथी कितने रह गए हैं, मैं सोचता हूं एक वर्ष भर में राज्य भर में आपके साथियों की संख्या नगण्य हो जाएगी, आप विधायक बने हैं। विधायक से कई आशाएं हैं लोग चाहते हैं किसी को नौकरी दिलाओ, किसी को कर्जा तो किसी को खेत या फिर गांव की विकास योजना पूरी करो। बिना सरकार की दृष्टि के ये सब काम पूरे हो सकते हैं ? जी मैं तो भूल गया, अब आज्ञा दीजिए, मैं क्या सेवा करूं ?

श्री रामसूर—ये मेरे साथी कार्यकर्ता कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने वाले यह है मोहन बाबू इनका लड़का एम ए हो गया है उसको कहीं नौकरी में लगाना है, बिना जैक के भला नौकरी मिलेगी !

और य हैं सम्पत बाब इन्हें आप जानते हैं उद्योग पति लेकिन मेरे साथी हैं, इसलिए इन पर कई मुकदमे लगा रखे हैं, मुकदमे लड़ें या उद्योग चलाए–मैं कहता हूं कि मैं विधान सभा म प्रश्न उठाऊंगा लेकिन य कहते हैं कि उसस मुकदमे कम उठेंगे, आप से अलग बात भी करनी है और य हैं अध्यापक वृन्द, वस स्थान न्तरण के लिए आए हैं तो आप चलित प्रसंग से बात कर लें।

महेन्द्रसिंह श्रीरामसर और सम्पतराज खतरी तीनों अन्दर गय।

श्रीराम न कहा–भाई इनका काम बडा है जवानी सिफारिश स होने वाला नहीं है जब तक कुछ भेंट पूजा न करो, आपके उद्योग म त्री गृह म त्री भी हैं बस बेचारे पर सारे मुकदमे उठा लें और य बेचारे सब स मुख मोडकर उद्योग को पनपाने न लगें।

महेन्द्रसिंह–मैं बात कर लू ।

श्री रामसुर बात क्या कर लें आप चाहे तो–

सम्पत न अपना बैग खोला–25000/ के नोट निकाले 5000/ रु अलग रखे, यह तो आपके लिए और 25000/ माननीय म त्री महोदय जी को।

अरे भाई साहब यह तो अभी आप अपने पास रखें, आप अगर तैयार हो तो मेरी जरूरत क्या ? आप बस हमारे साथ आने को स्वीकार कर लें न इन रुपयो की जरूरत पडेगी और न मेरी सिफारिश की।

सम्पत जी ने कहा–एम एल ए साहब अब अकेले पडे रहने से क्या लाभ आपको मैं कह रहा था, प्रारम्भ म ही आ गए होते तो अब तक आप म त्री होते बस आज तो म जूर कर लीजिए और ठाकुर साहब यह ना रखिए। मै इनको आज ही रात तयार करता हू कि वे आपके साथ लग जायें।

महेन्द्रसिंह ने मुकदमो की सूची मागी। श्रीराम–यह सूची तयार है।

1984

सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

तो मैं आपकी भी आज बात कर लू, आपको चुनाव मे क्या खर्चा पडा ? श्री राम–50000/- रु

महेन्द्रसिंह हंसा–बस लोग 2 लाख, चार लाख की बात करते हैं, साले झूठे हैं।

श्री राम–आपकी दया से मेरा मतदाता से सीधा सम्बन्ध है। ग्रास रूटस म से एक हू गरीबो का साथी, उनका सुख दुख का हिमायती बस यह खर्चा तो मागन दोडने का है या कायकर्त्ताओ का खर्चा है।

महेन्द्रसिंह ने कान म कहा–खर्चों के लिए एक लाख की कह दू। श्रीराम–नही भाई साहब अभी नही मुझे सोच लेने दीजिए।

लोगो की निन्दा जा सामने है कहेगे मैं बिक गया।

महेन्द्रसिंह न मधुर मुस्कराहट और व्यग स कहा–देखिए राण्डें रोती रहेंगी और पाहुन जीमते रहगे, हम हमारा काम करना है, मैंने नही हमारे प्रधान माथुर साहब ने सुखदेव जी आय को अपने साथ ले लिया, आज घोषणा हो चुकी है, यह देखिय अखबार।

श्रीमान् मुझे कुछ सोचने का तो अवसर दीजिए जिन लोगो ने मुझे जीताया है, उनसे तो पूछ लू, वे सब मरे साथ आ जाए तो ज्यादा अच्छा है उनसे सलाह कर लू, फिर तो मैं अकेला नही सारे कायकर्त्ता भी साथ आ जायेग।

महेन्द्रसिह–मुख्य मन्त्री जी का यही कहना है कि ऐस गैर जिम्मेदाराना विरोध के बजाय सब स्वस्थ एक दल क हो जाए तो हमारा राज्य 5 वष मे वह उन्नति करगा जो दूसर प्रा त 25 वष म नही कर पाए, बताइय लोकतान्त्रिक मार्चे और जनतान्त्रिक दल में क्या अन्तर है, उद्देश्य, नियम और काय प्रणाली मे।

श्रीराम–आप ठीक कह रहे हैं बस मैं सब मायियो की बैठक बुला लू। तो एक सप्ताह म तय कर लीजिए, आयन्दा 10 दिन म विधान सभा का सत्र चलने वाला है। सम्पत बाबू न आश्वासन दिया–ठाकुर साहब यह जिम्मा मुझ पर छोडिए हम अपन क्षेत्र का विकास

फरना है राजनतिक दल, अपनी अपनी राग अलाप रहे हैं, यो अब
लोकतांत्रिक मोर्चा है वहा-भूले भटके कहीं हो तो उनमें से हमार
श्रीराम साहब एक हैं हां आप मुक म उठाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर
ही दे।

आप चाहेंगे तो क्या नही होंगे ? मुझे मालुम है मुख्य मन्त्री
महोदय आपक नजदीकी रिश्तेदार हैं उनको जीताने म आपका हाथ
रहा है आपकी बात भला टालेंगे रहे मुकदमे बस अदालत म पेंर
विलाई करना पडना है अन्यथा सब खारिज होंगे झूठे मुकदम लगा
रखे हैं कुछ मात्र तकनीकी भर है।

महेन्द्रसिंह—मैं प्रयत्न करूंगा आशा तो है कि मेरी बात नही
टालगे हम एक सप्ताह बाद मिले।

सम्पत बाबू—एक सप्ताह तो बहुत देर हो जाएगी इन दिनों
दस मुकदमो की पेशियां हैं।

महेन्द्रसिंह—मैं कहलवा दूंगा पेशियां बदल जाएंगी।

सम्पत बाबू—ठीक, तो हम चलें रहा काम श्रीराम जी का,
वह मेरा जिम्मा रहा पूरा का पूरा।

सम्पत बाबू और श्रीराम चले गए।

इतने म शारदा शर्मा आयी उसका चेहरा उतरा हुआ था।
वह दरवाजे पर आकर रुक गई।

महेन्द्रसिंह जी न पूछा—आप !

म प्रभुदेव के साथ हाजिर हुई थी, अपन सबादने के लिए।

हां याद आया—मैं कोशिश करूंगा, आपका केस कठिन नही है,
पति पत्नि एक साथ रखन की परम्परा है आप निश्चित रहिए।

शारदा—प्रभुदेव ने मुझ मे 500/ रु लिए हैं आपको देने क
लिए और मुझे आप क पास भेजा है।

महेन्द्रसिंह—अ दर आइए बाहर खड़े खडे भी बात होगी क्या ?
छींटे आना प्रारम्भ हो गया है आप भीज जाए ग।

शारदा अन्दर आ गयी।

महेन्द्रसिंह ने पूछा–बताया अध्यापका से क्या लिया ?

शारदा–आज ही धमणाला मे हरक स 500 500 रुपये लिए हैं मुझे कहा कि मेरा केस कठिन है मैं आपको अलग स अज करू ?

लेकिन एक बात आप से पूछना चाहूगी कि क्या महिला कम-च रियो क लिए –

वह आगे नही बोल सकी, वह रो पडी और मुह फेर कर आखें पूछने लगी।

फिर साहस कर बोली–मुझे आपके पास भेजा है क्या रुपयो के साथ चमडा भी खरीदा जाता है सरला बहन को वह कल भेजगे, मुझे लगता है रकम वह खा जाएगा और आप हमार चम को खरीद लेंग।

महेन्द्रसिह अवाक सा देखता रहा, अच्छा हुआ बहन जी, आपने मुझे आगाह कर दिया मैं न तो अध्यापका से कभी रिश्वत लेता हू और न उनस अन्य लाभ की आशा ही करता हू।

शारदा ने दोनो हाथ जोडकर कहा–मै वर्षों से अपने पति से अलग हू कई प्रभावशाली कायकर्त्ता आए उन्होने भुलावा दिया और साथ ले आय, वहा होटल म ठहरे अपनी अनुचित इच्छा जाहिर की, और उत्तर मना कहा–बस म आपसे किसी तरह की रकम नहीं लू गा यह तो प्राकृतिक है–इस युग मे म क्या ? मुख्य म त्री सब ही करते हैं।

मैंने साहस से काम लिया, होटल से बाहर आ गयी वह मेरे पीछे पीछे आया। शहर म मेरा एक रिश्तेदार था, उसके यहा जाकर रात बितायी आज तो हम दल साथ हैं लेकिन सरला बहन को वह ठग चुका है उसने 500/ र नहीं लिए वह स्वय सिफारिश करेगा, हमारे रुपये भी वह नही पहचावेगा क्योंकि मेरी सबसे बडी सिफारिश मेरा देह है जो वह आपको समर्पित करना चाहता है।

महेन्द्रसिंह हसा नहीं गम्भीर हुआ बहन जी मैं मनचाहा नहीं हू, मैं भी एक साधारण कमजोर प्राणी हू मेरी अपनी दुबलता है, लेकिन

आप जाइए और अपने स्वयं भी उनसे माफ़ी मांग लीजिए। औरों के काम होंगे या नहीं आपका काम सब को छोड़कर कराऊंगा।

शारदा ने महेन्द्रसिंह के चरण छुए उसका मन तरल हो गया, आखें गीली हो गयीं भाई साहब मैं जीवन भर आपकी ऋणी रहूंगी, लेकिन मैं देख रही हूं कार्यकर्त्ता नारी कर्मचारियों को तबादले के लिए साथ लेकर आते हैं और उनके सतीत्व को खरीद करते हैं।

महेन्द्रसिंह—आप निश्चिन्त रहें आपके साथ ऐसा कोई होने वाला नहीं है आप जाए।

इतने में प्रभुदेव आ गया शारदा उठ गयी थी वह दरवाजे तक पहुंच गई थी प्रभुदेव ने कहा—आप जा रही हैं।

वह नहीं बोली।

फिर नमस्ते कर महेन्द्रसिंह से बोला-शारदा जी अपने आप आई मुझे मालुम है वह चरित्रहीन है, शारदा समझती है कि सबको अपने शरीर से प्रसन्न कर लेगी।

महेन्द्रसिंह जी क्रोध में खड़े हो गये उन्होंने आवाज दी, शारदा जी-आप आइए। उत्तर नहीं मिला तो रामधन दरोगा को दौड़ाया-दो मिनट बाद वह लौट आयी।

महेन्द्रसिंह ने प्रभुदेव से कहा-आपने शारदा जी को क्यों भेजा, जब मैने आपसे परसों आने को कहा था।

प्रभुदेव के पसीना आ गया वह हाथ जोड़कर बोला-हुजूर बस सच्च सच्च अर्ज करता हूं यह अपने आप आई।

महेन्द्रसिंह—और तुमने सब से 500)-500) रुपये लिए ?

प्रभुदेव—यह झूठ है सरासर झूठ है।

महेन्द्रसिंह ने कहा—आप जाइये, आपका कोई काम नहीं होगा। या तो जितने रुपये इन अध्यापकों से लिए हैं, मुझे दीजिए या इनको लोटाइए नहीं तो मैं आपको पुलिस के हवाले करूंगा और सरला जी कहां है उनको भी भेज देता।

बोलो शारदा जी, तुमने 500) रुपये और दूसरों ने भी 500) रुपये दिए।

शारदा—हुजूर दिए हैं।

महेन्द्रसिंह—मैं अभी पुलिस को बुलाता हूं। रुपये निकालो और कसम खाओ कि भविष्य में कभी ऐसा घृणित काम नहीं करोगे—
हुजूर उसने बटुआ खोला 5000) रुपये के नोट सामने रखे—यह रकम मैंने हुजूर के लिए ली थी, बिना पैसे काम नहीं चलता और सच यह है हुजूर कि शारदा जी ने स्वयं आपके पास आना सोचा, मैं क्यों रोकता ?

महेन्द्रसिंह ने कहा—यह रकम उठाओ और उसमें से 500) रुपये अलग कर शारदा को दिए। फिर प्रभुदेव को कहा—चलो मुझे तुम से बात करना है और अन्दर के कमरे में ले गए—शारदा को कहा—आप यहां ठहरिए, मैं जरूरी बात कर लूं नहीं तो फिर आगे कार्यवाही करना पड़ेगा।

महेन्द्रसिंह प्रभुदेव को लेकर अन्दर कमरे में गया, उस सोफे पर बिठाया और स्वयं सामने बैठ गया।

देखिए मास्टर जी यहां मैं 2000) रुपये मासिक का मकान लेकर बैठा हूं 4 नौकर हैं जिनका कुल खर्चा 1000) रुपये मासिक है, चाय पानी राग, तो कभी कौन इसके अतिरिक्त उनके मेहमानों को मेरे यहां ठहराते हैं। उनका भोजन व्यय आदि मुझे उठाना पड़ता है। मुझे 10000) रुपये मासिक का व्यय है। सच कहता हूं कल—यों आप पूरे भरोसे से आए आपका काम होगा, हां शारदा कह रही थी कि आपने उसे भेजा कि मैं उसका शरीर भोगूं।

प्रभुदेव—आप नाराज हो गए, ये मास्टरनियां सब ऐसी हैं, इनमें भी कोई चरित्र है मैं क्यों भेजता ? वह स्वयं आयी है अच्छा तो आपका काम करने का प्रयत्न करूंगा, और आप एक हजार अपने लिए रख लीजिए कल ही मैं आपका काम करा सकूं ऐसी कोशिश करूंगा।

3500) रुपये महेन्द्रसिंह जी ने अलमारी में रखे, और प्रभुदेव से बोले, आप जाइए, कल सांझ को मिल लीजिए।

प्रभुदेव नमस्कार कर रवाना हुआ, शारदा उठ कर जाने लगी तो महेन्द्र सिंह ने कहा—ठहरिए जिन लोगों का पता लगाया प्रभुदेव से

उनके सम्बन्ध म म जानकारी ले लू शारदा खडी रही ।
महेन्द्रसिंह ने कहा—बैठिए और पास म जाकर उनके दोनो
कधे पकड कर बिठा दिया फिर घटी बजाई, नौकर आया भोजन म
समय लगेगा दो कप चाय दे दो और दो थाली परोस देना ।
शारदा देवी—नही सर म तो खा लूगी ।
अब कहा खालोगी—9 बज रहे हैं और इतनी रात आप जायेगे
कहा—यहा अलग से कमरा है आप सो जाइए ।
शारदा ने आपत्ति नही की फिर महेन्द्रसिंह ने कहा—देखो
शारदा जी मुझे आपसे पूर्ण सहानुभूति है आपका केस तो सबसे ज्यादा
genuine है, पति पत्नि को एक जगह रखने की परम्परा है उस परम्परा
को कायम रखना मेरा काम है ।
शारदा—सर यही तो म चाहती हू । वर्षों से जूते रगडते बीत
गया कुछ हुआ नहीं तब आपकी सेवा म आना पडा ।
चाय आ गई दोनो ने चाय पीयी, फिर नौकर से पूछा भाई
भोजन मे जल्दी करने की जरूरत नही है बस बाजार से नमकीन
मिठाई ले आवो मिठाई अच्छी लाना ।
शारदा के चहरे पर प्रफुल्लता उतर आयी, उसने कहा—मिठाई
मगवा रहे हैं । इतनी बडी कृपा ?
मैं स्वय रोजाना खाता हू फिर नौकर को कहा—देखो डाईनिंग
टेबुल पर दो गिलास लगा देना, हा शारदा जी आपको तो आपत्ति
नही होगी सिर्फ एक पेक ।
शारदा—नही सर, इसकी जरूरत नही है । यो ही आपकी
कृपा से दबी जा रही हू ।
महेन्द्रसिंह हसा—आपको सौगन्ध तो नही है ?
शारदा—ऐसी कोई बात नही है हम ब्राह्मण नही खत्री हैं,
हमारे यहा पीना मना नही है या मने जीवन मे एक दो बार ही ड्रिंक
लिया है आप अगर आज्ञा दें तो म नही लू ।
महेन्द्रसिंह—यदि आप लेते हैं तो क्या हानि है ? थोडा मन

प्रसन्न हो रहेगा थकान उतर जाएगी ताजगी भी।

शारदा—जैसी श्राज्ञा।

महेन्द्रसिंह—तो चलें टेबुल पर–नमकीन तो शायद घर म है ही श्राप चाहे तो यहा ही मगवा लू लेकिन यहा काम वाले श्राते रहते हैं पीना तो एकान्त म ही ठीक रहता है।

श्रौर महेन्द्रसिंह उठा शारदा भी उठी श्रौर महेन्द्रसिंह न किवाड़ श्रटकाए श्रौर श्रन्दर के कमरे म गया–श्रालमारी से दो बोतलें निकाली, श्राप श्रंग्रेजी शराब पसन्द करेंगी, विस्की या ब्रांडी, या हमारे यहा का सबसे बढ़िया केसर श्रौर गुलाब है।

शारदा ने कहा—जसी श्रापकी श्राज्ञा है मैं जो श्राप बतायेंगे वही ले लूगी।

नही, श्राप श्रपनी पसन्द बतायें।

शारदा—सर मैं किसी शराब के नाम नही जानती उनके साथ तो कभी पीने का काम नही पडा, मेरी बहन के यहा एकाध दफे लिया था।

तो फिर मौसम के श्रनुसार गुलाब ठीक रहेगा, केसर गम होगी।

शारदा ने कोई उत्तर नही दिया, एक प्लेट म पापड श्रौर एक म नमकीन रखा था।

दो गिलासो म शराब डाला—शारदा न कहा–सर मुझे थोडा ही दें, वर्षों स पिया नहीं है।

लीजिए शराब का नशा तो राजा शाही नशा है श्रौर फिर श्रभी श्रापको कही जाना तो नही है, श्राध घण्टा पीयेंगे श्रौर धीरे धीरे, शराब का श्रानन्द ही इसी मे श्राता है। घटक पीलो यह ठीक नही है–श्ररे कौन भागा जा रहा है, टी टेबुल स ड्रिंक टेबुल पर सम्वा चलना चाहिए, एक चुस्की फिर नमकीन फिर बातचीत का दौर फिर चुस्की, धीरे धीरे गुलाबी नशा चढे, पागल तो होना सहज है लेकिन उस पागल पन स क्या होगा ?

शारदा सुन रही थी उसने कोई उत्तर नही दिया वह दोनो कोहनिया टेबुल पर रख कर बैठी थी।

महेन्द्रसिंह ने गिलास उठाई फिर शारदा जी की तरफ की, लीजिए। शारदा न गिलास ली महेन्द्रसिंह न अपनी गिलास उठाई और उसे शारदा की गिलास से छुआ, फिर बोले—पीजिए और उसने स्वय एक घूट ली। नमकीन उठाया। दूसरा तीसरा चौथा दौर चलता रहा।

शारदा ने पीकर गिलास रखी महेन्द्रसिह न कहा—बस अभी तो आखो म ललाई भी नही आई हाथ पैरो म स्फूर्ति भी नही फैली और आपने बन्द कर दिया।

शारदा—सर बस इतना ही आगे नही— मुझे तो नशा आ गया है।

नही, मुझे तो कही नजर नही आता बस एक पग और।

और उन्होने ग्लास मे शराब उढल दिया और अपनी ग्लास भी भरली।

शारदा ने कहा -सर मेरा स्थाना तरण आप यही करा दें तो शहर है, आगे पदोन्नति मे सयोग आयेंगे और अब मुझे भाग्य से आपका सरक्षण मिल गया है तो मुझे लाभ लेना चाहिए।

आपके पतिदेव का भी स्थाना तरण कराना होगा ?

हो सके तो करवा दीजिए नोकरी कर रहे हैं यो वे एक रखेल के साथ रह रहे हैं बस मैं केवल उनकी रखैल स दूर रहन के लिए ही अपना स्थाना तरण करवा रही थी सच्च है सर, नारी कभी शौत को बरदास्त नही कर सकती और सच्च है कि नारी का पर भी तब फिसलता है जब वह अपने पुरुष को पतित होत देखती है। वह जमाना गया जब पति दस नारियो को भोगता था और नारी अपने प्राणपति के पीछे ठोकरें खाकर भी उनके चरणो को सहलाती थी, म पढी लिखी हू, सर कब तक बर्दास्त करती आप तो अब कृपा करें तो यही करवा दें आपकी छत्र छाया रही तो प्रधानाध्यापिका बनने मे क्या कठिनाई होगी ?

६० गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

महेंद्रसिंह—आप ठीक कहती हैं, नारी ने बहुत ताडना सही है। कामी वैश्या गामी पति को मौत से बचाने के लिए सतीत्व को दाव पर लगा दिया और प्रभात सूर्य को अपने सतीत्व के बल से रोका—लेकिन मुझे लगता है यह मात्र कल्पना भर है, मन गढन्त कहानी है, नारी की महानता का निरूपण—

शारदा ने घूंट ली और महेन्द्र सिंह जी के गिलास की तरफ देखा—सर आपकी गिलास तो खाली हो गई, आज्ञा हो तो डालूं—

महेंद्रसिंह हंसा—पहले आपकी गिलास में फिर मेरी ग्लास में—

शारदा—नौकर कब आयेगा ?

बस आता ही होगा।

मैं सोच रही थी 9½ बज रहे हैं भोजन मैं बना लेती। उठना चाहती थी महेंद्रसिंह ने कहा—नहीं, ठहरिए आप क्यों कष्ट करें, नौकर ने सब्जियां बना ली हैं फिर परावठें आते ही डाल देगा—तब तक धीरे धीरे एक पेग और चल जाएगा।

शारदा की आखो मे तरेर थी, उसने कहा—सर, मुझे नशा आ गया है अधिक पीऊंगी तो....

महेंद्रसिंह ने बोतल से उसकी गिलास मे शराब डालना चाहा। शारदा ने अपने हाथ से उसे बन्द कर रखा था महेंद्र सिंह ने बोतल टेबुल पर रखी, अपने हाथ से उसके हाथ को हटा कर फिर शराब उडेली।

शारदा—सर, शराब के नशे म देख कर नौकर कुछ समझ न ले ?

मैं अभी नौकर को भेज देता हू उसके घर जाकर सो लेगा।

आप धीरे धीरे सिप कीजिए और मुझे खाना दीजिए, मैं लेलूं।

शारदा—जरूर सर, हां एक अर्ज करू।

महेंद्रसिंह—कहो।

शारदा—कालेज एज्युकेशन मे एक महत्वपूर्ण पद रिक्त है, यद्यपि मैं अभी हाई स्कूल में हूं। क्या मन्त्री महोदय डेपुटेशन पर हम

पद पर नहीं रख सकते ? यों मैं उन सभी गुणों की अधिकारिणी हूँ, जिनके आधार पर इस पोस्ट पर नियुक्ति हो। और शारदा ने अपना बाया हाथ महेन्द्र सिंह के पाव पर रख दिया।

इतने मे नोकर आ गया। महेन्द्रसिंह ने कहा—भाई जल्दी करो बहुत लेट हो रही है, बहन जी का भाई भी इनको लेने आने वाला है तुम्हें अपने घर जाना है। भोजन भी तो वहीं करोगे।

वह सीधा भोजन गृह मे गया, चुल्हा लगाया, साग गरम की और गूंदे आटे की रोटिया बनाई।

तब तक महेन्द्रसिंह पीता रहा—शारदा ने बन्द कर दिया था जब नोकर थालियां लेकर आया तो बोली—अलग से पानी होगा, ठाकुर साहब के फ्रीज मे तो शराब पड़ा है म उसे कैसे स्पर्श करूं ?

नोकर ने कहा—घड़े का पानी है।

महेन्द्रसिंह न उत्साह बताने के लिए कहा—अच्छा तो एक जगह शराब और पानी रहे तो क्या पानी भी बिगड़ जाएगा ?

खैर भाई, आपके लिए पानी घड़े का ले आवो।

और वह घड़े का पानी ले आया भोजन करने के बाद महेन्द्र सिंह ने फोन घुमाया हलो, कौन शारदा जी के भाई साहब बोल रहे हैं। मने आपको भोजन पर आमन्त्रित किया आप नहीं आए—खैर अब आप आ जायें तो शारदा जी को ले जायें हां तो कब तक आ रहे हैं अच्छा 15–20 मिनट मे—फोन रख दिया। नोकर से कहा—भाई कल सुबह 10–12 महमान आ रहे हैं तुम ठीक आठ बजे आ जाना—मैं बैड टी का आदी नहीं हूं और लेना होगा तो ले लूंगा लेकिन तुम घर से फारिक होकर ही आना।

हुजूर—उसने झुककर प्रणाम किया और वह चला गया-शारदा मन्द मन्द मुस्करा रही थी।

महेन्द्रसिंह ने कीवाड़ बन्द किए और शारदा का हाथ थामा। उसने महेन्द्रसिंह के चेहरे म देखा—सर प्रभुदेव कहीं आ न जाए?

---

50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

आ जाने दीजिए मैं कीवाड़ खालूगा ही नहीं। ग्रोर आपने तो अपने रिश्तेदार के यहाँ जाने की बात नहीं थी।

हाँ कहा था।

महेन्द्र सिंह ने उसके कन्धे पर हाथ रखा ग्रोर मुस्कराकर कहा आप ग्रब जो भी काम हो निश्चिन्त होकर चल आएँ यह घर हाजिर है आपकी सेवा करने के लिए। कहीं एक पैसा खर्च न करें।

वे शयन कक्ष में गए। महेन्द्रसिंह ने दूसरा हाथ दूसरे कन्धे पर रखा।

शारदा खड़ी थी सर मुझे यह मालूम होता तो मैं इस मास्टर के साथ ग्राती ही नहीं आप नहीं जानते कल वह मेरे कमरे में चला आया, मैंने ऐसी थप्पड़ लगाई कि वह चक्कर खाकर गिर पड़ा फिर कहने लगा–महिला का स्थानान्तर तो कम बेचकर होना है मैंने उसे फटकारा, मुझे ऐसा नहीं करना है ग्रोर मैं रात को भागकर ग्राप रिश्तेदार के यहाँ चली गई सरता पर क्या बीता वह जाने प्यार सौदा नहीं है प्रिय मैं आपको प्यार करती हूँ।

शारदा ने ग्राँख बन्द कर ली वह ग्रपनी बाहें फैलाकर महेन्द्र सिंह को बाहु पाश में बाँधने लगी कि महेन्द्रसिंह शारदा के साथ ही पलंग पर लुढ़क गए।

आँख बन्द कर नशे में शारदा कह रही थी प्यार सौदा नहीं है रात गहराती जा रही थी।

□□

मुख्य मंत्री के क्षेत्र के जिले का विधायक श्रवणकुमार ग्रोर प्रधान हनुमान प्रसाद दोनों सत्ताधारियों में काम निकलवाने में बड़े दक्ष हैं मारवाड़ गढ़ की तरफ सीमेंट निर्माण का लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार को सिफारिश कर दी ग्रोर उद्योग मन्त्री जी ने केन्द्रीय मन्त्री को व्यक्तिगत निवेदन किया कि वह उनके विधान सभा क्षेत्र का विकास है इसलिए शीघ्र पास कीजिए, लेकिन मौजाबाद क्षेत्र का सेठ 8 करोड़ की लागत का विद्युत कण्डक्टर का कारखाना लगाने के लिए ग्रावेदन पत्र दे चुका था उसे केवल

से पडा था कोई सुनवाई नही हो रही थी। श्रवण कुमार के पास पहुचे, श्रवणकुमार का दरबार भी भरा रहता है उसके कमरे के बाहर 100 200 व्यक्ति बराबर रहते हैं, श्रवण कुमार के पास जब मोजाबाद का सेठ केसरीमल पहुचा तो श्रवणकुमार ने कहा–राज्य सरकार उद्योगीकरण के पक्ष मे है, मुझे आश्चर्य है आपका काय क्यों नहीं हुआ ? बडा उद्योग है उद्योग मन्त्री और मुख्य मन्त्री से मिल लें आप को आज्ञा पत्र शीघ्र जारी हो जाएगा उसके बाद लोह सीमेन्ट चद्दर और राज्य से ऋण भी आवश्यक होगा मैं सोचता हू आपने कोई मर्यादित कम्पनी बनाली है उसकी पू जी कितनी है।

सेठ गम्भीर हुआ पू जी तो अभी 10000/- र है, लेकिन हमारी तरफ से 2–4 लाख लगा सकेंगे राज्य से ऋण और अनुदान यदि मिल गया तो मैं एक वर्ष मे कारखाना चालू कर दू गा।

श्रवणकुमार–यद्यपि मुख्य मन्त्री महोदय से आज ही आप के उद्योग के सम्बन्ध मे बात करू गा लेकिन केन्द्र म बडा भयकर काम है जितनी जल्दी करो उतनी ही देरी होती है। आप महेन्द्रसिहजी को जानते हैं उनका केन्द्र मे भी अच्छा दबदबा है, आप चाहो तो मैं मिला दू।

सेठ प्रसन्न हुआ जरूर सर उद्योग के लगाने मे जितनी देर लगेगी उतना ही विकास रुकगा।

श्रवणकुमार सेठ को साथ लकर महेन्द्रसिह के पास पहुचा, और बोला–ठाकुर साहब बस आज अपना परीक्षण है सेठ साहब विकास करना चाहते हैं प्रारम्भिक आदेश और अनुज्ञापत्र के लिए दो साल से भटक रहे हैं वाजिब खच करने के लिऐ तैयार हैं।

सेठ केसरी च दने उदारभाव से कहा– ठाकुर साहब, सब खच ता उद्योग पर है निर्माण मे जितना कम समय लगेगा उतना ही उद्योग पनपेगा आप जानते हैं जीवतराम का नया उद्योग प्रमुख है राज्य सरकार की 51 प्रतिशत पू जी सारा सामान सीमेन्ट कोयला, लोहा आदि उपरत ः, राज्य वित्त निगम से पूरा कर्जा धरती पूजन से पूव उनके हाथ मे आ गया और जीवतराम ने कुल 9 महीने म 6 करोड की लागत

? 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

का कारखाना चलाकर दिखाया राज्य सरकार का उद्योग उपक्रम फेल रहा और जीवतराम सफल, मैं तो मात्र लाईसेंस और उसके बाद वित्त निगम से कर्ज भर चाहता हू।

श्रवण कुमार—बस अब आप निश्चित रहिए महेन्द्र सिंह हमारे उद्योग मन्त्री के भाई हैं, केन्द्र मे भी दबदबा है भाई साहब आप कल यहा से कागजात निकला लें और एक सप्ताह में केन्द्र से सफाई करा दें।

सेठ केसरीचन्द ने अपना बक्स खोला और नोटों के बण्डल श्रवणकुमार के हाथ में दिए।

श्रवणकुमार—बस आप अब निश्चिन्त रहिए एक सप्ताह मे अपना काम हो जाएगा, दिल्ली में पैसे के बिना कागज सरकना नहीं है नहीं तो सेठ साहब आपको एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता आप विश्वास से काम में जुटे हैं और उसमें सहायता पहुचाना हमारा काम है, अब आप पधार सकते हैं।

सेठ केसरीचन्द चला गया, श्रवणकुमार ने देखा–5000) रु के 10 बण्डल पूरे 50 हजार रुपये थे।

उसने महेन्द्रसिंह के हाथ मे थमा दिए। महेन्द्रसिंह ने कहा—देखिए यह रकम आप रखिए मैं तो आपका अनुचर हू पहले काम हो जाने दीजिए।

श्रवणकुमार—नहीं यहा दिए लिए बिना काम नहीं चलेगा। अभी रखिए फिर देखा जाएगा। हा एक बात है हमारा एस पी बड़ा बदमाश, रिश्वत खोर है उसका थाना तरण करखाना है।

महेन्द्रसिंह—बस यहा ही हो जाएगा लेकिन उस पर सी एम के दस्तखत होते हैं एकाध दिन की देर भले ही लगे।

श्रवणकुमार—ठाकुर साहब अब हमारे सारे काम आपके द्वारा होंगे–हां एक बात अभी और है। हमारे गोसाई भगड़े हैं, वर्षों से चल रहे हैं रेवेन्यू मिनिस्टर आपके मामा साहब हैं।

हां हैं तो, लेकिन वह बड़ा सख्त है। सिफारिश करो तो नाराज होता है रुपये पैसे तो लेना बिल्कुल पसन्द नहीं।

महेन्द्रसिंह ने उत्तर दिया।

श्रवणकुमार—मैंने सुना है उनकी एक बड़ी कमजोरी है, आप करना चाहें सच्च वे स्त्री के पीछे सब सिद्धान्त व नीतियों को भूल जाते हैं।

महेन्द्रसिंह—देखिए मेरा ज्ञान नहीं है और इस काम को भला मैं कैसे कर सकता हूं ? मेरी पत्नी को मालूम पड़े तो मेरा जी खा जाए।

इतने में एक युवती आई और नमस्कार कर खड़ी रही।

महेन्द्रसिंह ने कहा—बहन जी आप बैठिए कहो क्यों हो गई ?

महिला मुस्कराई, दोनों हथेलियों को मलते हुए उसने कहा—देखिए सर वर्षों से ठोकरें खाती फिर रही हूं, मुझे मालूम हुआ कि आप हम जैसे दीनहीन अनाथ अबलाओं का काम करवा देते हैं मैं राज्य सरकार से चार वर्षों से निलम्बित हूं—न अभियोग पत्र मिलता है और न कार्यवाही हो रही है।

आप दयानिधान हैं।

श्रवणकुमार ने बहुत गहरी दृष्टि से महिला की आंखों में झांका और फिर मुस्करा कर कहा—

आपके मत लेकर विधान सभा में गए हैं क्या हमारा इतना भी वक्तव्य नहीं है कि किसी के काम में कोई रोड़ा अटकाता हो तो उसे दूर करें। बताइए आपका किस विभाग में काम है।

महिला ने कहा—सिर मुडाये और ओले पड़े बस सेल्स टेक्स अधिकारी बनी कि 6 माह में मौतिकी के आदेश मिल गए।

श्रवणकुमार ने जोर देकर पूछा—आपका शुभ नाम ? उसने कहा—मेरा नाम दमयन्ती शर्मा है।

श्रवणकुमार—ओह ! पहचाना आप मेरे मित्र की बहन हैं याद पड़ता है आप से कभी मिलने का काम पड़ा है ?

दमयन्ती प्रसन्न हुई ओह ! आप मेरे भाई साहब के मित्र हैं

फिर तो मुझे देवता के दर्शन हो गए आप किसी तरह मेरा काम करवा दें।

दमयन्ती की आयु 24-25 वर्ष की है वह सुन्दर, पुष्ट और हसमुख है।

श्रवणकुमार ने एक बार और उसकी आँखों में घूरा फिर बोला—आपके भाई साहब आए हैं?

दमयन्ती—नहीं सर वे तो नहीं आए।

श्रवणकुमार की दृष्टि को भांपकर दमयन्ती ने अपनी नजरें नीची कर ली अब श्रवणकुमार ने कहा—आप कल सन्ध्या को मेरे यहाँ मिलिए-आप मेरे निवास का पता तो जानती हैं।

दमयन्ती—नहीं सर मुझे ठाकुर साहब का पता बताया, पूछते पूछते यहाँ तक चली आयी हूँ।

श्रवणकुमार—ठाकुर साहब आप इनका काम करवा दें।

महेन्द्रसिंह—नहीं मैं आपके मित्र की बहन हैं अच्छा है यह काम आप ही करवा दें।

श्रवणकुमार—बहन जी मैं आज मन्त्री महोदय से मिल लेता हूँ-आप कल किसी वक्त मिल लीजिए, यह मेरा कार्ड लीजिए—विधायक नगर में 17 नम्बर का मेरा बंगला है आपको ढूंढने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

दमयन्ती—बड़ी दया होगी यों इस निलम्बन में मेरा कहीं दोष नहीं है। मेरे उच्च अधिकारी की गलती मुझ पर थोप दी गई फिर मुसीबत यह है कि फाइल देख कर कोई निर्णय नहीं करता एक बार फाइल देख ले तो

श्रवणकुमार - तो आप कल पधारें मैं सोचता हूँ आपके काम में देरी नहीं होगी और अब जब आप मेरे मित्र की बहन हैं तो मुझ पर दुबारा कर्तव्य है कि मैं उस ठाव करूं।

दमयन्ती ने नमस्ते किया, श्रवणकुमार बार बार उसे देख जा रहा था—दमयन्ती स्तब्धसी कुछ क्षण खड़ी रही और फिर चली गयी।

श्रवणकुमार ने महेन्द्रसिंह को कहा—भाई, आजकल यह अभियोग राजनेताओं पर लगाया जाता है कि वे नारी के सतीत्व को लूट कर उसका कार्य सम्पादन करते हैं नारी का शरीर रिश्वत है। लेकिन कब यह नहीं था बल्कि फौज में तो विष कन्याओं का उपयोग ही ऐसे किया जाता था। आजकल जो महिला नौकरी करती हैं उनके लिए तबादला नक्सरी तरक्की एवं इसी तरह की अन्य समस्यायें उलझी रहती हैं, बेचारी क्या करें ? कोई न कोई पाया ढूंढना पड़ता है न ढूंढें तो चारा नहीं कोई उसकी सहायता नहीं करता और नौकरी से हाथ धोना पड़ता है।

महेन्द्रसिंह—आप ठीक कहते हैं, नारियां विवश हैं काम भी करवा लेती हैं और एक पैसा खर्च नहीं करना पड़ता बल्कि राजनेता उसके पीछे खर्च करता है।

इसी बीच दो दल के कार्यकर्ता आ पहुंचे, उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर दया की भीख मांगी। मलारपुर ग्राम, सहकारी समिति के सचिव और अध्यक्ष हैं। श्रवण कुमार के क्षेत्र के कार्यकर्ता हैं अध्यक्ष राम लाल और सचिव सोहन लाल हैं।

राम लाल ने कहा—जन सेवा क्या करें ? काला मुंह होता है चेक से रुपये लाए सदस्यों को चुका दिये फिर भी हमें जुम्मेदार ठहराया जा रहा है कि हमने रुपये गबन कर लिए।

श्रवणकुमार राम लाल और सोहन लाल को अच्छी तरह जानता था, ये दोनों विरोधी दल के सदस्य थे अब वे जनता दल में शरीक हो गए।

श्रवणकुमार ने विधान सभा में कई बार सहकारी विभाग की भर्त्सना की थी और उसे आड़े हाथों लिया था, साथ ही राम लाल और सोहन लाल को डाकू कहकर पुकारा था, अब दल बदल से स्थिति बदल गई है, इस चुनाव में भी सोहन लाल श्रवण कुमार के साथ आ गया था और उसके चुनाव में डटकर काम किया था। श्रवण कुमार ने गम्भीर होते हुए कहा—सोहन बाबू, मैं सारी स्थिति से परिचित हूं,

जाँच भी हो गयी है और यह पाया गया कि रुपये सदस्यों के पास नहीं पहुंचे बल्कि आपके पास ही रहे—यह हो सकता है कि आपने किसी अन्य अधिकारी को दे दिए हों जो सदस्यों को दे दे लेकिन जो कुछ प्रमाणित है वह स्पष्ट है।

सोहन लाल—एम एल ए साहब, जो कुछ हो गया वह तो हो गया अब क्या करें ? रुपया हमारे पास देने को नहीं है फिर फौजदारी मुकदमा अलग चलेगा। अब रुपयों की व्यवस्था नहीं हो सकती। श्रवण कुमार ने जोर देकर कहा—फौजदारी मुकदमा उठाने का प्रयत्न करूंगा। राम लाल—कल ही हरिपुरा की सहकारी समिति के रुपये माफ हुए, फौजदारी मुकदमा भी उठा है और यही क्या ? राजनेताओं ने यह निर्णय सा ले लिया है कि गत दस वर्ष पुराने सब फौजदारी दीवानी कार्यवाहियां बन्द कर दी जाएं और सहकारी समितियों को पवित्र बना दीजिए कल ही मैं मुख्य मन्त्री जी से मिला था उन्होंने फरमाया कि या तो कार्यकर्ताओं को परेशान करो उन सब वफादार कार्यकर्ताओं को जो खोटे दिनों में दल के साथ रहे या फिर ऐसी सहकारी समितियां भंग कर दी जायें, वसूली बन्द करदी जावे और ऐसी रकम को बट्टे खाते नाम मांड दी जाए और फौजदारी मुकदमें उठा लिए जायें।

श्रवण कुमार—हां ऐसा विवाद चल रहा था, आखिर गत वर्षों से अधिकांश हमारे कार्यकर्ता ही फंसे हुए हैं। मुख्य मन्त्री महोदय ने बड़ा सही कदम उठाया है। मैं सोचता हूं यह जनरल आदेश होंगे और उसमें किसी को विशेष प्रयत्न करने की जरूरत नहीं है।

राम लाल—नहीं सर, करना पड़ेगा क्योंकि हमारा मुकदमा दस वर्ष के अन्दर का है, जब दस वर्ष पुराने मुकदमों को समाप्त किया जा रहा है तो मैं सोचता हूं अब तक के गबन के सब मुकदमे उठा लें और रुपयों को बट्टे खाते नाम मांड दें और भविष्य में चेतावनी दे दें कि जो भी इस धन के साथ खिलवाड़ करेगा उसे न्यूनतम 10 वर्ष की सजा होगी मुख्य मन्त्री महोदय बता रहे थे कि ऐसे 500 मुकदमे हैं और 10 करोड़ से ज्यादा रुपये इनमें फंसे हुए हैं, यह तो हो ही गया

कि दस वष से पुराने मुकदमो को समाप्त कर दिया जाए इन दस वर्षों मे 200 से ज्यादा मुकदमे नही होंगे और एक करोड़ रुपय से ज्यादा नही होंगे।

श्रवणकुमार—यह नीति का प्रश्न है मैं मुख्य मन्त्रीजी से बात करूंगा आपके जिम्मे कितना रुपया निकलता है ?

रामलाल—मेरे जिम्मे 2 25 लाख और सारे लाख क जिम्मे 1 50 लाख गलती तो हो गई अच्छा नही है लेकिन राज्य क्या देश भर मे जो हो रहा है उसे देखते हुए यह तो राजी म नीग के बराबर भी नही है। आपको मालम है म क्या अर्ज करू सिंचाई विभाग म एक पैसे का काम नही होता और लाखो रुपए खर्च खाते नाम माडकर उठा लिया जाता है सिंचाई विभाग के इन्जीनियर तो कहते हैं कि उनके यहा ऐसा विरला ही व्यक्ति होगा जिस पर निलम्बन का आदेश न हो चलते रहेंगे, राज्य तक आकर मुकदमे समाप्त कर देंगे, महुद्रपुर म सडक का नाम निशान नही व पूरे 1300000) रु उठा लिए गए कायवाही चलेगी, नाप तौल होगे कमिशन बठेगा और जो चीज सामने आयेगी वह सच्चाई के अलावा और कोई होगी।

श्रवणकुमार—म सदव विरोध मे रहा मुझे लगता है कि भ्रष्टाचार हमारे राष्ट्र को बीमार कर देगा हमारी राष्ट्रीयता खत्म हो जाएगी और हम विश्व म कही खड होने लायक नही रहेंगे फिर वह हसा—भाई साहब अब तो आपके साथ आ गए हैं। हमारी नजरिया मे अन्तर आ गया है म मदद करूंगा और जो कुछ कर सकूंगा करूंगा।

सामने सरपच प्यारेलाल नजर आये, यह श्रवणकुमार के अपने आदमी हैं और सदव से दोनो साथ रहे हैं। नमस्कार कर बोले—सब जगह दिया लेकर तलाश की कही नही मिले आखिर मे पता लगा कि आप यहा हैं जरूरी काम है कुछ बात कर लू तो तसल्ली हो।

श्रवण कुमार हसा—ऐसी क्या बात है ?

सरपच प्यारे लाल ने कहा—अलग से बात करेंगे।

श्रवणकुमार—नही, अलग से बात करने की आवश्यकता नहीं, सब अपने ही हैं आप डरिये नहीं।

प्यारे लाल—अकाल मे काम कराया था। उसके अलावा विकास में राम सागर तालाब पर मिट्टी डाली गई थी, साला बी डी ओ नाराज था और आप जानते हैं उस वक्त के एम एल ए साहब विरोधी थे, उन्होंने जाच शुरू कर दी, नाप तोल हो गया, मजदूरों के बयान हो गए। उनका कहना है कि उन्होंने राम सागर पर काम ही नही किया—मैं पूछता हू किस ने काम किया जिस काम हेतु तालाब पर काम हुआ, सब जगह फर्जी हाजरिया भरी गई और रुपये खा गए। मैं विरोधी था सो मुकदमा कायम कर दिया अब तो आप कृपा करो नही तो कहीं का नही रहूगा।

श्रवणकुमार—अरे सरपच साहब, मैं आपके लिए कल ही आदेश ले चुका हूं। मुकदमा उठा लिया गया, सब कार्यवाही बन्द है। आप चिन्ता छोड़िये अजी ऐसे मुकदमे लगें तो राजनीति में काम करने वाले नही मिलेंगे केवल मन्त्रीगण रह जायेंगे, अरे हम नहीं तो मन्त्री गण कहां से आयेंगे चाहे हमारे मुख्य मन्त्री बडे चतुर हैं वे मिलनसार हैं। अपने दल के लोगों के प्रति तो बडे उदार हैं। एक बार किसी को देख लिया दुबारा मिला तो पहचान लेंगे और फौरन उसका काम हो जाएगा—चाहे वह विरोध पक्ष का ही हो, वे जानते हैं कि सत्ता जब तक हाथ मे है तब तक विरोधी पक्ष का सदस्य भी हमारे साथ हो सकता है लोकतन्त्र में प्रतिरोध नहीं होना चाहिये, बदले की भावना से जो चलेगा वह ज्यादा ठीक नहीं हो सकता।

सरपच प्यारे लाल—मुख्य मन्त्री बड़े उदार चता विनम्रशील हैं सत्ता का उन्हें मान नही है वे आज भी वैसे ही हैं जब सत्ता विहीन थे। हां, आपने आदेश में लिखा साधुवाद लेकिन क्या जिनके मुकदमे उठाये गये उनको सहकारी विभाग या विकास काम मे भविष्य में भाग न लेने की चेतावनी दे दी गयी है?

श्रवणकुमार—नहीं यह गलत है क्या किसी का मौलिक

प्रधिकार छीना जा सकता है ? सहकारी सस्था का स"स्य या पचायत का सरपच होना आपका अधिकार है और जब तक यह अधिकार रहेगा कोई किसी काय से च्युत नही किया जा सकता। हा, ठाकुर साहब माफ करना मैं सरपच साहब के मुकदमे म उलझ गया लेकिन यह समस्या तो आपके यहा भी होगी।

महेद्रसिह—देखिए जनाब, सरपच के जिम्म बडे बड खर्चे हैं, चुनाव होना है तो 10 हजार का खर्चा और उसके बाद मे गाव म सरकारी अधिकारी, जन प्रतिनिधि कोई आता है तो आवभगत का सारा व्यय बेचारा सरपच ही तो उठाता है, विधायक को वेतन मिलता है प्रधान को भी मासिक भत्ते वगरा मिलते हैं सरपच को क्या मिलता है ? खर्चे न करे तो दु ख, करे तो कहा से लाए अपन बूते पर क्या किया जा सकता है ? इसका अथ यह नही है कि विकास काय का पैसा सब हडप कर जाए आटे म नमक जितना खाए तो क्या बुरा है ?

सरपच प्यारे लाल – ठाकुर साहब, म क्या अज करू ? चुनाव इस वष बहुत महगे हुए मेरे प्रतिपक्षी ने 50000) रुपये खच किए घर का धनी है। उसके मुकाबले मुझे तो 15000) रुपये ही खच करना पडा और यह सही है कि आवभगत नही करो तो आप जमे दूसरे नही। कोई अफसर आयगा तो सरपच के यहा, कोई जननेता आयेगा तो सरपच के यहां, आज कल विद्यार्थी आ रहे हैं वे भी सरपच के माथे पर। क्या करें क्या सरपचो को आतिथ्य के लिए माहवारी भत्ता नही हो सकता ? हम विवश होकर थोडी बहुत इधर उधर करें तो गबन, माफ करना एम एल ए साहब। आपके चुनाव म तो लाख से ज्यादा खर्चा हुआ वह कहा स आया ? खर, जब आदेश हो ही गया तो फिर कोई बात नही है। मुकदमा चलाते क्यों लगते नतीजा टाय टाय फिस लेकिन बेकार की तवालत तो उठानी पडती। मने न हाजरी भरी न मस्टरोल पर दस्तखत किए न बिल पर ही दस्तखत किए, उप सरपच ने किए। म हजार बार कह चुका हू कि मने कुछ नही किया लेकिन आखिर रुपये तो मेरी माफत आये और चुकारा हुआ, उप सरपच

साहब कह रहे थे कि सब हाजरियों का फर्जी चुकारा हुआ तो वह भी रुपय मे दो आना खर साहब आपका भला हो जो बच गया। वकील का कहना था कि बस यह कहन से हमारा पिण्ड छूट जायेगा कि हमने सारा रुपया उप सरपच साहब को दे दिया। लेकिन उसे सजा हो या मुझ, म नही चाहता कि मर फेलो के लिए उप सरपच का सजा हो।

श्रवण कुमार— चुनाव का आधार ही रुपया है खर्चा आवश्यक है, हम विवश होकर कुछ न कुछ करना पडता है। म त्रीगण तो बडे सेठों से ले आते हैं और स्वय के खर्चे के अतिरिक्त अपने साथियो मे बाट देत हैं लेकिन पच, सरपच क खर्चे का कौन इन्तजाम करे। मन मुख्य म त्री जी को कहा कि वे पचायत चुनाव म भी पसे की व्यवस्था करें वे करना चाहते हैं और अब जब भी चुनाव होगे सरपचो क माफत पचायत को रुपये देंगे।

महेन्द्रसिंह—आपके लोकतन्त्र की कील ही सरपच है विधायक या समद का चुनाव हो अपनी अपनी पचायत मे सारा भार सरपच को सौंपा जाता है उनको भूल कर कोई नही चल सकता।

श्रवण कुमार— तो मैं चलता हू कल मिलेंगे, नमस्ते।

——

श्रवण कुमार के यहां दूसरी साझ या दमयन्ती पहुच गयी, श्रवण कुमार न भी बडा बगला ले रखा था जो राजकीय या और [illegible]यायती किराए पर उस मिला हुवा था।

श्रवण कुमार कहीं गया हुवा था बगल पर कई व्यक्ति बैठ थ, एकाध महिला भी थी, बाहर लान पर सब क साथ दमयन्ती भी जा बैठी, उपस्थित व्यक्तियो म कुछ परमिट लन वाल थ कुछ को सेवा मक्ति के विरुद्ध कायवाही करना था तो कुछ को अपने कमजोर बच्चे को भर्ती करवाना था लेकिन लगभग 30–40 व्यक्ति बैठे थे।

दमयन्ती एक महिला के पास कुर्सी पर बैठ गई थोडी दर मौन रहे लेकिन आखिर दमयन्ती ने साहस कर पूछा–आपका परिचय ?

उस महिला ने उदास दृष्टि स दमयन्ती को देखा–और निराश

होकर बोली–उम समयाग्रस्त एक नारी, यही मेरी जान पहचान है और अगर कुछ न होता तो यहा आती ही क्यो ?

दमयन्ती हसना चाहती थी लेकिन नही हस सकी, इस युवा नारी ने जसे अनेकों अनुभव ले लिए है और इसी कारण उसकी आयु से अधिक वह 35 वर्ष की लगती है, दमयन्ती न साहस कर पूछा—क्षमा करना मैं किसी के जीवन की उलझी गलियो मे जाना नहीं चाहती मात्र परिचय भर करना चाहती थी अभी पता न कितनी देर ठहरना पड तब बैठ बठे समय काटने के लिए आपसे चर्चा करने की रुचि लगी लेकिन आपके उत्तर से ऐसा लगा कि मैंने आपके पके फोडे को छू लिया।

महिला ने अपनी कुर्सी को पास खीचा और सदय होकर बोली–बहन ! माफ करना कभी कभी मनुष्य बिना बात कटु बनने को विवश होता है, आपने परिचय चाहा और मन अपने दुखडों को लेकर यह बताना चाहा कि जसे यातनाओ का महल मुझ पर ही टूटा है नारी हू कुछ समस्यायें तो नारी होने के कारण है कुछ समस्या अपने आप बनती है और बिगडती जाती है जिनको हम प्रयत्न कर भुलाने का प्रयत्न करते है। खैर फिर भी भूल भुलावे का परिचय दे रही हू, ऐसा परिचय जिससे कोई व्यक्ति प चाना नही जाता - हस कर दमयन्ती का हाथ हाथ मे लेकर बोली —आप देख रही हैं हमारे पूजा के स्थान यह राज भवन बन गए है फिर चाहे वह राष्ट्रपति का हो मन्त्री का हो या विधायक का। नहीं मैंने सुना है अनेकों कार्यकर्ता दलाल बनकर अपना देवालय खोल रहे है समस्यायें है और समस्याओ का निराकरण के लिए ये देवालय है जहा काम और नारी शरीर से खिलवाड की जाती है और आपकी माग म देव पूरी करते हैं। बहन जी, मैं एक अध्यापिका हू, ब्राह्मण कुल म ज म लिया है मेरा नाम कामायनी है लेकिन यह परिचय भी क्या लाभ देगा क्या याद रखेगी ? आज याद कल भूल जाएंगी, मेरी समस्या ही मेरा परिचय है—समस्या जो मेरे पति ने खडी की है उनको विश्वास है कि मेरा कई पुरुषों से सम्बन्ध है

, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

श्रोर उसने मुझे छोड़ दिया श्रोर नई शादी करली मुझ से 25000) रुपये का दहेज मिला तो अब 50 हजार लिए हैं। महिला विद्यालय में नौकरी करती थी पति की चारित्रिक शिकायत पर मुझे निलम्बित कर दिया है, मैं बच्चियों को पढ़ाने योग्य नहीं हूं मेरी उपस्थिति बच्चियों के चरित्र को नष्ट करेगी, को सबूत नहीं कोई नहीं कहता केवल वे कहते हैं। मने अपना केस पुटअप किया पूरा वर्ष निकल गया न कार्यवाही ही होती है श्रोर न निलम्बन ही हटता है। विधायक महोदय ने जब यह बात सुनी तो उनको भी विश्वास हो गया कि मेरे चरित्र में कहीं न कहीं दोष है श्रोर वे या तो मेरे केस को लम्बा कर रहे हैं या फिर अटकाये रखना चाहते हैं ताकि मैं बराबर आती रहूं। फिर उदास उन्निग्न होकर बोली—बहन माफ करना मैं बड़ी लम्बी हो गयी हूं लेकिन महीने में तीन चार बार इनको हाजरी देनी पड़ती है, श्रोर वह मात्र हाजरी ही नहीं शरीर को भी सौंपना पड़ता है क्या करुं ?

मुझे इससे आपस घृणा हो गयी है वैश्या तो हूं ही, लेकिन सचिवालय के चक्कर काटो तो शायद 10 वर्ष भी नहीं निपटे विधायक महोदय के आश्वासन पर चल रही हूं। बहन ! अब तो लगता है वे पूरे प्रयत्नशील हैं जल्दी ही कुछ न कुछ आदेश होगा, पर मैं बड़ी ताकत नारी के अंग में है श्रोर वह अंग देकर अपना काम करा लेती है।

दमयन्ती बड़े आश्चर्य से सारी कहानी सुन रही थी। उसने कहा—फिर भी साल भर से चक्कर लगा रही हो ! क्या सम्बन्ध टूटने का भय है क्या तुम्हारा काम हो जाए तो फिर इनसे नहीं मिलोगी ?

कामायनी—सच यह है कि वे मुझे चाहने लगे हैं श्रोर यही भय उनको सम्पान करा रहा है।

दमयन्ती—यदि प्यार हो गया तो तुम इनसे ही शादी क्यों नहीं कर लेती ?

कामायनी—कैसे विवाह करूं ? पहले से विधायक जी के एक पत्नी श्रोर एक पासवान है तीसरी मैं हूं। धर्म का आवरण कब तक

